khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 337 | 14 कल्कि में काम करना सम्मान की बात : अमिताभ

सुप्रभात रांची, शुक्रवार 21.06.2024
नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

न्यूज डायरी

शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को जमानत

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के लिए राहत भरी खबर है। दिल्ली शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गयी है। एक लाख के मुचलके पर केजरीवाल को जमानत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दी है। ईडी ने जमानत के विरोध के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। कोर्ट ने कहा कि ये दलीलें कल ड्यूटी जज के सामने की जा सकती है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि एक लाख रुपये के मुचलके पर कल शुक्रवार को केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते हैं।

बंगाल में अलग-अलग ठिकानों पर इडी की रेड

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के साथ ईडी के अधिकारी सबसे पहले हावड़ा जिले के सालकिया में मोहम्मद हुसैन के घर पहुंचे। इसके तुरंत बाद, सीएपीएफ कर्मियों के साथ ईडी की एक दूसरी टीम उसी जिले के लिलुआ में मनोज दुबे के आवास पर पहुंची। ईडी की तीसरी टीम ने कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके बेलघरिया में एक सॉफ्टवेयर कंपनी के कर्मचारी रमेश प्रसाद के घर पर भी इसी तरह छापे की कार्रवाई की।

लातेहार में घूस लेते पंचायत सेवक गिरफ्तार

लातेहार। बालूमाथ प्रखंड के सेरेगड़ा पंचायत के पंचायत सेवक अर्जुन राम को एंटी क्राइम ब्रांच की टीम ने 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वह एक लाभुक से पीसीसी पथ में भुगतान के एवज में घूस ले रहा था। दरअसल बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सेरेगड़ा पंचायत के बुकरू गांव में तारकेश्वर यादव के घर से लेकर जितेंद्र यादव के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण पंचायत स्तर से किया जा रहा था। काम पूरा होने के बाद लाभुक समिति के द्वारा जब भुगतान की मांग की जाने लगी तो पंचायत सेवक लाभुक समिति से रिश्वत मांगने लगा। लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू निगरानी विभाग से की। टीम ने जाल बिछा कर उसे रंगे हाथ धर दबोचा।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	68000 रु./10 ग्राम
चांदी	:	96000 रु./प्रति किलो

किसानों को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : सीएम

किसान समृद्ध, तो झारखंड मजबूत

समीक्षा बैठक

- एनपीए माफी पर बैंकों से बातचीत होगी
- किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध करायें

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिलेए इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें, क्योंकि किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी । सीएम ने गुरूवार को उच्च स्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के क्रम में ये बातें कही। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

पशुधन विकास योजना में तालमेल से काम करें

योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखती है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ी सामग्रियां उपलब्ध करायी जाये, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य के अलग अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नतायें हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर लेवल काफी नीचे है तो कहीं यह थोड़ा ऊपर है। ऐसे में किसी भी क्षेत्र में बोरिंग वहां के भूमिगत जल स्तर को देखते हुये किया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि लैम्प्स पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में सभी लैम्प्स पैक्स के नोटिस बोर्ड पर खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार की कृषि से जुड़ी योजनाएं तभी सफल होगी, जब किसानों को उसका पूरा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे में यह योजना इस तरह से क्रियान्वित हो कि किसानों को सुलभता के साथ पशु धन मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि पशु के साथ शेड और अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाये। इसमें सभी निदेशालय समन्वय बनाकर काम करे। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सीएम के सचिव अरवा राजकमल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, निबंधक, सहयोग समितियां सूरज कुमार, निदेशक कृषि कुमार ताराचंद, निदेशक पशुपालन किरण पासी, निदेशक, उद्यान फैज अक अहमद, निदेशक गव्य शाहनवाज अख्तर, निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी, निदेशक भूमि संरक्षण अजय कुमार सिंह, निदेशक, समेति विकास कुमार, जेएसएलपीएस के सीईओ संदीप सिंह और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।

एनपीए माफी पर बैंकों से बातचीत करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपए तक का ऋण माफ करने की योजना है। इससे पहले किसानों के 50 हजार रुपये तक का लोन माफ किया गया था। ऐसे में जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिये बैंकों से बातचीत करें, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाये।

अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है : मोदी

जम्मू-कश्मीर में सही मायने में अब संविधान प्रभावी

एजेंसी

श्रीनगर। लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय पहले दौरे पर गुरुवार को यहां पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है। सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने यह बात कही। मोदी ने कहा, जम्मू कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और यह सबकुछ हो रहा है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है।

भारत अब नये दौर में जा चुका है

मोदी ने लोकसभा चुनाव में केंद्र शासित प्रदेश में रिकॉर्ड मतदान का उल्लेख करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने इस लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की जीत सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, भारत अब स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे

हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू कश्मीर की आवाम की बहुत बड़ी भूमिका रही है।

डल झील किनारे आज मोदी के साथ 7000 लोग करेंगे योग

पीएम मोदी 21 जून को सुबह करीब साढ़े छह बजे श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को डल झील के किनारे योग करने के लिए 7,000 से अधिक लोग पीएम मोदी के साथ शामिल होंगे। पीएम लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भी भाग लेंगे। पीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। एसकेआईसीसी की ओर जाने वाली सड़कें सील कर दी गयी हैं। (शेष 13 पर)

झारखंड पुलिस जवानों के भी बनेंगे स्मार्टकार्ड

रांची। झारखंड पुलिस के जवानों के लिए खुशखबरी है। झारखंड पुलिस भी अपने जवानों के लिए स्मार्ट कार्ड बनाने जा रही है। भारतीय सेना की कैंटीन की तरह झारखंड पुलिस के जवानों को भी कैंटीन में कम दामों पर सामान मिलेंगे। राज्य के 40 हजार पुलिसकर्मियों को स्मार्ट कार्ड से फायदा होगा। अब झारखंड पुलिस के जवान पुलिस कैंटीन में स्मार्ट कार्ड के जरिये भी खरीददारी कर पायेंगे। स्मार्ट कार्ड पर खरीदारी सिर्फ पुलिस वाला और फिर उसका परिवारिक सदस्य ही कर सकता है। नई स्कीम के तहत कार्ड जारी होने के बाद जीएसटी में 50 प्रतिशत तक की भी छूट मिलेगी। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में आईजी मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि राज्य के सभी पुलिसकर्मियों को केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार की कैंटीन का कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है।

रांची समेत कई जिलों में झमाझम बारिश, राहत

कई इलाके जलमग्न, घंटों बिजली गुल, ठनका से दर्जन भर घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में गुरुवार को झमाझम बारिश हुई। तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश ने आग उगलती गर्मी से लोगों को राहत मिली। हालांकि मानसून पूर्व पहली तेज बारिश और हवा के कारण कई पेड़ और बिजली के तार टूट कर गिर गये। इससे राज्य के कई इलाकों में घंटों बिजली कटी रही। तेज बारिश के कारण कई इलाकों में पानी जम गया। नालियां बंद रहने के कारण निचले इलाके के घरों में पानी घुस जाने से लोगों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ी। खूंटी, पलामू, समेत राज्य के कई इलाकों में ठनका गिरने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये।

शहर के कई इलाके जलमग्न

रांची में तकरीबन एक घंटे तक जमकर बारिश हुई। बारिश के कारण रांची राजधानी के कई इलाके जलमग्न हो गयी। तेज बारिश में रांची के कई इलाकों में बिजली गुल हो गयी। कहीं-कहीं पेड़ के डाली भी टूट गये। बदले हुए मौसम में झारखंड में सभी जिलों का पारा 40 डिग्री से. नीचे आ गया है। गुरुवार को दोपहर के बाद बोकारो, गढ़वा, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, रांची, सिमडेगा और पलामू में जमकर बारिश हुई। वहीं किसी भी जिले में हीट वेब नहीं रहा। बारिश के बाद झारखंड में मौसम सुहाना हो गया। बारिश के बाद 6 डिग्री तक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के बाद अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री से. की गिरावट की संभावना है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन व आंधी के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक वर्षा 63.5 एमएम खूंटी में दर्ज की गयी।

26 जून तक बारिश के आसार

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 26 जून तक राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। शुक्रवार को राज्य के सात जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उत्तर-पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी भागों गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 3 से 4 दिनों में मॉनसून के झारखंड में प्रवेश करने की संभावना है। झारखंड बिहार के कुछ और हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

चार डीएसपी का तबादला

रांची। राज्य सरकार ने चार डीएसपी का तबादला किया है। रांची में विशेष शाखा में पदस्थापित डीएसपी समीर कुमार सवैया को लोहरदगा जिले के किस्को का डीएसपी बनाया गया है। इसी प्रकार सीटीसी मुसाबनी में पदस्थापित डीएसपी अनिमेष गुप्ता को बोकारो का डीएसपी मुख्यालय, पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मुजीबुर रहमान को विशेष शाखा रांची का डीएसपी और पलामू आईआरबी-10 में पदस्थापित डीएसपी बेनेडिक्ट मरांडी को गिरिडीह आईआरबी- 9 का डीएसपी बनाया गया है। इस संबंध में बुधवार देर रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

नीतीश को झटका, बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण का कानून रद्द

पटना। पटना हाइकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में एससी, एसटी, ईबीसी व अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण देने के कानून पर फैसला सुनाया है। इसे चुनौती देने वाली याचिकायों को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार के द्वारा लाये गये कानून को रद्द करते हुए बड़ा झटका दिया गया है। इस मामलें में गौरव कुमार व अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर फैसला 11मार्च, 2024 को सुरक्षित रख लिया था।

नीट पेपर लीक मामले की हाइलेवल कमेटी जांच करेगी

दोषियों बख्शा नहीं जायेगा, छात्र हित पहली प्रथामिकता : प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट पेपर लीक मामले पर कहा कि जीरो एरर परीक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम बिहार सरकार के संपर्क में हैं। एनटीए हो या एनटीए में कोई हो, दोषियो को बख्शा नहीं जायेगा। पीएम मोदी ने कहा कि छात्रों का हित हमारी पहली प्रथामिकता है। किसी भी गुनहगार को छोड़ा नहीं जायेगा। इस मामले पर राजनीति ना हो। इस पर अफवाह ना फैलाएं। हम उच्चस्तरीय कमेटी का गठन करने जा रहे हैं, जो एनटीए पर अपनी रिपोर्ट देगी। यह संवेदनशील मामला है। नीट-यूजी परीक्षा के बाद यूजीसी-नेट परीक्षा में गड़बड़ी के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग हो रही है। पेपर लीक के बाद विपक्ष भी सरकार पर हमलावर हो गया है। इसी मुद्दे पर गुरुवार को प्रधान ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। परीक्षा में पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया किया जायेगा। मोदी सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। सरकार

सरकार बिहार से संपर्क में

शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि नीट परीक्षा के मामले में हम बिहार सरकार के संपर्क में हैं। हमें पटना से कुछ सूचनाएं मिल रही हैं। पुलिस जांच कर रही है। हमने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पुख्ता सबूत मिलने के बाद पेपर लीक में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पेपर लीक की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनायी जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाये जायेंगे।

डार्क नेट पर पाया गया यूजीसी-नेट का पेपर

यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के संबंध में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यूजीसी-नेट का पेपर डार्क नेट पर चला गया था। जब यह स्पष्ट हो गया कि डार्क नेट पर उपलब्ध पेपर यूजीसी-नेट के मूल प्रश्नपत्र से मेल खाता है, हमने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने और पेपर लीक के विरोध में गुरुवार को विभिन्न राज्यों में छात्रों ने प्रदर्शन किया।

मामले की गंभीरता जांच करा रही है। (शेष 13 पर)

पारसनाथ की तराई में एनआइए का छापा

निशाने पर नक्सलियों के पनाहगार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची, गिरिडीह। नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों की गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का काम केंद्र और राज्य की एजेंसियों ने किया है। एनआइए भी नक्सलियों से जुड़े मामलों में कार्रवाई करती रही है। इसी तरह एक बार फिर एनआईए ने गिरिडीह के पीरटांड़ इलाके में दबिश दी है। एनआइए की टीम ने इलाके के चार लोगों के घरों की तलाशी भी ली है। तलाशी के दौरान टीम को अहम जानकारियां भी मिली हैं। एनआईए की टीम ने मधुबन में छापेमारी की है। कई लोगों को हिरासत में ले कर पूछताछ की। जांच टीम उन लोगों का पता लगा रही है, जो नक्सलियों को लेवी देते है या नक्सलियों को पनाह देते हैं। पारसनाथ का इलाका नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों में से एक रहा है। इस इलाके के कई नक्सली देश के अलग-अलग हिस्सों में आतंक फैलाते रहे हैं। (शेष 13 पर)

अमन साव गिरिडीह जेल शिफ्ट

मेदिनीनगर। कुख्यात डॉन अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गुरुवार को गिरिडीह शिफ्ट किया गया है। वह पिछले एक वर्ष से पलामू सेंट्रल जेल में था। यह दूसरा मौका है जब अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह भेजा गया है। दो वर्ष पहले अमन साव पर पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक को धमकी देने का आरोप लगा था। घटना के बाद अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से ट्रांसफर किया गया था। पालम सेंट्रल जेल के जेलर प्रमोद कुमार ने अमन साव को गिरिडीह जेल ट्रांसफर करने की पुष्टि की है। दो दिन पहले झारखंड के विभिन्न इलाकों में एनआईए ने अमन साव से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। उसमें पता चला कि अमन साव एक इंटरनेशनल डॉन के रूप निकल कर सामने आया है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से भी वह जुड़ा है।

भाजपा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो के बयान पर तीखा पलटवार किया

झामुमो अपने साढ़े चार वर्षों तक युवाओं के साथ किये अत्याचार को बताये : डॉ प्रदीप

भाजपा ने कहा कि झामुमो बताये कैसे उसकी सरकार ने जेपीएससी और जेएसएससी के जरिए नौकरियों को बेचा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो के बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर हिस्से, प्रत्येक विभाग में आकंठ भ्रष्टाचार करने वाले लोगो से केंद्र सरकार और अन्य एजेंसियों पर उंगली उठाना एक मजाक ही लगता है। यहां सौ चूहे खा कर हज यात्रा पर जाने वाली कहावत ही चरितार्थ होते दिखती है।

उन्होंने कहा कि आज एनटीए, यूजीसी, नीट पर सवाल खड़ा करने वाले झामुमो को बताना चाहिये कि कैसे उनकी सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य के बेरोजगार युवाओं को केवल ठगा है। झामुमो बताये कि कैसे जेपीएससी एजेएससीसी की परीक्षाएं बार बार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी। कैसे कई जिलों में सेंटर ही बिक गये। कैसे लगातार सीरीज में रॉल नंबर के परीक्षार्थी परीक्षा में पास हुये। कैसे गड़बड़ी वाले सेंटर के ओएमआर सीट गायब किये गये। उन्होंने कहा कि झामुमो बताये कि कैसे राज्य सरकार के दलालों बिचौलियों के व्हाट्स एप चैट में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र की बोली लगाई गई,

बेचा गया। उन्होंने कहा कि ये वही ठगबंधन सरकार है जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों पर लाठियां बरसायी। डराने-धमकाने केलिये मुकदमे दर्ज किये। उन्होंने कहा कि आज ये नीट, यूजीसी पर सवाल खड़े कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार इसपर पूरी तरह गंभीर है। नीट का मामला न्यायालय में दर्ज है। जो भी निर्देश आयेगा, केंद्र सरकार उसका पूरी तरह अनुपालन करेगी। ऐसा केंद्रीय मंत्री ने पहले ही कहा है। उन्होंने कहा कि नीट के संबंध में जो गड़बड़िया उजागर हुई है, उसमें इनके एलायंस पार्टनर आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव के सहयोगी का नाम उजागर हुआ है।अच्छा होता झामुमो इसपर अपनी प्रतिक्रिया देता। उन्होंने कहा कि यही आरजेडी है जिसने गरीबों की जमीन छीनकर नौकरी देने का ढोंग किया है। झारखंड में भी भ्रष्टाचार के पोषक बने हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री से इस्तीफा मांगने वाले को यह बताना चाहिए कि क्यों तुष्टिकरण के कारण भ्रष्टाचार में जेल गये मंत्री से इस्तीफा नही मांग सके। विभाग छीनने का नाटक करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी करारी हार से झामुमो बौखलाहट में है। अभी तक ट्रिपल टेस्ट नही करा पाने वाले लोग अब जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। निकाय चुनाव ट्रिपल टेस्ट के नही होने से बाधित है। ओबीसी आरक्षण निर्धारित नही हो पायाएनगर निकायों की स्थिति जनप्रतिनिधि के अभाव में नारकीय बनी है।

उन्होंने कहा कि ये लोग केवल दूसरे के पाले में गेंद डालकर अपनी जिम्मेवारी से भागना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ समझती है। ठगबंधन और इंडी एलायंस की नियत और नीति को राज्य की जनता पूरी तरह समझ चुकी है।

छात्रवृत्ति का भुगतान लंबित ना रहे : दीपक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। छात्रवृत्ति भुगतान किसी प्रकार से लंबित ना रहे, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। साथ ही जिला स्तर पर समन्वय स्थापित कर छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दें। ये बातें मंत्री दीपक बिरूआ ने कही। मंत्री गुरुवार को आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को निर्देश दे रहे थे। मंत्री के आदेश के बाद जिला स्तर पर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आदिवासी कल्याण आयुक्त ने उपायुक्तों को कहा है कि वे प्रत्येक जिला के सभी संकुल स्तर पर कैम्प लगाकर मिशन मोड़ में सभी छात्र छात्राओं का आधार कार्ड बनाने, आधार को बैंक खाता से जोड़ने, केवाईसी कराने, ऑनलाइन जाति और आय प्रमाण पत्र बनाने का कार्य करायें।

उपयुक्तों को लिखा पत्र, लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश : मंत्री के आदेश पर प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के वितरण को निर्धारित समय सीमा पर वितरित करने के लिए सभी उपायुक्तों को आदिवासी कल्याण आयुक्त ने पत्र लिखा है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं पूर्व के सभी लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान 15 जुलाई तक करने का निर्देश मंत्री ने दिया है। वहीं, 31 अक्टूबर 2024 तक शैक्षणिक सत्र 2024-25 का भुगतान भी पूरा करने के प्रति गंभीरता से कार्य करने की बात कही है। मंत्री ने उपायुक्तों से यह भी अपील की है कि सभी विद्यालयों के बाल संसद में एक छात्रवृत्ति मंत्री बनाया जाये। इससे छात्र छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति की जानकारी के साथ अपने छात्रवृति विषयक अधिकारों के प्रति भी जागरूक हो सकें।

झारखंड विस नियुक्ति घोटाला : सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

रांची। झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गई। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को राज्य सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस पूरी की। विस की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी। राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

जातिगत जनगणना कराने का प्रयास सराहनीय: प्रदीप यादव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जातिगत जनगणना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस विधायक दल के उप नेता प्रदीप यादव ने कहा कि इससे राज्य में रह रहे सभी वर्ग के लोगों के विकास का रास्ता खुल जायेगा, जिन्हें उनकी भीगीदारी के हिसाब से राज्य बनने के बाद अभी तक हिस्सेदारी नहीं मिली है। प्रदीप यादव गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। प्रदीप यादव ने कैबिनेट से प्रस्ताव पारित होने पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कैबिनेट के सदस्यों सहित कांग्रेस एवं गठबंधन में शामिल सभी दलों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया और आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर लगातार इसे लेकर सरकार से बात कर रहे थे।

श्री यादव ने कहा कि राहुल गांधी चाहते थे कि पूरे देश में जातिगत जनगणना हो, इसके लिए लंबा संघर्ष आज भी किया जा रहा है। झारखंड सरकार का यह निर्णय इस संघर्ष को भी प्रभावित करेगा और देश में संदेश देगा कि कांग्रेस की सरकार या गठबंधन की सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह गंभीर है।

जनगणना केंद्र सरकार का काम है लेकिन केंद्र द्वारा नहीं कराए जाने की स्थिति में राज्य सरकार ने रास्ता खोजा और कार्मिक विभाग को इसका जिम्मा सौंपा। वह पिछड़ा विरोधी और दलित विरोधी है।

नये क्रिमिनल लॉ पर ट्रेनिंग प्रोग्राम कल

रांची। झारखंड पुलिस के डीजी से लेकर एसपी रैंक अधिकारी नये क्रिमिनल लॉ को लेकर प्रशिक्षण लेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 जून (शनिवार) को अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में दिन के 11 बजे से ऑफलाइन आयोजित किया जा रहा है। गौरतलब है, कि नये क्रिमिनल लॉ को लेकर 18 जून को गृह सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। बैठक में गृह सचिव ने आदेश दिया था कि एसपी और उसके ऊपर रैंक के अधिकारियों के लिए नये क्रिमिनल लॉ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाये। इस आदेश के बाद एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

1 जुलाई से लागू होंगे तीनों नये क्रिमिनल लॉ : एक जुलाई 2024 से तीनों नये क्रिमिनल लॉ लागू हो जायेंगे। केंद्र सरकार की ओर से तीनों कानूनों को एक जुलाई 2024 से लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। तीनों नये आपराधिक कानून आईपीसी और सीआरपीसी की जगह लेंगे।

मॉनसून के मद्देनजर नाले नालियों की तलहटी से सफाई करायें : राजकमल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के सभी शहरी निकायों में मॉनसून के मद्देनजर नाले नालियों की सफाई कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना होगा। सभी निकायों में जलजमाव की समस्या की रोकथाम के उपाय किये जायेंगे। इसके लिए निकायों के अधिकारियों को प्रभार ग्रहण करने के साथ ही निर्देश भी जारी कर दिया गया है। नगर विकास सचिव अरवा राजकमल ने चंद्रशेखर से प्रभार ग्रहण करने के पश्चात यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पेयजलापूर्ति एवं सिवरेज संबंधी चालू योजनाओं को गति प्रदान कर उसका लाभ आमजनता को दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। राजकमल ने कहा कि नगर विकास से संबंधित दीर्घावधि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सुधारात्मक और साकारात्मक पहल की जायेगी।

सचिव ने कहा कि विभाग को नये कनीय अभियंताओं के पदास्थापन से विकास कार्यों के लिए बल मिला है। उन्हें प्रशिक्षित कर नगर स्तर पर होने वाले कार्यों की जवाबदेही सौंपी जायेगी। इससे स्थानीय स्तर के कामों में तेजी आयेगी। नगर विकास विभाग के कार्यों में अन्य विभागों के साथ संबंध रहता है। इसके लिए दूसरे विभागों के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं में तेजी लायी जायेगी। रांची पेयजलापूर्ति योजना फेज-एक के तहत राइजिंग पाइप बिछाने के लिए वैकल्पिक मार्ग की तलाष का काम चल रहा है। निकायों के अधीन जो भी पोखर तालाब हैं, उनकी सफाई और सुरक्षा का निर्देश जारी कर दिया गया है। साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपण करने का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि निकायों में स्ट्रीट लाइट के लिए भी जरूरी कदम उठाये जायेंगे।

पीएफ खाता धारकों के कुल जमा रकम पर 7.1 फीसदी ब्याज

रांची। राज्य के पीएफ खाता धारकों को झारखंड सरकार ने तोहफा दिया है। इसके तहत झारखंड सरकार के वित्त विभाग ने वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आगामी वर्षों के लिए स्वीकृत ब्याज दरों को लागू करने का आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड के सामान्य भविष्य निधि अभिदाताओं की कुल जमा रकमों पर दिये जाने वाले ब्याज की दर केन्द्र सरकार के अनुरुप दिए जाएंगे. वित्तीय वर्ष 2024-25 में 01 अप्रैल 2024 से 30 जून 2024 तक 7.1% स्वीकृत किया जाता है। यह दर 01 अप्रैल 2024 से ही लागू होगी। झारखंड सरकार के पेंशन एवं लेखा निदेशालय ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। वित्त मंत्रालय द्वारा सामान्य भविष्य निधि के अभिदाताओं की कुल जमा रकमों पर वित्तीय वर्ष 2024-2025 में दिनांक 01 अप्रैल 2024 से 30 जून 2024 तक 7.1% ब्याज दर की स्वीकृति दी गयी है।

खबर एक नजर में

नीट धांधली के खिलाफ विरोध मार्च आज

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस शुक्रवार 21 जून को नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ शहीद चौक से राजभवन तक विरोध मार्च आयोजित करेगी। इस कार्यक्रम के जरिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की जाएगी। यह कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे शहीद चौक से शुरू होगा। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दी है।

झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा कल्पना से मिला

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्यों ने गुरुवार को गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पाना सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता जिला सचिव सुजीत कुजूर, जिला मीडिया सदस्य विकास ने किया। सदस्यों ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में दीपक मुंडा, दीपक केरकेट्टा शामिल थे।

घंटी आधारित शिक्षक सीएम से मिले

रांची। संथाल परगना प्रमंडल सहित राज्य के विभिन्न जिलों से कल्याण आवासीय विद्यालयों में कार्यरत घंटी आधारित शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ से मुलाकात की। मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने अपनी समस्याओं के बारे में बताया। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने जल्द से जल्द उचित मानदेय तथा विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

शेषनाथ सिंह खरवार की जमानत याचिका मंजूर

रांची। पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल कृष्ण पातर उर्फ.राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने शेषनाथ सिंह खरवार को राहत देते हुए उन्हें जमानत प्रदान कर दी। शेषनाथ सिंह खरवार को 7 अक्टूबर 2017 को एनआईए ने गिरफ्तार किया था। ज्ञात हो कि 9 जुलाई 2008 को बुंडू के एसएस हाई स्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की हत्या कर दी गई थी।

गरीबों की योजना चलाने के लिए रोना रोती है राज्य सरकार और खुद का बढ़ाती है वेतन : बाबूलाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों की योजनायें चलाने के लिए पैसे का रोना रोती है। उन्होंने कहा कि जहां गठबंधन सरकार के पास महिलाओं को चूल्हा खर्च देने के नाम पर 2000 रुपए तक नहीं हैं, जहां बेरोजगारी भत्ता देने में सरकार की रूह कांप उठती है, जहां किसानों की 2 लाख तक कर्ज माफी करने में सरकार के पास पैसे नहीं बचते है, जहां गरीबों की थाली में 2 वक्त की रोटी मुहैया कराने में पैसे की कमी हो जाती है, उसी गठबंधन सरकार के लिए खुद के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम को महीने के 80,000 रुपये, मंत्री और राज्यमंत्री को 65,000 रुपये तथा विधायकों को 40,000 रुपये कम पड़ जाते हों, वहीं झारखंड की आम जनता के भविष्य और जीवन यापन के लिए सरकार के पास दो आना भी नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता जानना चाहती है कि जब बात खुद के इंतजाम की आती है तो इतने पैसे सरकार के किस बटुए में आ जाते हैं। सरकार के पास पैसों का कौन सा पेड़ है जो सत्ताधारियों-जन प्रतिनिधियों के लिए ही धन की वर्षा करता है कि सभी के वेतन में 20,000 रुपये का इजाफा किया जाता है।

जिला सहकारिता कार्यालय, लातेहार

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)

पत्रांक : – ..... दिनांक : –...../...../2024

जिला सहकारिता कार्यालय, लातेहार के द्वारा "Solar Powered Aata Chakki" लातेहार जिला अन्तर्गत क्रय एवं अधिष्ठापन करने हेतु इच्छा की अभियुक्ति आमंत्रित की जा रही है।

क्र०	विषय	विवरणी
1	कार्य	लातेहार जिला अन्तर्गत "Solar Powered Aata Chakki" का क्रय एवं अधिष्ठापन
2	निविदा की अवधि	02 वर्ष
3	प्रकाषन की तिथि	20.06.2024
4	निविदा शुल्क	एवं 10,000.00 (दस हजार) रूपये का Tender Processing Fee(नोन–रिफन्डेबुल) का बैंक ड्राफट जो जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार के नाम से भुगतेय होगा।
	अग्रधन की राषि	1,00,000.00 (एक लाख) रूपये का अग्रधन राषि (रिफन्डेबुल) का बैंक ड्राफट जो जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार के नाम से भुगतेय होगा। *Jharkhand MSME अंतर्गत निबंधित अधिकृत फर्म/संस्था/पार्टनरशिप/कम्पनी को अग्रधन में छूट दी जायेगी।
5	निविदाजमाकरने की अंतिम तिथि व समय	05.07.2024 अपराहन 5:00 बजे तक
6	निविदा खोलने का तिथि व समय	10.07.2024 पूर्वाहन 11 बजे
7	निविदा जमा करने का स्थान	जिला सहकारिता कार्यालय, लातेहार
8	निविदा खोलने का स्थान	जिला सहकारिता कार्यालय, लातेहार
9	सम्पर्क नम्बर	9431339904, 8969116202

PR 327062 Co-opretive(24-25)#D

जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार

हमारा हर एजेंडा झारखंड वासियों के प्रति है समर्पित : सुदेश कुमार महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची/ गिरिडीह। राज्य की उन्नति के प्रति हमारी सोच और हमारा ध्येय व्यापक है। हमारा हर एजेंडा राज्य और राज्यवासियों के प्रति समर्पित है। लोकसभा चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले सभी लोगों के प्रति हम अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। सुदूर गांवों में बसने वाले ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इससे लोकतंत्र को बल मिला है।शहर हो या गांव हमें सभी जगह के मतदाताओं ने अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है। उनकी सेवा और क्षेत्र का विकास हमारा दायित्व। हम इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डुमरी और गिरिडीह विधानसभा में आयोजित आभार यात्रा के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने डुमरी और गिरिडीह विधानसभा की जनता का लोकसभा चुनाव में चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में दिए जनादेश के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश लोगों को सकारात्मक धारा से जोड़ने की है। राज्य को विकास के हर मापदंड पर आगे ले जाने की हमारी तैयारी है। जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को दूर करने की दिशा में हम काम करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर विस्थापन और भूमि अधिग्रहण के मुद्दों पर हमारे सांसद मुखरता के साथ जनता की आवाज बनेंगे।

पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिनोद बाबू की हमेशा से यही सोच रही थी कि विकास की किरण जब तक अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचती है, तब तक इसके लिए लड़ाई लड़नी होगी और इस लड़ाई को लड़ने के लिए आजसू पार्टी का हर एक कार्यकर्ता तैयार है। उनके सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी राज्य के युवाओं पर है। युवा शक्ति के साथ मिलकर हम आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाएंगे।

जातीय सर्वेक्षण से ओबीसी समुदाय को न्याय मिलेगा : राजेश

रांची। प्रदेश में जातीय सर्वेक्षण करने के लिए कार्मिक विभाग को यह जिम्मेवारी कैबिनेट की बैठक में दी गई है। इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है। जातीय सर्वेक्षण हो जाने से ओबीसी समुदाय को न्याय मिलेगा और उनका जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी का रास्ता साफ हो जाएगा। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा इसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लगातार जातीय जनगणना करने के लिए धरना प्रदर्शन भुख हड़ताल, आक्रोश मार्च, सेमिनार सहित कई आंदोलन किया था। इसकी गूंज राष्ट्रीय स्तर पर भी गूंजी थी और राहुल गांधी ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर जोर-जोर से उठाया था।

झारखण्ड सरकार

कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचना

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–04रा(वि0), दिनांक–30.05.2024(तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वित्तीय वर्ष 2024–25) द्वारा जिला–लोहरदगा के मत्स्य कृशकों के लिये विभिन्न योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है। संबंधित योजनाओं हेतु राज्यादेशानुसार अहर्ता रखने वाले सुयोग्य मत्स्य कृशकों/मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योजनाओं हेतु आवेदन प्रपत्र/आवेदन का प्रारूप जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। म0जी0स0स0/सदस्यों द्वारा सादे कागज पर लिखित आवेदन भी मान्य होगा। सभी वांछित कागजातों के साथ प्राप्त आवेदन ही चयन प्रकिया में सम्मिलित किये जायेंगे। दिनांक–06.07.2024 को कार्यालय समयावधि तक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

योजनाओं की विवरणी निम्नलिखित है:–

क0	योजना का नाम	इकाई	काटि	इकाई लागत	राज्य सरकार का अनुदान	लाभुक अंशदान	अन्युक्ति
			796				
1	मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिये चप्पू नाव	सं0 में	2	मो0 33,000/– रु0 मात्र	मो0 30,000/– रु0 प्रति नाव	मो0 3000/– रु0 प्रति नाव	संबंधित योजनाओं में राज्यादेशानुसार अहर्ता रखने वाले आवेदकों को चयन में सम्मिलित किया जाएगा। योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आकर ली जा सकती है।
2	मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के लिये मोटरचालित नाव	सं0 में	1	मो0 4,14,000/– रु0 मात्र	90% अर्थात् मो0 3,72,600/– रु0 मात्र	10% अर्थात् मो0 41,400/– रु0 मात्र	
3	मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिये गिल नेट	सं0 में	5	मो0 590/– रु0 मात्र प्रति किया	90% अर्थात् मो0 2,655/– रु0 मात्र प्रति 5 किया	10% अर्थात् मो0 295/– रु0 मात्र प्रति 5 किया	
4	नए रिवराईन किश फार्मिंग/ओपन एरिया फार्मिंग	सं0 में	5	मो0 86,000/– रु0 मात्र	पूर्ण अनुदान	–	
5	केज रिपेयरिंग	सं0 में	10	अनुमानित लागत मो0 35,000/– रु0 मात्र	अधिकतम मो0 25,000/– रु0 मात्र अथवा वास्तविक व्यय	लागत की शेष राशि	
6	केज रिभॉडलिंग	सं0 में (केज बैटरी)	5	मो0 1,82,000/– मात्र	90% अर्थात् मो0 1,64,250/– रु0 मात्र	10% राशि	

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 327065 Lohardaga(24-25)D

झारखंड में मिनरल्स की पहचान और उपयोग औद्योगिक विकास को नयी गति देगा : एपी सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। टास्क फोर्स-सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन (झारखंड सरकार) और इसके टेक्निकल पार्टनर सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित सम्मेलन में एनर्जी ट्रांजिशन में झारखंड के क्रिटिकल मिनरल्स की भूमिका पर विशेष रिपोर्ट का विमोचन किया गया। रिपोर्ट में देश में डी-काबोर्नाइजेशन और क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन को गति देने में झारखंड के क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट का विमोचन राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष और उद्योग, खान एवं भू-तत्व सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, एनर्जी थिंक टैंक और सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने कहा कि यह रिपोर्ट बेहद सामयिक है। दुनिया भर में क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन के लिए क्रिटिकल मिनरल्स की भूमिका पर नए अन्वेषण, खनन-उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है, हालांकि इसकी सफलता कुशल संसाधन प्रबंधन पर निर्भर है। झारखंड में इन मिनरल्स की पहचान और उपयोग औद्योगिक विकास को नई गति दे सकता है। वहीं निवेश, रोजगार और औद्योगिक ढांचे के विकास के रास्ते खोल सकता है। इन संसाधनों से राज्य ही नहीं, बल्कि देश में ऊर्जा सुरक्षा एवं विकास के लक्ष्यों में मदद मिलेगी।

एपी सिंह ने कहा कि यह रिपोर्ट व्यापक शोध और इंटरनेशनल केस स्टडीज की विस्तृत समीक्षा के जरिए झारखंड में क्रिटिकल मिनरल्स की वर्तमान स्थिति एवं भावी परिदृश्य का विश्लेषण करती है। राज्य में जिन 12 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान की गयी है, उनमें तांबा, निकल, ग्रेफाइट, सिलिकॉन, लिथियम, वेनेडियम, कोबाल्ट, मॉलीब्लेन्डम, टाइटेनियम, जिरकोनियम, गैलियम, कैडमियम, टेलुरियम, सेलेनियम आदि प्रमुख हैं।

रिपोर्ट पर टास्क फोर्स-सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष एके रस्तोगी ने कहा कि झारखंड में क्रिटिकल मिनरल्स सम्पदा एवं मजबूत औद्योगिक संरचना है, इस क्रम में यह रिपोर्ट भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और मजबूत सप्लाई नेटवर्क के संदर्भ में राज्य के योगदान को नए सिरे से रेखांकित करती है। शोध-अध्ययन में झारखंड में स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में नवाचार, निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजित करने की क्षमता पर ध्यान दिया गया है, ताकि यह राज्य देश में नेट-जीरो एवं क्लाइमेट रिसिलिएंस इकोनॉमी के लक्ष्यों को हासिल करने में भूमिका निभा सके।

झारखंड सरकार के खान एवं भू-तत्व विभाग में खान निदेशक शशि रंजन ने इन मिनरल्स की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने और भारत के ऊर्जा लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने में राज्य की खनन क्षमताओं और बुनियादी ढांचे को इस लिहाज से उचित एवं प्रासंगिक बताया।

उद्योग विभाग के निदेशक सुशांत गौरव (आईएएस) ने एक स्वच्छ औद्योगिक ढाँचे को व्यापक बनाने में अनुसंधान एवं विकास और निवेश की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बेस्ट केस स्टडीज के अध्ययन और झारखंड में इनके अनुपालन पर जोर दिया।

सीड के सीईओ रमापति कुमार ने कहा कि यह रिपोर्ट झारखंड को फ्यूचर-रेडी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शोध-अध्ययन है।

राजधानी रांची में प्री मॉनसून ने गर्मी से दी राहत तो नगर निगम के कार्यों की भी खोल दी पोल

राजधानी के कई गली-मुहल्लों और सड़कों पर भारी जलजमाव

कांके, रातू और अरगोड़ा, शहर समेत नौ सीओ को रांची उपायुक्त ने किया शोकॉज

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची जिले के कई अंचल आधिकारी (सीओ) म्यूटेशन के मामले निष्पादित करने में सुस्त हैं। अंचलाधिकारियों की इस सुस्ती पर जिले के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने छह अंचलाधिकारी को शोकॉज किया है। डीसी की ओर से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि अंचल में काफी सारे म्यूटेशन के मामले लंबित है, जबकि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के अनुपालन को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया गया है, बावजूद म्युटेशन के मामलों का ससमय निष्पादन नहीं करना लापरवाही को दर्शाता है। डीसी ने स्पष्टीकरण में पूछा है क्यों नहीं झारखंड सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 अंतर्गत विलंब के लिए दोषी मानते हुए अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत अर्थदंड अधिरोपित की जाए। जिन सीओ को शोकॉज किया गया है उन्हें जवाब समर्पित करने का निर्देश दिया है। शहर अंचल, कांके अंचल, रातु अंचल, हेहल अंचल, बुंडू अंचल, अरगोड़ा अंचल, ओरमांझी अंचल, नामकुम अंचल, मांडर अंचल, बड़गाई अंचल में मामले लंबित हैं।

हाइकोर्ट में हाजिर हुए पेयजल सचिव और नगर आयुक्त, अगली सुनवाई में नगर विकास सचिव को बुलाया

शहर में पीने के पानी में गंदगी पर हाइकोर्ट से पहले विभाग का ध्यान क्यों नहीं जाता?

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची के जलश्रोतों के संरक्षण और रांची के तीन डैमों की साफ-सफाई और अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बुधवार के आदेश के आलोक में पेयजल विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के नगर आयुक्त कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए।

अदालत ने उनसे पूछा कि शहर में पीने के पानी में गंदगी पर हाईकोर्ट से पहले विभाग का ध्यान क्यों नहीं जाता? कोर्ट के संज्ञान के बाद ही विभाग क्यों जागा? इसके साथ ही अदालत ने दोनों अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अगली सुनवाई

के दौरान दोबारा कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया। साथ ही कोर्ट ने नगर विकास विभाग के सचिव को भी अगली सुनवाई में अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने गुरुवार को नगर आयुक्त और पेयजल विभाग के सचिव से पूछा कि बड़ा तालाब और डैमों की सफाई के लिए लॉन्ग टर्म प्लान क्या है तो दोनों अधिकारियों ने अदालत को बताया कि इसके लिए कई एजेंसियों से विचार विमर्श किया जा रहा है और इसमें नगर विकास विभाग की भी भूमिका है। नगर विकास विभाग जब तक सीवरेज का काम पूरा नहीं करेगा, तब तक जलाशयों को स्वच्छ रखने में दिक्कत होगी। जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई में नगर विकास विभाग के सचिव को भी हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। इस संबंध में झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से जनहित याचिका दाखिल की है। सिविल सोसाइटी की ओर से हाईकोर्ट की अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने पक्ष रखा।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नाम की कोई चीज नहीं रह गयी : हाईकोर्ट

झारखंड हाई कोर्ट ने बड़ा तालाब के पानी के प्रदूषित होने एवं लालपुर में नल से गंदे पानी के सप्लाई होने पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने मौखिक कहा है कि राजधानी रांची के लोग कब तक प्रदूषण पानी हवा की परेशानियां झेलते रहेंगे। लगता है कि राज्य में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नाम की कोई चीज नहीं है। कोर्ट ने मौखिक कहां कि सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर राजधानी वासियोंको स्वच्छ पानी देने एवं गर्मी जैसे मौसम में पानी की किल्लत नहीं होने का दावा किया जाता रहा है, लेकिन यह दावा हर साल फेल हो जाता है।

पेयजल समस्या से निपटने के लिए लॉन्ग टर्म प्रोग्राम की है जरूरत : रांची में पेयजल समस्य से निपटने के लिए सरकार को लॉन्ग टर्म प्रोग्राम बनाने की जरूरत है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि कई राज्यों में जल स्रोतों को वर्षों से बेहतर बनाया रखा जाता है, लेकिन रांची में बड़ा तालाब, कांके डैम जैसे जल स्रोत की सफाई का दवा किया जाता है लेकिन हर 6 माह के बाद फिर वही पानी में गंदगी की समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में विशेषज्ञ से राय लेकर रांची के बड़ा तालाब सहित अन्य जल स्रोतों के पानी को वर्षों तक पानी को शुद्ध बनाए रखने की पहल की जानी चाहिए। कोर्ट में सशरीर उपस्थित पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को कोर्ट ने निर्देश दिया कि वह पेयजल समस्या दूर के लिए लॉन्ग टर्म प्रोग्राम पर फोकस करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में नगर विकास विभाग के सचिव को भी सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इसके अलावा रांची नगर निगम के प्रशासक को भी उसे दिन फिर से उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

सचिव ने कहा- सीवरेज का गंदा पानी आ रहा नल में : कोर्ट के आदेश की आलोक में रांची नगर निगम के प्रशासक कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे कहा कि अभी मॉनसून आने वाला है, राजधानी में वर्षा होने पर सड़कों पर नाली का गंदा पानी आ जाता है, ऐसे में नाली की सफाई कर उसे दुरुस्त रखें ताकि गंदा पानी सड़क पर ना आए पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को कोर्ट ने लालपुर स्थित अप्सरा होटल के पीछे न्यू कॉलोनी में सप्लाई पानी आ रहा गंदा पानी को तुरंत दुरुस्त करने का आदेश दिया।

उपायुक्त ने भू-राजस्व मामलों की समीक्षा की लंबित मामलों का जल्द निष्पादन का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय में भू-राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में भूमि सीमांकन, लंबित दाखिल खारिज, लंबित प्रमाण पत्र के मामले, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के विभिन्न एजेंसियों को भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों से विशेष रूप से कहा कि भूमि का सीमांकन, दाखिल खारिज, रैयती जमीन पर लगान लगाकर सरकारी खजाने में लगान जमा कराएं। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न हो इसके लिए इसे सहेज कर रखना है, जितना भी भू-हस्तान्तरण भारत सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं में करना है, उसका भू-हस्तान्तरण कराएं। डीसी ने लंबित दाखिल -खारिज (लंबित 30 दिन बिना आपत्ति एवं लंबित 90 दिन आपत्ति) एवं भूमि सीमांकन के मामलों की सघन समीक्षा की। उन्होंने कार्य निष्पादन पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अंचल अधिकारियों को जल्द से जल्द लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन के मामले

का निष्पादन ससमय करने का निर्देश दिया। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन मामलों का निष्पादन ससमय नहीं होने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

किन मामलों में क्या निर्देश : अंचलों में चल रही महत्वपूर्ण योजना- सरकारी जमीन का अधिग्रहण एवं स्थानांतरण राज्य सरकार के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए अंचलों में जो महत्वपूर्ण योजनाएं बड़े पैमाने में चल रही हैं, उसे पूरा कराएं. लंबित प्रमाण पत्र (जाति, आय, आवासीय) अंचल में लंबित प्रमाण पत्र (जाति, आय, आवसीय) को ससमय बना कर देने का निर्देश। म्यूटेशन से संबंधित मामले -लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन, म्यूटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा गया।

राजस्व पदाधिकारियों के न्यायालयों की भी समीक्षा : विभिन्न स्तर के राजस्व पदाधिकारियों के न्यायालयों की समीक्षा, ई-कोर्ट के संबंध में अद्यतन स्थिति की समीक्षा में नियमित रूप से कोर्ट की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुराने वाद में नकल लेने वालों को क्रमवार नकल देने का निष्पादन करें। उन्होंने आपदा से संबंधित भुगतान का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया ताकि आपदा संबंधि भुगतान तुरंत किया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता रांची राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू मोहन लाल मरांडी, एलआरडीसी रांची मुकेश कुमार, एलआरडीसी बुंडू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्र, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रांची राजीव कुमार एवं सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने पहाड़ी मंदिर का सर्वे किया

रांची। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के आदेश के बाद पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने गुरूवार को पहाड़ी मंदिर का निरिक्षण किया एवं राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा, राजेश साहू, बादल सिंह एवं सभी सदस्यों के साथ बैठक की। मौके पर जिला पर्यटन पदाधिकारी शिवेन्द्र सिंह, जिला पर्यटन विशेषज्ञ रोशन कुमार एवं प्रिंसिपल आर्किटेक्ट एवं अर्बन प्लानर गौतम कुमार मोदी ने पहाड़ी मंदिर का सर्वे के बाद अधिकारियों ने बताया कि बहुत जल्द पहाड़ी मंदिर का सौंदर्यीकरण, विवाह मंडप, सभी दर्शनार्थियों के लिए आरामशाला, पहाड़ी कॉरिडोर एवं युवाओं के लिए सेल्फी पॉइंट और ध्यान केंद्र का काम शुरू होगा। इस मौक पर राजेन्द्र सिंह एवं मंदिर के पुजारी पिंटू बाबा, मनोज बाबा, कर्मचारी शेरू, प्रदीप, बेबी, मोहन आदि लोग उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता पहाड़ी मंदिर विकास समिति के बादल सिंह ने दिया।

शहीद चौक और खेलगांव में आयोजन

नाबार्ड महोत्सव में मिलेंगे रसायनमुक्त पके हुए आम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आम के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के तत्वावधान में 21 से 23 जून, 2024 तक आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रांची के शहीद चौक स्थित झारखंड राज्य सहकारी बैंक परिसर और खेलगांव के नेशनल हाउसिंग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आम महोत्सव होगा। इसमें राज्य के आदिवासी किसानों द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार के आमों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। आम महोत्सव का उद्घाटन 21 जून को सहकारी बैंक परिसर में सुबह 11 बजे निर्धारित होगा। शहीद चौक में मेला सुबह 11.30 बजे से शाम 8 बजे तक और नाबार्ड ऑफिसर्स क्वार्टर, खेलगांव में 22 और 23 जून, 2024 को सुबह 7.30 बजे से सुबह 10.30 बजे तक महोत्सव का आयोजन होगा।

यह उत्सव नाबार्ड वाडी परियोजनाओं के तहत समर्थित आदिवासी किसानों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो आम उगा रहे हैं। यह शहरवासियों को अच्छी गुणवत्ता और रसायन-मुक्त यानी कार्बाइड मुक्त आम प्रदान करेगा। इन आदिवासी किसानों को बिचौलियों और कमीशन एजेंटों से मुक्त होकर सीधे बाजार भी प्रदान करेगा। नाबार्ड झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय वर्ष, 2021 से हर साल रांची में आम महोत्सव का आयोजन कर रहा है।

आम महोत्सव में राज्य के विभिन्न नाबार्ड समर्थित वाडी परियोजनाओं द्वारा उगाए गए मालदा, हिमसागर, लंगड़ा, तोतापरी, आम्रपाली, मल्लिका आदि सहित आमों की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी। आम सीधे किसानों के खेतों से प्राप्त किए जाएंगे। उपज को पकाने के लिए किसी भी रसायन का उपयोग नहीं किया गया है। राज्य में 65,000 हजार जनजातीय परिवारों की लगभग 33,756 एकड़ जमीन में 16 लाख से अधिक फलदार वृक्ष लगाये गये हैं। इसमें औसतन प्रति जनजातीय परिवार 1 लाख से 1.50 लाख रुपये की वार्षिक आमदनी होने का अनुमान है। आम महोत्सव के दौरान रागी, शहद, सरसों तेल, घी, सब्जियां, जैविक चावल आदि की प्रदर्शनी और बिक्री भी की जाएगी।

रेलवे बोर्ड प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्पेशल ट्रेन चलायेगा

रांची। रेलवे की ओर से शुक्रवार 21 जून से अलग-अलग प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिये स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से सूचना जारी की गयी है। जिसमें बताया गया है कि गर्मी के दौरान देश भर में अलग-अलग प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रैक्टिस ऑफ इंजीनियरिंग, प्रोफेशनलिज्म इन प्रोजेक्ट मैनजमेंट के लिए ये ट्रेनें चलायी जा रही है। जिससे अलग-अलग क्षेत्रों से छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी न हो। परीक्षार्थियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे ने पूर्व मध्य रेल की 9 जोड़ी यानी 18 परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का फैसला लिया है।

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम ने कहा

मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना जल्द

सर्वजन पेंशन योजना से लाभान्वित सभी पेंशनधारियों का भुगतान सुनिश्चित हो

महिला सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने गुरूवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना की शुरूआत करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत

25 वर्ष से ऊपर तथा 50 वर्ष से कम उम्र की सभी वर्ग समुदाय की गरीब जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार झारखंड की महिलाओं के बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधारए महिला सशक्तिकरण, परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सभी वर्ग समुदाय के पात्र महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो। इस निमित्त विभाग अपनी पूरी तैयारी युद्धस्तर पर करना सुनिश्चित करे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करना भी आवश्यक है। विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार करने की कार्ययोजना बनाये। अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना से संबंधित सभी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हों।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इस योजना का एक बेहतर पोर्टल तैयार करें। उन्होंने कहा कि इस योजना के सफल संचालन के लिए जरूरी है कि महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एक बेहतर तालमेल और समन्वय के साथ योजना के संचालन को मूर्त रूप दें। उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी प्रकार की पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित पेंशनधारियों को पेंशन राशि का भुगतान निर्धारित समय पर करें। उन्होंने कहा कि अगले एक सप्ताह के भीतर लम्बित बकाया पेंशन राशि का भुगतान लाभुकों के खाते में हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, जैप आईटी के विशेष कार्य पदाधिकारी राजकुमार गुप्ता सहित संबंधित विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

रांची निगम का योग शिविर आज

रांची। रांची नगर निगम की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार की सुबह छह बजे से बड़ा तालाब के समीप योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के आयोजन में मोरहाबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम की भागीदारी रहेगी। इस शिविर में हर आयु वर्ग के लोग शामिल होंगे।

गुरु हरगोविंद जी का प्रकाश पर्व 22 जून को

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में 22 जून,शनिवार को छठे पातशाह श्री गुरु हरगोविंद जी का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। दीवान की शुरूआत सुबह 8:00 बजे से होगी और समापन 10:30 बजे होगा। इस मौके पर सत्संग सभा द्वारा मिस्सी रोटी एवं रायता का लंगर भी चलाया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दिया।

ई-साक्ष्य एप का मिला प्रशिक्षण

रांची। नए आपराधिक कानून को लेकर 163 मास्टर ट्रेनर को ई-साक्ष्य एप का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण गुरूवार को अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में दिया गया। जिसमें झारखंड पुलिस की पूर्व से चयनित प्रशिक्षण 163 मास्टर ट्रेनरों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में एडीजी आधुनिकीकरण और प्रशिक्षण सुमन गुप्ता आदि शामिल हुए।

दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में दोषी करार

रांची। दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या कर उसका शव कुआं में फेंक देने के 11 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर अभियुक्त सुकेन उरांव को अदालत ने दोषी करार दिया है। उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त मूलतः गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र के महादेव चुरिया गांव निवासी है। उस पर बेड़ो थाना क्षेत्र निवासी युवती के साथ पहले दुष्कर्म कर और साक्ष्य छुपाने के लिए पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को कुएं में फेंक दिया था। अभियुक्त हत्या के बाद से ही जेल में है।

नाबालिग के यौन शोषण मामले में युवक दोषी करार

रांची। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शादी का झांसा देकर नाबालिग का यौन शोषण करने के मामले के अभियुक्त देवलाल बेदिया को दोषी करार दिया है। उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 26 जून की तारीख निर्धारित की गई है। अभियुक्त पर अपने ही इलाके की रहनेवाली नाबालिग के साथ 2014 से 2016 दो साल तक लिविंग रिलेशन में रहने और बाद में शादी से मुकरने का आरोप है। अभियुक्त ने 20 जून 2020 को दूसरी लड़की से शादी कर लेने के बाद सिल्ली थाना में इस घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

गुजरात की महिला ने की आत्महत्या

रांची। राजधानी रांची के पंडरा इलाके में गुजरात की एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि गुजरात की महिला शादी कर देवी मंडप रोड में रह रही थी। मृतका की पिछले साल दिसंबर माह में शादी हुई थी। इस मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन रांची पहुंच रहे हैं। इस मामले को लेकर पुलिस ने बताया जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की है। फिलहाल पुलिस हर बिंदुओं पर जांच की है।

डाटा इंट्री को लेकर हुई समीक्षा बैठक

रांची। यूएपी एक्ट से संबंधित कांडों में आइ-एमओटी पोर्टल पर डाटा इंट्री को लेकर समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक गुरुवार को आईजी अभियान की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया। इस बैठक में जिला के एसपी और होमगार्ड एसपी शामिल हुए। गौरतलब है कि पिछले साल डीजीपी अजय कुमार सिंह ने यूएपी एक्ट के तहत अभियोजन स्वीकृति प्रस्ताव तैयार करने के लिए आवश्यक गाइडलाइन जारी किया था। डीजीपी द्वारा जिला के एसपी को निर्देश जारी कर कहा गया था कि एक्ट के तहत भेजे जानेवाले अभियोजन स्वीकृति के लिए प्रस्ताव में एकरूपता लाने के लिए एक चेक लिस्ट तैयार की गयी है। सभी एसपी को निर्देश दिया गया है कि जिले से इस एक्ट के तहत भेजे जा रहे अभियोजन स्वीकृति के प्रस्ताव की जांच कर ली जाए कि चेक लिस्ट के अनुरूप है या नहीं। पूरी तरह जांचने-परखने के बाद ही अभियोजन स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा जाए।

बाबूलाल मरांडी आज रॉक गार्डेन में करेंगे योग

भाजपा सभी 27 सांगठनिक जिलों और 513 मंडलों में आयोजित करेगी योग दिवस

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को रॉक गार्डेन में योग करेंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद दीपक प्रकाश विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्य के सभी 27 सांगठनिक जिलों एवम 513 मंडलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं योग दिवस कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक आरती कुजूर ने दी। उन्होंने बताया कि 21 जून को 10 वां योग दिवस कार्यक्रम सुबह 7 बजे 540 स्थानों पर मनाये जायेंगे।

डीएवी बरियातु में स्वागत सह फ्रेशर्स डे

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में सत्र 2024-2025 के ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए स्वागत सह फ्रेशर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. तापस घोष ने कहा कि सफलता के लिए निरंतर सीखते रहना जरूरी है। इसलिए रेगुलर क्लास करने से पढ़ाई की निरंतरता बनी रहती है और सीखने के ज्यादा-से-ज्यादा मौके मिलते हैं। प्रतियोगात्मक परीक्षाओं में सफलता के लिए जरूरी है कि एक-दूसरे से सीखें। बारहवीं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर ग्यारहवीं के विद्यार्थियों का स्वागत किया।

18 ड्रग इंस्पेक्टर बने डिप्टी डायरेक्टर ड्रग्स

रांची। स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने गुरुवार को राज्य के 18 ड्रग इंस्पेक्टर को अगले आदेश तक सहायक निदेशक ड्रग्स के पद पर प्रोन्नति देते हुए पोस्टिंग कर दी है। सभी राज्य औषधि नियंत्रण सेवा के अधिकारी हैं। अधिसूचना के मुताबिक गौरव कुमार सिंह को सहायक निदेशक औषधि दो कोल्हान प्रमंडल के पद पर पदस्थापित किया गया है। वही, मुंजपारा घनश्याम कुमार सवजी भाई को संथाल परगना प्रमंडल दो, प्रणव प्रभात को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल वन और शैल अंबष्ठा को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल दो में पदस्थापित किया गया है। इसी तरह कुंज बिहारी को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल 4, नसीम आलम को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल -6, अमित कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल दो, आलोक कुमार को पलामू प्रमंडल दो, प्रतिभा झा को पलामू प्रमंडल-वन, रामकुमार झा को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल तीन, उत्कल मणि को संथाल परगना प्रमंडल वन, डॉक्टर रामचंद्र बेसरा को कोल्हानपुर मंडल वन, रंजीत कुमार चौधरी को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल वन, विकास कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल-5, अमरेश कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल तीन, जया ग्लेडीस आईद को संथाल परगना प्रमंडल तीन, स्वपन निखिल ओड़ेया को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल 5 तथा डॉ अवधेश उरांव को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल 5 के पद पर पदस्थापित किया गया है।

टाटानगर होकर चलने वाली कुछ ट्रेनें आज से रद्द

रांची। पश्चिम मध्य रेलवे ने टाटानगर से होकर चलने वाली कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द किया है। भोपाल मंडल में विकास कार्यों के मद्देनजर इन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। ट्रेनें 21 जून शुक्रवार से रद्द रहेगी।

ट्रेन संख्या 18009	संतरागाछी अजमेर एक्सप्रेस 21, 28 जून को रद्द रहेगी।
ट्रेन संख्या 18010	अजमेर संतरागाछी एक्सप्रेस 23 और 30 जून को रद्द रहेगी।
ट्रेन संख्या 209710	उदयपुर सिटी शालीमार एक्सप्रेस 29 जून को रद्द रहेगी।
ट्रेन संख्या 20972	शालीमार उदयपुर सिटी एक्सप्रेस 30 जून को रह रहेगी।
ट्रेन संख्या 22830	शालीमार भुज एक्सप्रेस 29 जून और 6 जुलाई को रद्द रहेगी।
ट्रेन संख्या 22829	भुज शालीमार एक्सप्रेस 9 जून, 2, 6 व 9 जुलाई को रद्दद रहेगी।
ट्रेन संख्या 22169	रानी कमलापति संतरागाछी एक्सप्रेस 03, 10 जुलाई को रद्दद
ट्रेन संख्या 22170	संतरागाछी रानी कमलापति एक्सप्रेस 04 और 11 जुलाई को रद्दद

स्पीड न्यूज

खाताधारियों ने पोस्ट ऑफिस में जड़ा ताला

हरिहरगंज पलामू। शहरी क्षेत्र स्थित पोस्ट ऑफिस में खाताधारक जयप्रकाश सहित कई लोगों ने ताला बंद कर प्रदर्शन किया। मालूम हो कि जयप्रकाश का पोस्ट ऑफिस में रेकरिंग खाता है। जिसके भुगतान के लिए वह पिछले चार वर्षों से प्रयासरत है। परंतु ऑनलाइन लेजर तथा पासबुक की राशि एक समान नहीं रहने से भुगतान नहीं हो पा रहा है। पोस्ट ऑफिस में ताला बंद की सूचना मिलने पर पुलिस सब इंस्पेक्टर सतीश गुप्ता दलबल के साथ आकर ताला खुलवाये। उप डाकपाल बिरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त खाते की राशि भुगतान के लिए प्रधान डाकघर से आग्रह किया गया है। उधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि उप डाकपाल ने थाना में लिखित शिकायत की है। मामले की छानबीन की जा रही है।

सर्वेश्वरी समूह ने बांटे फल व सामग्री

विश्रामपुर (पलामू)। सर्वेश्वरी समूह की विश्रामपुर शाखा ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत मरीजों के बीच फल, पानी बोतल और हस्त पंखा का वितरण किया। इसके अलावा आयुष्मान वार्ड में भर्ती मरीजों को भी फल और खाद्य सामग्री दी। मरीजों के बीच वितरण विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। शाखा मंत्री नागेंद्र पांडेय ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह का 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत मरीजों के बीच फल पानी और पंखा का हमेशा वितरण करता है। समूह मानव सेवा के लिए हमेशा कार्य करता रहा है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ एम एन प्रसाद, डॉ अरविंद कुमार, आश्रम के सदस्य विनय पांडेय, दिलीप चंद्रवंशी, राजू पांडेय, डॉ अनूप कुमार,अभय चंद्रवंशी, विनोद तिवारी, चंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

खूंटीसोत नदी घाट पर श्मशान शेड और चबूतरा शीघ्र बनवाने की मांग

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 16 स्थित खुटिसोत नदी के शमशान घाट पर शेड और चार स्तंभ सहित एक चबूतरा निर्माण करने की मांग निवर्तमान पार्षद पूनम देवी ने किया है। इस संबंध में उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी दानिस हुसैन को एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में पूनम देवी ने कहा है कि शेड नहीं होने के कारण हर मौसम में दाह संस्कार करने में आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन से आग्रह किया है कि जनभावना का ख्याल रखते हुए इस सार्वजनिक कार्य को यथाशीघ्र कराया जाये।

सीओ ने ओवरलोड गिट्टी लदा ट्रैक्टर पकड़ा

हुसैनाबाद पलामू। सीओ पंकज कुमार ने एक गिट्टी लदे ओवरलोड ट्रैक्टर को बुधवार की रात पकड़कर हुसैनाबाद थाना में लगा दिया। जिला खनन पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया, हालांकि पिछले दिनों एसडीओ पियूष सिन्हा ने शांति समिति की बैठक सभी अधिकारियों उन्होंने एनजीटी नियम उल्लंघन करने वाले गाड़ियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी थी। इधर सीओ ने पूर्व से ऐसे मामले में लगातार कार्रवाई की है। उन्होंने बीते महीनों में कई वाहनों को जब्त और बालू भंडारण को मिट्टी में मिला दिया है। सीओ ने बुधवार की रात्रि में ओवरलोड गिट्टी लोड ट्रैक्टर को जब्त किया है।

1984 के पीड़ितों को इंसाफ दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे: सतनाम सिंह गंभीर

मेदिनीनगर। झारखंड उच्च न्यायालय ने अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय के माध्यम से याचिकाकर्ता सतनाम सिंह गंभीर को निर्देश दिया था कि वह जिलावार बतायें कि कितने पीड़ितों को मुआवजा नहीं मिला है। कोर्ट ने मुआवजा नहीं मिलने वाले पीड़ितों की सूची को प्रस्तुत करने का निर्देश प्रार्थी सतनाम सिंह गंभीर को दिया था। सतनाम सिंह गंभीर ने झारखंड के हर जिले में जाकर 1984 के पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर सूची इकट्ठी की जिन्हें आर्थिक नुकसान का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। आज ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष व याचिकाकर्ता सतनाम सिंह गंभीर और डाल्टनगंज के पीड़ित परिवारों की पैरवी कर रहे इंदरजीत सिंह डिंपल ने 1984 के पीड़ित परिवारों को इंसाफ दिलाने की पैरवी कर रहे अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय को 178 पीड़ितों की सूची सौंपी। ज्ञात हो कि सतनाम सिंह गंभीर लगातार सिख पीड़ितो को इंसाफ दिलाने के लिए लगातार झारखंड का दौरा कर रहे थे सतनाम सिंह गंभीर ने कहा कि ने दंगों के 40 वर्ष बाद भी इंसाफ न मिलना काफी पीड़ादायक है उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष अंतिम पीड़ित परिवार को इंसाफ मिलने तक जारी रहेगा। इस दौरान समाजसेवी रुपेश शर्मा मौजूद थे।

पलामू जिले में सिकल सेल एनीमिया के 34 लोग पीड़ित पाये गये : सीएस

मेदिनीनगर। पलामू जिले में सिकल सेल एनीमिया की जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूल, कॉलेज व छात्रावास के बच्चों की जांच तीव्र गति से की जा रही है। इसमें नवजात से लेकर 40 वर्ष तक के लोगों के रक्त की जांच की जाती है कि कहीं ये सिकल सेल से पीड़ित तो नहीं हैं। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि पलामू जिले में एक लाख लोगों को जांच का लक्ष्य रखा गया है। इसमें विगत तीन माह में 48029 लोगों की जांच की गयी है जिसमें 34 लोग कैरियर सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित पाये गये हैं। जबकि 10 लोग पॉजीटिव पाये गये हैं। बताया कि पीड़ित लोगों में लाल रक्त कोशिकाएं अर्द्ध चंद्राकार या हंसिया का आकार की होती है। आरबीसी पदस्थापित होने से पहले 120 दिनों तक जीवित रहती है लेकिन सिकल सेल आरबीसी केवल 15 से 20 दिनों तक ही जीवित रहती है। जिससे लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है। इसके बचाव के लिए जब लड़का लड़की की शादी अभिभावक करते हैं तो उससे पहले सिकल सेल एनीमिया की जांच करा लें ताकि उससे उत्पन्न बच्चे को सिकल सेल एनीमिया से बचाया जा सके।

सड़कों का निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित : सांसद

■ मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को लंबित कांडों का अनुसंधान शुरू कराने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के निर्माण में गड़बड़ी को लेकर चल रहे एसीबी जांच लंबित होने के कारण इन प्रखण्डों में सड़कों का निर्माण पलामू जिलांतर्गत पाटन, छतरपुर, विश्रामपुर, चैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण में हुई अनियमितता व संवेदक को गलत ढंग से लाभ पहुंचाने के संबंध में दर्ज कांडों के चलते उपरोक्त सड़कों का निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित है।

सड़क निर्माण के अभाव में लोगों को आवागमन में हो रही है परेशानी : बीडी राम

■ पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के निर्माण में गड़बड़ी को लेकर चल रहे एसीबी जांच लंबित से कार्य प्रभावित

सांसद ने अधिकारी-पदाधिकारियों को किया है सूचित : उपरोक्त विषय के संदर्भ में सांसद ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, झारखंड को पत्र लिखकर सूचित किया है कि इन सड़कों के निर्माण में बरती गयी अनियमितता इत्यादि के लिए वर्ष 2014 में विभिन्न थानों में कांड दर्ज किया गया और कालान्तर में इनका अनुसंधान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों को समर्पित कर दिया गया तब से आज तक इन कांडों का अनुसंधान लंबित है। उन्होंने लंबित कांडों का अनुसंधान शुरू कराने का निर्देश दिया है ताकि सड़कों का निर्माण कार्य हो सके।

राज्य सरकार के जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला स्वागतयोग्य

ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव पारित करे सरकार : ब्रह्मदेव प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। चंपई सोरेन के सरकार झारखंड में जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला किया है जो स्वागत योग्य है । पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश इसका स्वागत करती है । यह पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच का लगातार संघर्ष और आंदोलन का प्रतिफल है । चंपई सरकार से पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच यह मांग करती है कि जल्द से जल्द जाति आधारित जनगणना कराकर

ब्रह्मदेव प्रसाद।

ओबीसी को आरक्षण बढ़ाते हुए ट्रिपल टेस्ट कराकर निकाय चुनाव कराया जाए ताकि ओबीसी समाज को राजनैतिक भागीदारी मिल सके। उक्त बातें पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कही।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के घोषणा के पूर्व मंच यह मांग करती है कि जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी समाज को आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पारित कराया जाए ताकि ओबीसी समाज का राजनैतिक, शैक्षणिक, आर्थिक सामाजिक भागीदारी जनसंख्या के अनुपात में मिल सके। साथ ही शिक्षा संस्थानों में सरकारी नौकरियां में उच्च शिक्षण प्रस्थानों में ओबीसी को आरक्षण जनसंख्या के अनुपात में देने का प्रस्ताव पारित कराया जाये। साथ ही ओबीसी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक निशुल्क ओबीसी छात्रावास का निर्माण कराया जाए। यदि विधानसभा चुनाव के पूर्व आचार संहिता लगने से पहले उपरोक्त मांगों को सरकार अपने कैबिनेट में प्रस्ताव पारित नहीं कराती है तो पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच सरकार को जिला मुख्यालय से लेकर विधानसभा तक घेरने का कार्य करेगी और सरकार का विरोध करेगी।

200 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा सिर्फ छलावा जमीनी कार्यान्वयन शून्य है : कर्नल संजय सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अगस्त 2022 में 100 यूनिट मुफ्त बिजली योजना लागू किया था। फिर वर्तमान मुख्यमंत्री 25यूनिट बढ़ाते हुए 125 किया अब दो सौ करने जा रहे है। कर्नल संजय कुमार सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता और किसान ब्रिगेड के संरक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि ये जनता के कानों को खुश करने वाला योजना है जो अभी तक धरातल पर कार्यान्वित नहीं किया गया है। जब तक सभी उपभोक्ताओं का बिजली मीटर ठीक करके मासिक बिल निर्गत नहीं किया जायेगा तब तक यह योजना वोट के लिए झूठा वादा और छलावा नजर आता है। उन्होंने आज महा प्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति

ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह व अन्य।

क्षेत्र मेदिनीनगर को मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र के माध्यम से जिसकी प्रतिलिपि सीएमडी, जीएम और सभी अधिनस्थ पदाधिकारियों को भी दिया है, सभी उपभोक्ताओं के मीटर को ठीक कर विभाग द्वारा नियुक्त उर्जा मित्र को सक्रिय कर सभी घरों को मासिक बिल प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। इसके अलावा उन्होंने विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल जपला के सहायक विद्युत अभियंता (एसडीओ) राम प्रसाद महतो को हटाने का भी मांग किया है। उन्होंने कहा कि जपला में पदस्थापित सहायक विद्युत अभियंता श्री राम प्रसाद महतो जी ने जब से पदभार ग्रहण किया है तब से विद्युत विभाग कार्यालय जपला में इनका उपस्थिति बहुत कम देखने को मिल रहा है। चूंकि लॉगिंग कोड का ओटीपी इनके मोबाइल पर आता है, और ये अनुपस्थित रहते हैं जिसके कारण ऑनलाइन संबंधित कार्य नहीं हो सकता है।

200 केवीए का ट्रांसफार्मर जला, अंधेरे में शहर

हरिहरगंज पलामू। शहर के मेन रोड पुरानी बस स्टैंड स्थित 200 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। इससे शहर का बड़ा हिस्सा अंधेरे में है। इससे नगरवासी काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। एक ओर भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली आधारित व्यवसाय भी बंद पड़ा है। उधर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की समस्या को लेकर विभाग के पदाधिकारी तथा पलामू जिला विद्युत महा प्रबंधक से बात की है। उन्हें कल तक नया ट्रांसफार्मर मिलने का आश्वासन मिला है।

महान कर्मयोगी संत सुधीर भैया जी का मुंबई में असमय देहावसान

पीड़ित मानवता की सेवा कार्यक्रम को निरंतर संचालित करने का बीड़ा उठाया था

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर। महान कर्मयोगी संत सुधीर भैया जी का मुंबई में असमय देहावसान हो जाने की गुरुवार अहले सुबह मिली खबर से उनके प्रयागराज स्थित प्रेरणा परमार्थ आश्रम के पलामू गढ़वा सहित देशभर में फैले हजारों अनुयायी व प्रेरणार्थों स्तब्ध और शोकमग्न हैं। स्थानीय नप के रेहला में लगभग 52 वर्ष पहले सेंगर (क्षत्रिय) परिवार में जन्मे सुधीर भैया जी बाल्यकाल से ही धर्मानुरागी साधक रहे थे। किशोरावस्था आते आते वे काशी स्थित सर्वेश्वरी समूह धार्मिक पंथ से जुड़कर आदि गुरु किना राम व अघोरेश्वर भगवान राम के आदर्शों और सेवाभाव को जीवन का सार बना लिया। बाद में उन्होंने प्रयागराज में प्रेरणा परमार्थ आश्रम की नींव डालकर मानव सेवा और उत्थान को जीवन पर्यंत पालन में अहर्निश लगे रहे। इसके बाद उन्होंने मानव कल्याण और अभावग्रस्त मानव के उन्नयन को लेकर देशभर में अमरकंटक, महुआडांड़ सहित कई दूर दराज स्थानों पर आश्रम की शाखाएं स्थापित की।

इनके जरिए निरक्षर को साक्षर बनाने, उनके जीवन स्तर को उठाने, सैकड़ों निर्धन की कन्याएं के हाथ पीले करने जैसे जनकल्याणकारी व पीड़ित मानवता की सेवा कार्यक्रम को निरंतर संचालित करने का बीड़ा उठाया। यह अहर्निश जारी है। इधर, संत सुधीर के रेहला स्थित पैतृक आवास पर सुबह से शोक संवेदना जतानेवाले गढ़वा पलामू के सैकड़ों खास और आम शिष्य और प्रेरणार्थी का तांता लगा रहा। प्रयागराज आश्रम के हवाले से मिली खबर के आलोक में रेहला बेलचंपा से बड़ी संख्या में प्रेरणार्थी, संत परंपरा के अनुसार चिरनिद्रा में लीन सुधीर भैया जी की प्रयागराज आश्रम में होनेवाले समाधि कार्यक्रम में हिस्सा लेने देर शाम रवाना हो गये हैं। इनमें शामिल होनेवाले प्रमुख प्रेरणार्थी में दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी, फरटीया के चांसलर और क्षेत्रीय इकाई प्रमुख दिनेश सिंह, विधायक भानु प्रताप देहाती, पूर्व विस प्रत्याशी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह आदि हैं।

नीलांबर पीतांबरपुर मवि मैदान में योगाभ्यास आज

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबरपुर के मध्य विद्यालय मैदान में योग दिवस पर योगाभ्यास 21 जून को रखा गया है। इसकी जानकारी पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दी। उन्होंने पांकी विस क्षेत्र वासियों को योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जो जहां भी हो वहीं योगाभ्यास कर सकते हैं। कहा कि लोग योग को नियमित दिनचर्या में अपनाकर निरोग रह सकते हैं। उन्होंने नीलांबर पीतांबरपुर के लोगों को योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होकर योग कर निरोग रहने की अपील की है।

पाटन प्रखंड परिसर में आज मनेगा योग दिवस

पाटन पलामू। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में 10वां अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सुबह छह से सात बजे तक मनाया जायेगा। इसकी जानकारी पाटन बीडीओ मनोज झा ने दी। कहा कि उक्त तिथि को योग कार्य पूर्ण होने के बाद प्रखंड परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम होना है। उन्होंने पाटन प्रखंड सह अंचल कर्मी व पंचायत जनप्रतिनिधियों को उक्त निर्धारित तिथि को ससमय प्रखंड कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही है।

आंधी से दर्जनों पेड़ व बिजली के खंभे गिरे ग्रामीण क्षेत्र में 20 घंटे से विद्युत आपूर्ति बंद

राजेश प्रसाद

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की शाम हल्की बारिश के साथ तेज आंधी आयी। जिससे दर्जनों पेड़ धाराशाई हो गये। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 19 बिजली का खंभा उखड़ गया। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में करीब 20 घंटा से विद्युत आपूर्ति बाधित है। हालांकि विद्युत कर्मी विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए प्रयासरत हैं। वहीं अचानक आई आंधी से खाप कटैया के चंद्रदीप साव के घर का एस्बेस्टस तथा खपरैल छत पूरी तरह टूट गया। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर आधा दर्जन से अधिक कच्चे घरों का छप्पर नष्ट हो गया। जबकि खापकटैया गांव में बिजली का ट्रांसफार्मर व खंभा गीर गया। इससे घंटो आवागमन बाधित रहा। भाजयुमो नेता राजीव रंजन ने खाप कटैया के चंद्रदीप साव के घर जाकर नुकसान की जानकारी ली।

मोहम्मदगंज में दिव्यांगता जांच और उपकरण वितरण 16 जुलाई को

मोहम्मदगंज पलामू। स्थानीय बीआरसी में समावेशी शिक्षा के तहत स्कूलों के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं की दिव्यांगता जांच और आवश्यक उपकरण वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एम्लिको की भुवनेश्वर यूनिट की सहायता से बीआरसी स्तर पर इसके लिए सुबह 9 से 5 बजे तक इस प्रखंड मुख्यालय में 16 जुलाई को कैंप लगाकर दिव्यांग छात्र-छात्राओं की दिव्यांगता जांच होगी। तत्पश्चात आवश्यक उपकरण वितरण किया जायेगा।

कल स्थापना सह निर्मल महतो बलिदान दिवस मनायेगी आजसू

■ विधानसभा स्तर पर खुलेगा अपना सुदेश सहायता केंद

■ क्षेत्र की समस्याओं को ले आजसू मुखर : शिवपूजन

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। 22 जून आजसू पार्टी स्थापना दिवस सह निर्मल महतो की बलिदान दिवस को युवा दिवस के रूप में मनायेगी। इसे लेकर आजसू कार्यकर्ता सक्रियता से जुट गये हैं। ये बातें आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कही। वे स्थानीय बंशी बीघा स्थित अपने आवासीय पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कहा कि यह कार्यक्रम बंशी बीघा स्थित पार्टी कार्यालय में होगा। मौके पर उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में समस्यायों का अंबार लगा हुआ है। लोग प्रखंड, अंचल का चक्कर लगाते लगाते परेशान हो गये हैं।

कुराईन पतरा पंचायत सचिवालय में मासिक बैठक

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। ग्राम पंचायत कुराईनपतरा के पंचायत सचिवालय में बुधवार को कार्यकारिणी की मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया पूनम देवी ने की। बैठक में पंचायत की जनसमस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। विशेषकर पंचायत में पेयजल सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा हुई व इसके समाधान पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को कार्य योजना में शामिल करने के साथ अन्य जनहित मुद्दों पर निर्णय लिया गया। बैठक में वार्ड सदस्यों ने अपना मासिक मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं होने व इस संबंध में प्रखंड के सक्षम पदाधिकारियों से बात करने के लिए मुखिया को अधिग्रहित किया गया है।

तबादले के बाद किशुनपुर पिकेट प्रभारी के दी गयी भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। किशुनपुर पिकेट प्रभारी कुमार नीरज सिंह के तबादले के उपरांत किशुनपुर में बिदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया । समारोह में लोगों के द्वारा उन्हें फूल माला और अंगवस्त्र देकर कर सम्मानित किया गया।

मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इनके कार्यकाल में किशुनपुर क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रही। किसी भी घटना की सूचना मिलने पर तत्काल श्री सिंह वहां पहुंचकर विधि व्यवस्था संभाल लेते थे। लोगों ने पिकेट प्रभारी निरज सिंह के उज्ज्वल भविष्य का कामना किया। पिकेट प्रभारी ने कहा कि यहां के लोगों के दिये गये सहयोग व प्यार को भूला नहीं पायेंगे। मौके पर किशुनपुर पिकेट के पूर्व पिकेट प्रभारी बिनोद राम, किशुनपुर के पूर्व पिकेट उप प्रभारी संतोष कुमार, पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद) उमेश सिंह, जघासी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, डॉक्टर लालदेव मेहता, लोइंगा पंचायत के मुखिया गुड्डू यादव, प्रमेद्र राम, करमदेव , बीजेपी नेता गोपाल पासवान, निरंजन पासवान, लखन कश्यप, बबलू उपाध्याय, राजू माली, विकास साव, दीपू सोनी, शुभम क्रांति उपस्थित थे।

पिकेट प्रभारी की विदाई के मौके पर उपस्थित लोग।

पीएनबी की चैनपुर शाखा ने मृतक के परिजन को किया बीमा राशि का भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत चैनपुर पीएनबी शाखा द्वारा मृतक बबीता देवी के पति उमेश कुमार को बीमित राशि के रूप में दो लाख का चेक सौंपा गया। चेक बोकारो मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव एवं शाखा प्रबंधक सुषमा कुमारी ने दिया। शाखा प्रबंधक सुषमा कुमारी ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरका के बबीता देवी पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना बीमा कराईं थी।

वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। बबीता के पति ने उसकी

चेक देते शाखा प्रबंधक।

मौत की सूचना बैंक प्रबंधक को दिया। चैनपुर पीएनबी के शाखा प्रबंधक की सक्रिय पहल से मृतक बबीता के पति उमेश कुमार को दो लाख रुपए का चेक बीमित राशि के रुप में दिया गया। इस मौके पर राजीव कुमार रंजन, उपेन्द्र कुमार ठाकुर, अभिषेक सिन्हा, निर्मला देवी,सूरज कुमार, प्रेम रंजन तिवारी मौजूद थे।

सुप्रभात

शुक्रवार 21.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 62

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

क्रिकेट मैदान में दो डगआउट का कराया गया निर्माण

गिरिडीह। गिरिडीह रोटरी द्वारा गिरिडीह कॉलेज के क्रिकेट मैदान में दो डगआउट का निर्माण कराया गया है। जहां एक डगआउट में 19 लोग बैठ सकते हैं। जिसका इनॉग्रेशन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एसपी बगड़िया के द्वारा किया गयाए वहां एक बाथरूम का भी निर्माण कराया गया है। यह पूरा कार्यक्रम प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास बसईवाला की देखरेख में पूरा हुआ।इसे सफल बनाने में प्रेसिडेंट मनीष तर्वे का सफल योगदान रहा। मौके पर सेक्रेटरी आशीष तर्वेए अंशुल जैनए आभिषेक जैनए राजेश जालानए मनीष बरनवालए विकास बगड़ियाए मयंक राजगढ़ियाए रोहित जैन गौरसरियाए नरेंद्र सिंहए मनजीत सिंहए रंजना बगड़ियाए तरनजीत सिंह तरण खालसाए सिद्धार्थ जैनए शंभू जैनए प्रदीप डालमियाए मनीष केडिया आदि मौजूद थे।

सुदेश महतो की आभार यात्रा

राजगंज। एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी का गिरिडीह लोकसभा से दूसरी बार सांसद बनने पर राजगंज बाजार में दुर्गा मंदिर से थाना कुल्ही तक आभार यात्रा निकाली गयी।। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने राजगंज क्षेत्र की जनता को भारी बहुमत से एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए आभार प्रकट किये। नवनिर्वाचित सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी जी ने गिरिडीह से दोबारा सांसद बनाने के लिए क्षेत्र के जनता को आभार प्रकट किये। आभार यात्रा में मुख्य रूप से शंकर किशोर महतोए संतोष महतोएमहेन्द्र प्रसादएराहुल महतोए प्रमोद चौरसियाए गिरधारी महतोएनरेश महतोए जगन्नाथ महतोए रणजीत सिंहए गौतम सावए सूरज सोनीए शिवप्रसाद वर्माए जितेंद्र महतोए शिव शंकर शर्माए रेखा देवीए कौशल्या देवी सहित बड़ी संख्या संख्या मे महिलाए पुरुष मौजूद थे।

मटकुरिया गोलीकांड में अनुसंधानकर्ता की गवाही

धनबाद । मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी के अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंहए मन्नान मल्लिकए व अन्य हाजिर नहीं थे। लगातार दूसरे दिन मामले के अनुसंधानकर्ता शिव शंकर तिवारी का बयान दर्ज किया गया ।आज भी समयाभाव के कारण आईओ का मुख्य परीक्षण पूरा नहीं किया जा सका । अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश देते हुए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की है ।मालूम हो की 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आरण्के धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी।

लोदना अस्पताल के सीएमओ का घेराव

जोड़ापोखर। लोदना क्षेत्रीय अस्पताल जेलगोरा में गुरुवार को यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के बैनर तले श्रमिको ने सीएमओ का घेराव किया ।यूनियन प्रतिनिधि ने कहा कि अस्पताल में रात्रि पाली में कोई भी डॉक्टर नही रहता हैएजिसके चलते कई मरीजो की जान चली गयी हैएडॉक्टर की रात्रि में नियुक्ति नही होती है तो हमलोग आंदोलन में जायेगे ।मौके पर उपस्थित सीएमओ यू मल्लेस ने यूनियन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही रात्रि पाली में डॉक्टर मुहैया कराई जाएगीएसाथ ही कहा कि डॉक्टर की नियुक्ति नही होने तक रात्रि में डॉक्टर ऑन कॉल जाएंगे।

मादक पदार्थों की रोकथाम के लिये जिला प्रशासन का अभियान, टाउन हॉल में कार्यशाला

हम सब का एक ही नारा नशा मुक्त जीवन हो हमारा

विशेष संवाददाता

धनबाद। सूर्यास्त होते ही नशीले पदार्थों के सेवन के आदि बन चुके कोयलांचल के श्रमिकों और युवा पीढ़ी को इससे बचाने के लिए जिला प्रशासन में मुहिम शुरू की है। इसमें समाज के सभी वर्गों को जोड़ा जा रहा है ताकि इसके दुष्प्रभावों को जन जन तकंपहुँचाया जा सके। इस संबंध में आज जिला समाज कल्याण एवं जिला जनसम्पर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्राए सिटी एसपी अजित कुमारए डालसा के डॉ कुमार विमलेंदु समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को पीपीटी के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी गई। साथ ही उपायुक्तए सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालय से आए छात्र.छात्राओं ने मादक पदार्थों के विरुद्ध न्यू टाउन हॉल में हस्ताक्षर अभियान हेतु लगाये गए हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर इस मुहिम में शामिल हुए ।बच्चों ने संकल्प लिया कि जीवन मे कभी भी किसी प्रकार के नशे दूर रहेंगे और समाज के और भी साथियों को इसके प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तहत जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण विभागए जनसम्पर्क कार्यालयए जेएसएलपीएस की महिला संगठनोंए पंचायती राज संस्थाओंए शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने.अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसके चपेट में भी नहीं आए हैं उन्हें भी इनसे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है।

ये लोग थे उपस्थित

कार्यशाला में सिटी एसपी अजित कुमारए डालसा से ;स.।क्ैध्द डॉण कुमार विमलेंदुए निदेशक डीआरडीए श राजीव रंजनए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूरए जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंहए डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजनए सहायक नगर आयुक्त श्रीमती संतोषिणी मुर्मूए डीएसपी मुख्यालय.1 शंकर कामती समेत अन्य पदाधिकारी एवं युवा छात्र.छात्राएं शामिल हुए।

नशा के खिलाफ समाज को करें जागरूक

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त सुश्री मिश्र ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करनेए इसके व्यापार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ.साथ समाज कोए विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में शिक्षकों की भूमिका अहम हो जाती हैए सभी शिक्षक छात्रों को अच्छी शिक्षा दे एवं उनपर ध्यान भी दे क्योंकि इस उम्र में बच्चे अक्सर नई चीजों की तरफ आकर्षित होते हैं ओर कई बार गलत चीजों की तरफ चले जाते हैं जिससे उनके भविष्य अधर में चली जाती है।

नागरिकों की भूमिका अह्म : सिटी एसपी

सिटी एसपी अजित कुमार ने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन के अलावा समाज के नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता.पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने.अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें साथ साथ अपने आस पड़ोस के बच्चों पर भी नजर रखें। ताकि आपके बच्चों के साथ साथ समाज के बच्चों को भी नशा एवं मादक पदार्थों से दूर रखा जाए। यदि कोई बच्चे आपको नशे के शिकार में दिखते हैं तो अवश्य हमे सूचना दे ताकि उन्हें इन चीजों से दूर रखा जाए। समाज के प्रति अपनी जिमेदारी अवश्य सुनिश्चित करें।

भाकपा माले ने मनाया प्रतिवाद दिवस

लेखिका अरुंधति राय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मुकदमे को रद्द करने की मांग की

विशेष संवाददाता

धनबाद। जिला मुख्यालय के रणधीर वर्मा चौक पर गुरुवार को प्रतिवाद दिवस मनाया गया ।इस कार्यक्रम में दमनकारी कानूनों को खत्म करों ।सभी राजनीतिक केदियों को रिहा करो ।एन डी ए सरकार की तानाशाही नही चलेगी आदि नारा लगा रहा थे। प्रतिवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि 2024 के चुनाव में भाजपा को देश की जनता पुरी तरह से नकार चुकी हैएऔर जेसे तेसे करके मोदी सरकार बना ली हैए लेकीन आज भी मोदी सरकार का तानाशाही जारी हैं। अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार लोकतंत्र एवं संविधान पर हमले कर रही है। पार्टी मांग करती है कि अरुंधति रॉय एवं शेख शौकत हुसेन के खिलाफ यू ए पी ए के मुकदमें को रद्द करो। काला कानून को खत्म करो। सभी राजनीतिक केदियों को रिहा करो। कार्यक्रम में जिला सचिव कार्तिक प्रसादए नगर सचिव नकुलदेव सिंहए दिलीप रामए अजरानी निशानी सरोज देवी संदीप कौशलए दिनेश दास रंजीत दास यमुना शर्मा बीआर सिंह आदि मौजूद थे।

भुदा महावीर नगर तालाब की हो रही बिक्री

धनबाद। शहर में भू माफियाओं का आतंक जारी है। सरकारी और गैर आबाद खाते की जमीन के साथ साथ तालाब की जमीन की भी खरीद बिक्री जारी है। ताजा मामला भुदा माहावीर नगर का सामने आया हैए जहां तालाब की जमीन का अतिक्रमण कर भवन निर्माण का कार्य चल रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी नगर निगम को की तब जाकर अधिकारियों की निंद खुली। लोगों ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान इस मामले को लेकर निगम में विरोध दर्ज करा चुके है। हमारा नारा था तालाब अतिक्रमण मुक्त नहीए तो वोट नही। लेकिन उस समय निगम के अधिकारियों ने तालाब की जांच नहीं करायी।

हीरापुर की दुकानों पर फिर चला बुलडोजर

सात अवैध दुकानों को हटाया

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद शहर में सड़कों पर दुकान लगाने और नगर निगम द्वारा उसे हटाने का लुकाछिपी का खेल जारी है । निगम की टीम ने गुरूवार को हीरापुर विवेकानंद चौक के समीप सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। सड़क का अतिक्रमण कर झोपड़ीनुमा दुकान लगाने वाले सात दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाई की गई। टीम ने जेसीबी लगाकर सभी दुकानों को ध्वस्त कर दिया और उसके मलवे अपने साथ ले गई। टीम का नेतृत्व कर रहे सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि इन सभी दुकानदारों को पूर्व में दुकान हटाने की सूचना दे दी गई थीए इसके बाद बजी किसी ने दुकान नहीं हटाया था। जिसके बाद आज बलपूर्वक दुकान खाली कराया गया है। इतना ही नहीं इनसभी ने अपनी अवैध दुकानों में बिजली का कनेक्शन भी ले लिया था। इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी जायेगी। सड़क को अतिक्रमण करने की छूट किसी को नहीं दी जायेगीए इससे आवागमन बाधित होता है। निगम का अभियान आगे भी जारी रहेगा। लोदना क्षेत्रीय अस्पताल जेलगोरा में गुरुवार को यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के बैनर तले श्रमिको ने सीएमओ का घेराव किया ।यूनियन प्रतिनिधि ने कहा कि अस्पताल में रात्रि पाली में कोई भी डॉक्टर नही रहता हैएजिसके चलते कई मरीजो की जान चली गयी हैएडॉक्टर की रात्रि में नियुक्ति नही होती है तो हमलोग आंदोलन में जायेगे।

मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर उपस्थित सीएमओ यू मल्लेस ने यूनियन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही रात्रि पाली में डॉक्टर मुहैया कराई जाएगीएसाथ ही कहा कि डॉक्टर की नियुक्ति नही होने तक रात्रि में डॉक्टर ऑन कॉल जाएंगे। मौके पर डॉक्टर रवि रंजन यूनियन के सत्येन्द्र गुप्ता उचित महतो गणेश पासवान कृष्णा पासवान कौशिक राजन मनीष कुमार आदि थे।

विकास योजनाओं का काम तेज करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने जिले के विकास से संबंधित योजनाओंके त्वरित कार्यान्वयन का निदेश दिया है ।सुश्री मिश्र आज समाहरणालय के सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक को सम्बोधित कर रही थी।

बैठक के दौरान धनबाद जिलान्तर्गत पीएचईडी.1एवं2 के कार्यपालक अभियंताए कृषि पदाधिकारीए भूमि संरक्षण पदाधिकारीए कार्यपालक अभियंता ;यांत्रिकद्धए लघु सिंचाईए जिला पंचायती राज पदाधिकारीए कार्यपालक अभियंता एनआरइपीएसहकारिता पदाधिकारीए समेत अन्य विभाग के पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त अतिआवश्यकध्महत्वपूर्ण एवं जनोपयोगी योजनाओं;डपेपदह ळंचद्ध के प्रस्ताव की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि चयनित योजनाओं को जिला योजना समिति की बैठक में पारित करा कर उसका क्रियान्वयन कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि कई ऐसी योजनाएं हैंए जिसका क्रियान्वयन अति आवश्यक हैए ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन करें।

बैठक में ये लोग थे मौजूद

बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवरए नगर आयुक्त श्री रविराज शर्माए जिला योजना पदाधिकारी श्री राज कमकर शर्माए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर कृषि पदाधिकारी गव्य एवं पशुपालन पदाधिकारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चिरकुंडा कार्यपालक अभियंता विद्युत मौजूद थे।

नाटक से बौद्धिक विकास का बीजारोपण : वशिष्ठ

नाट्यकर्मी सोन गौरव नाट्य सम्मान से सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद । किसी भी अवस्था ए सत्य एवम काल्पनिक जगत की अनुकृति ही नाटक है । यह समाज में संचार माध्यमो द्वारा पनप रही सडी गली अपसंस्कृति ए खासकर युवा जनमानस को विकृत करने वाली संस्कृति के विपरीत एक स्वस्थ संस्कृति का निर्माण करता है । नाटक से जैविक संतुष्टि के साथ ही साथ बौद्धिक विकास का बीजारोपण होता है ।निश्चित रूप से नाटक जन जारूकता का सबसे सशक्त माध्यम है। यह सामाजिक कुरीतियों एवम गहरी खाई को पाटने का काम करता है ।नाटक एक शिक्षा है और इससे छात्र छात्राओं को नई सिख मिलती है । वास्तव में यह सामाजिक संरचना का प्रति बिम्ब है। व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करता है उक्त बाते कला निकेतन के निर्देशक वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा ने कही। निर्देशक वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा को ष्सोन गौरव नाट्य सम्मानष मिलने पर भूली मे हर्ष का माहौल है। नव संकल्प मंच की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कर वशिष्ठ प्रसाद को सम्मान विधायक राज सिन्हा ने अपने हाथों से दिया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का स्वागत संस्थ के जिनेंद्र कुमार व अध्यक्षता नव संकल्प मंच के अध्यक्ष पंकज कुमार ने किया। विधायक राज सिन्हा ने कला को और आगे बढ़ाने के लिए कला निकेतन को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव संकल्प मंच के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंहए स्वागत भाषण सचिव जितेंद्र कुमारए संचालन मानस रंजन पाल तथा धन्यवाद ज्ञापन मनमोहन सिंह ने किया।

मौके पर थे मौजूद

मौके पर मनोज मालाकारए कला निकेतन के संरक्षक राजेंद्र कुमारए अध्यक्ष कमलेश पांडेए नूतन सिन्हाए दुलारचंद यादवए भीम महतोए सुमन सिंहए मनोज गुप्ता के अलावे नव संकल्प मंच के संरक्षक नीलूकांत सिन्हाए राणा दत्ताए बादल हेमराजए जितेंद्र कुमार सिंहए राजदेव रामए बप्पी दत्ताए विक्की रॉय समेत कला निकेतन के सभी कलाकार उपस्थित थे।

जिंदगी और मौत से लड़ रहे लोगों के लिए एक आस

झरिया कोलफील्ड बचाव समिति ने की बड़ी पहल

● डालसा 29 जून को लगायेगा विशेष लोक अदालत

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद कोयलांचल के जिस कोयले से पूरा देश रौशन हो रहा हैए उसी कोयला उत्खनन क्षेत्र के लोग आज भी बेबसी की जिंदगी जीने के लिए मजबूर है। भूमिगत आगए धूलए धुंआ के बीच हजारों लोग आज भी गुजर बसर कर रहे है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों का सबसे बुरा हाल बरसात के दिनों में होता है। जब बारिश के दौरान घर के आंगन या सड़क पर अचानक गोफ बन जाता है। इन विस्थापितों को बसाने की सरकारी योजनाएं भी अभी तक फिसड्डी साबित हुई है। इन्हीं मुद्दो को लेकर झरिया कोलफील्ड बचाव समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने डालसा के सचिव राकेश रोशन से मुलाकात की। उन्होंने रैयतों और गैर रैयतों की परेशानियों और स्थानीय अदालतों में चल रहे मुकदमो से अवगत कराया। जिसमें अग्नि प्रभावित एवं भूधसान क्षेत्रों में आम लोगों की परेशानीए केंद्र सरकार की एलएआरआर 2013 का अनुपालन नहीं होनाए राष्ट्रीयकरण कानून की आड़ में रैयतों की जमीन को अपना बताना आदि समस्याएं शामिल है। इस पर डालसा सचिव ने कहा कि इस विषय पर बीसीसीएलए जेआरडीए ए स्थानीय प्रशासन तथा सभी संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर तथा विशेष लोक अदालत के माध्यम से मामले का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर 29 जून को को भी विशेष लोक अदालत लगायी जायेगी। आवश्यकता हुई तो भविष्य में विशेष लोक अदालतें गठित की जायेंगी।

पीड़ित पक्ष यहां कर सकते है संपर्क

कोलफील्ड बचाओ समिति ने पीड़ित पक्षों के लिए फोन नंबर जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि रैयत या गैर रैयत जिनके ऊपर किसी प्रकार का मुकद्दमा होए जो बीसीसीएल द्वारा जमीन एमकानएऔर दुकान को हटाकर किसी भी प्रकार का मुआवजा नही मिला है या आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा जबरन जमीन कब्जा कर लिया गया है तो वैसे व्यक्ति विशेष लोक अदालत शामिल हो सकते है। साथ ही कोलफील्ड समिति के अध्यक्ष के फोन नंबर 7004225820ए रवि केशरी;झरियाद्धए 8092926326ए शंभु बर्नवाल ;भौराद्ध 9334262511ए राकेश सिन्हा ;राजापुरद्ध 7870172801ए सदानंद बोस ;राजपूत बस्तीद्ध. 8987425168 पर संपर्क कर अपने विवाद की कॉपी उपलब्ध करा सकते है। समिति आपकी पूरी मदद करेगी।

बेहराकुदर में पुराने और नए मजदूर आपस में भिड़े, कई हो गये घायल

कतरास। बरोरा थाना क्षेत्र के बेहराकुदर इंडेन गैस सर्विस गोदाम में गुरुवार को पुराने मजदूर नियोजन व बकाया वेतन की मांग को लेकर धरना पर बैठे थेण इसी बीच नये मजदूर व धरना पर बैठे पुराने मजदूरों के बीच छीटाकशी को लेकर वे लोग आपस में भिड़ गएण मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के कई लोग आंशिक रूप से घायल हो गएण सुचना मिलते ही बरोरा पुलिस मौके पर पहुँची तथा दोनो पक्षो के समझा बुझा कर शांत करायाण पुराने मजदूरों का कहना था कि इंडेन संचालक राजेश राम द्वारा द्वारा 30 मजदूरो को दो माह पूर्व बिना कारण के ही हटा दिया गयाण साथ ही कई वर्षों से बकाया वेतन भी नहीं दिया गयाण जिसके कारण परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया हैण संचालक द्वारा नये मजदूरों को कार्य पर रख लिया गया है।

खड़ी हाईवा से स्कॉर्पियो टकराई, तीन घायल

कतरास। बरोरा थाना क्षेत्र के एएमपी कोलियरी कार्यालय के समक्ष कतरास डुमरा हिरक रोड पर बुधवार की रात्रि रोड पर खड़ी हाईवा को एक तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो वाहन ने जोरदार टक्कर मार दीण जिससे उक्त वाहन के परकच्चे उड़ गएण बताते हैं इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो में सवार तीन लोग लोग घायल हो गयेण जिन्हें ईलाज के लिए धनबाद ले जाया गया है।

स्पीड न्यूज

विश्व योग दिवस मनायेगी टीम जय हो

जमशेदपुर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम की अनुषांगिक की इकाई टीम जय हो जिसमें भारतीय सेना के तीनों अंगों (जल थल और नभ) से सेवानिवृत जांबाज सैनिकों के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार सिविल समाज के साथी भी शामिल हैं। विश्व योग दिवस पर डिमना की वादियों में योग शिविर का आयोजन कल दिनांक 21 जून 2024 प्रातः 6 से 7 बजे तक अभ्यास एवं योग के दैनिक जीवन में होने वाले महत्वपूर्ण लाभ की जानकारी दी जायेगी। योग शिविर के योग शिक्षक के रूप में जय हो के संयोजक हरेंदु शर्मा योग शिक्षक रंजीत यादव आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक शिवकुमार सिंह शामिल रहेंगे। जबकि कार्यक्रम में डिमना की वादियों में टहलने वाले सभी ग्रुप एक साथ एक स्थान पर योग साधना करेंगे।

ब्रह्मकुमारीज ने 25 योग गुरुओं को किया सम्मानित

जमशेदपुर। दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व संध्या पर जमशेदपुर के कदमा स्थित ब्रह्मा कुमारीज संस्थान की ओर से जमशेदपुर के 25 योग गुरुओं को योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विशेष रूप से अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र देकर केंद्र की प्रधान बहन संजू ने सम्मानित किया। मौके पर बोलते हुए उन्होंने जीवन में योग, आसन, प्राणायाम और राज योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित योगाचार्य से आग्रह किया।

एस क्रिएटिविटी योग अकादमी ने कराये योग

जमशेदपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जहां पूरे देश में योग दिवस मनाया जाता है वहीं, जमशेदपुर स्थित एस क्रिएटिविटी योग अकादमी ने सूर्य नमस्कार और प्रज्ञा योग प्रस्तुत किया। जिसमें संस्था के डायरेक्टर शर्मिष्ठा राय के साथ मिलकर बच्चे और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इंडियन ओवरसीज बैंक ने मनाया स्थापना दिवस

जमशेदपुर। इंडियन ओवरसीज बैंक साकची शाखा का 13वां स्थापना दिवस शाखा परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय समाजसेवी सह पूर्व जिला परिषद् उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा जी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत केक काट कर किया गया।

प्रेस छायाकार अरविंद शर्मा को मातृ शोक

जमशेदपुर। प्रेस छायाकार अरविंद शर्मा की माता उषा रानी शर्मा 86 वर्ष का निधन हो गया है। परिजनों के मुताबिक 21 जून को सुबह 11 पार्वती घाट में उनका अंतिम संस्कार होगा। अरविंद रानीकुदर में रहते हैं।

पूर्व उप प्रमुख सह ग्राम प्रधान के घर गाली-गलौज

चांडिल। थाना क्षेत्र के आसनबनी में सोमवार देर रात ग्राम प्रधान सह पूर्व उप प्रमुख प्रबोध उरांव के घर में असामाजिक तत्वों ने गाली गलौज कर घर के दरवाजे को पिटा ओर चले गये। यह पुरा घटना सीसीटीवी केमरे में कैद हो गयी है। इस घटना को लेकर ग्राम प्रधान प्रबोध उरांव के भाई महावीर उरांव ने शंकर महतो के भाई सपन महतो एवं अन्य असामाजिक तत्वों के खिलाफ चांडिल थाना में लिखित मामला दर्ज कराया है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पर हमला

गम्हरिया। आदित्यपुर थाना अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के वार्ड एक अंतर्गत भुरकाडीह जंगल के समीप बीते बुधवार की देर रात अज्ञात बदमाशों द्वारा भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष जुलूमटाड़ निवासी मंसाराम महतो के साथ मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस संबंध में मंसाराम महतो ने बताया कि वह हथियाडीह स्थित साइड से काम देखकर जुलूमटाड़ अपने घर स्कूटी से अकेला लौट रहे थे। इसी दौरान रात्रि करीब दस बजे भुरकाडीह के जंगल के पास सड़क पर दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने आकर उन्हें घेर लिया और रड से उन्हें पीटना शुरू कर दिया।

पदमुक्त किये गये भाजपाई मोंटी अग्रवाल, बन्ना गुप्ता के समर्थकों में हुआ पेट दर्द

- जिला अग्रवाल सम्मेलन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष लिखा पत्र
- कहा-भाजयुमो के पूर्व पद पर मोंटी अग्रवाल की वापसी करायें

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। कभी-कभी राजनीति में भी विचित्र सा खेला होता है। खासकर पैसे वाले नेता यह खेला डायरेक्ट, इन डायरेक्ट कर सबको चौका देते हैं, हतप्रभ कर देते हैं। पैसे, रुतबे और जातिगत पकड़ का सहारा लेकर वे सामने वाले को औकात बताने की कोशिश करते हैं, और यह सब होता है पार्टी लेवल की जगह जातिगत लेवल पर। ऐसा ही कुछ रोचक खेला हुआ है भारतीय जनता युवा मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी मोंटी अग्रवाल के साथ जो संगठन में मीडिया प्रभारी की भूमिका में थे जबकि उनके ही एक अन्य साथी आशीष साहू आइटी सेल प्रभारी थे किन्तु बीते दिनों भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने अनुशासनहीनता के आरोप में इन दोनों महानुभावों को पदमुक्त कर दिया और साथ ही कारण बताओ नोटिस भी थमा दिया। साहू जी तो चुप हो गए किन्तु मोंटी अग्रवाल ने अपनी पीड़ा पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप मुरारका को बता दी, और भाजपा पर दबाव डालने के लिए संकेत दिया। इसी आलोक में कांग्रेस के विधायक एवं झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के बेहद करीबी संदीप मुरारका ने मोंटी की पद वापसी के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखा है।

जिला अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष संदीप मुरारका के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा बाबूलाल मरांडी को संबोधित पत्र में लिखा है कि (बाबूलाल मरांडी) झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा विधायक दल के पूर्व नेता, सदन में नेता प्रतिपक्ष हेतु पूर्व नामित एवं वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनकी पहचान ना केवल एक सशक्त आदिवासी नेतृत्वकर्ता की है , बल्कि एक सुलझे हुए सरल व सौम्य स्वभाव के नेता की भी है. जो सभी कार्यकताओं के प्रति समदृष्टिकोण रखते हुए संगठन को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं, किंतु इसके

मोंटी अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा और मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष संदीप मुरारका।

बावजूद पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में झारखंड की 13 सीटों में भाजपा को 79,68,205 वोट प्राप्त हुए, जबकि इस लोकसभा निर्वाचन 2024 में झारखंड में भाजपा को महज 73,38,090 वोट ही प्राप्त हो पाए. भाजपा पिछले बार 11 सीटों पर विजयी हुई थी, जबकि इस बार केवल 8 सीटों पर सिमट कर रह गई। झारखंड में 5 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं, उन पांचो सीटों को भाजपा ने खो दिया। हो सकता है इन सबके पीछे कई कारण हों, किंतु एक महत्वपूर्ण कारण है कि समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करना एवं उनकी बातों को तरजीह ना देना। संगठन की जितनी चिंता प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व को है, उससे कहीं ज्यादा चिंता एक साधारण कार्यकर्ता को है। यही चिंता कभी कभी आक्रोश या कटु सत्य बनकर जिला पदाधिकारियों के समक्ष निकल पड़ती है।

■ कुछ ऐसा ही भाजपा, जमशेदपुर महानगर में हुआ। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के जिला मीडिया प्रभारी 39 वर्षीय मोंटी अग्रवाल जमशेदपुर भाजपा कार्यालय पहुंचे। वहां दो कक्ष बने हुए हैं, एक कक्ष वातानुकूलीन है, दूसरे कक्ष में एसी नहीं लगी हुई है। वातानुकूलीन कमरे के बाहर एक कागज पर लिखा हुआ था 'पदाधिकारी कक्ष', उसमें नवमनोनीत जिलाध्यक्ष श्री सुधांशु ओझा बैठते हैं, दूसरे कमरे पर 'कार्यकर्ता कक्ष' लिखा था। भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के जिला मीडिया प्रभारी श्री मोंटी अग्रवाल ने कहा कि व्यवस्था सब के लिए एक जैसी होनी चाहिए ना कि इस प्रकार दो तरह की, क्योंकि यह भाजपा कल्चर के पूर्णतः विपरीत है।

■ पत्र में संदीप मुरारका लिखते हैं कि उक्त साधारण से विरोध को अथवा यूं कहूं कि कटु सत्य को श्री सुधांशु ओझा स्वीकार नहीं कर पाए। इसी बीच एक दिन सुधांशु जी ने श्री मोंटी अग्रवाल को कहा कि सोशल मीडिया पर उनके नाम से व्यक्तिगत पेज डेवलप करें, किंतु श्री मोंटी अग्रवाल ने कहा कि वे केवल भाजपा के ऑफिसियल पेज पर पोस्ट करते हैं एवं इसी कार्य के लिए अधिकृत हैं। यदि आप व्यक्तिगत सोशल मीडिया पेजेस बनाना चाहते हैं तो मैं किसी प्रोफेशनल टेक्निकल टीम का नाम दे देता हूं, आप उनसे करवा लें। दुर्भाग्य देखिए यह बात जिलाध्यक्ष को नागवार गुजरी और उन्होंने श्री मोंटी अग्रवाल जैसे समर्पित कार्यकर्ता को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने की ठान ली।

■ दूसरी ओर, भाजपा के जमशेदपुर महानगर के सूत्रों ने बताया कि मोंटी अग्रवाल ने जिला अग्रवाल सम्मेलन को आगे करके दबाव की राजनीति की है जो किसी सूरत में कारगर नहीं होगी। सभी जानते हैं कि अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष संदीप मुरारका कांग्रेस के विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता के न सिर्फ बेहद करीबी हैं, बल्कि उनके लिए काम भी करते हैं। ऐसे में भाजपा जैसे संगठन में ऐसे व्यक्तियों का दबाव कारगर नहीं हो सकता।

झारखंड उच्च न्यायालय ने टाटा स्टील के पक्ष में सुनाया फैसला

बर्मामाइंस में पूंज एंड संस को जल्द खाली करनी होगी 3.5 एकड़ जमीन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। 1996 के एक बहुत पुराने मुकदमे, टाटा स्टील लिमिटेड बनाम पुंज एंड संस के मामले में, 13 जून 2024 को झारखंड उच्च न्यायालय ने टाटा स्टील लिमिटेड (टीएसएल) के पक्ष में फैसला सुनाया है।

गौरतलब है कि पुंज एंड संस प्राइवेट लिमिटेड को औद्योगिक उद्देश्यों के लिए मासिक किराये के नियम और शर्तों के आधार पर बमार्माइंस क्षेत्र में स्थित 3.544 एकड़ भूखंड आवंटित किया गया

था। उक्त आवंटन पूरी तरह से अस्थायी आधार पर इस विचार के साथ किया गया था कि वे आदित्यपुर क्षेत्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण (आयडा) की योजना पूरी होने पर अपने कारखाने को आदित्यपुर में स्थानांतरित कर देंगे।

चूंकि पुंज एंड संस ने आयडा की योजना पूरी होने और कंपनी द्वारा उन्हें दिए गए अतिरिक्त समय के बाद भी परिसर खाली नहीं किया, इसलिए टाटा स्टील ने बेदखली के लिए पुंज एंड संस के खिलाफ 1971 में टाइटल सूट नंबर 3 दायर किया। 1986 में इस मुकदमे पर फैसला आया, जिसके बाद निचली अदालत द्वारा पारित आदेश के खिलाफ पुंज एंड संस ने निचली अपीलीय अदालत में अपील दायर की।

1996 में अपील का निर्णय पुंज एंड संस के पक्ष में हुआ। टाटा स्टील ने टाइटल अपील में पारित निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जिसे द्वितीय अपील संख्या 67/1996 के रूप में क्रमांकित किया गया। इस बीच, मेसर्स पुंज एंड संस ने अपने गठित अटॉर्नी के माध्यम से 21 अक्टूबर 2014 को मेसर्स वाणी इंसुलेशन प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में एक बैनामा (सेल डीड) निष्पादित किया कि मेसर्स वाणी इंसुलेशन प्राइवेट ने वर्तमान द्वितीय अपील में आवश्यक पक्षकार के रूप में शामिल होने के लिए एक आवेदन दायर किया, जिसे उच्च न्यायालय ने 10 मई 2016 के आदेश के तहत अनुमति दे दी। अंततः, उच्च न्यायालय की बेंच के समक्ष द्वितीय अपील की सुनवाई हुई और टाटा स्टील द्वारा प्रस्तुत द्वितीय अपील को अनुमति देते हुए 13 जून 2024 को निर्णय सुनाया गया।

एक नजर में

संत जॉन्स हाई स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता

जमशेदपुर। जुगसलाई स्थित सैंट जॉन्स हाई स्कूल में बुधवार को सुलेख (कैलीग्राफी) प्रतियोगिता हुई, जिसमें पहली से चौथी कक्षा के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसका उद्देश्य बच्चों में लेखन कौशल को बढ़ावा देना था। शिक्षिका नेहा कुमारी की देखरेख में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण

घाटशिला। डीआरएम केआर चौधरी ने खड़गपुर डिवीजन के घाटशिला, ढालभुमगढ़, चाकुलिया, रखमाइंस, गलुडीह और आसानबोनी रेलवे स्टेशनों का गुरुवार को निरीक्षण किया। बताया गया कि डीआरएम रूटीन सेफ्टी इंस्पेक्शन के लिए घाटशिला पहुंचे थे। डीआरएम के निरीक्षण में इंजीनियरिंग की पूरी टीम मौजूद थी। डीआरएम ने घाटशिला स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण लिया। उन्होंने कार्यों की प्रगति को देखा तथा मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया। डीआरएम ने भीषण गर्मी के दौरान स्टेशन में पेयजल एवं अन्य यात्री सुविधाओं का भी जायजा लिया। रूटीन सेफ्टी इंस्पेक्शन के क्रम में डीआरएम केआर चौधरी ने कुछ स्थानों पर इंटरलॉक्ड लेवल क्रासिंग गेट और ब्रिज का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किया। डीआरएम के दौरे को लेकर घाटशिला स्टेशन में विशेष तैयारी की गयी थी। डीआरएम काफी समय तक घाटशिला स्टेशन पर रुके हुए थे। डीआरएम की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था आरपीएफ की ओर से की गई थी। इस अवसर पर दक्षिण-पूर्व रेलवे खड़गपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम आलोक कृष्णा समेत कई अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

कल माझी पारगाना महाल के महासम्मेलन में सम्मानित किये जायेंगे राजेश मार्डी

जमशेदपुर। माझी पारगाना महाल, धाड़ दिशोम पूर्वी सिंहभूम का दो दिवसीय महासम्मेलन 22 और 23 जून को महाल बाखुल, पावड़ा घाटशिला में होना है। इस महासम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन उपस्थित रहेंगे। इसी महासम्मेलन में जमशेदपुर के सारजमदा निवासी ट्राईबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेश मार्डी को सम्मानित किया जायेगा। राजेश मार्डी अब तक अपने जीवन काल में कुल 74वीं बार रक्तदान कर चुके हैं और कोल्हान प्रमंडल के पहले आदिवासी युवा रक्तदाता बनने का ऐतिहासिक गौरव हासिल किए हैं। यहीं नहीं, जहां रक्तदान को कोई नहीं जानता था, वैसे वैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए भी राजेश मार्डी जाने जाते हैं और युवाओं को प्रेरित करते हैं तथा युवा वर्ग मुस्कुराते हुए स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं। राजेश ने यह सम्मान उन सभी साथियों को समर्पित किया है जो उनके साथ शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और रक्तदान करते हैं। जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी सहित वीवीडीए झारखंड के सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि पर राजेश को बधाई दी।

बुरुडीह में डिग्री कॉलेज के विरोध में ग्रामीण

गम्हरिया। प्रखंड के बुरुडीह में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को लेकर ग्रामीणों के विरोध के मद्देनजर गुरुवार को गम्हरिया के सीओ कमल किशोर और प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर रास्ता निकालने का प्रयास किया। किंतु ग्रामीण बगैर ग्राम सभा के डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य पर रोक की बात पर अड़े रहे। हालांकि इस दौरान अधिकतर ग्रामीण सरकार के इस निर्णय पर संतुष्ट नजर आये। बताया जाता है कि कुछ ग्रामीणों का मकान प्रस्तावित नक्शा की जद में आ रहा है जिसे ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हैं। रविवार को पुनः ग्राम सभा बुलाने की बात बतायी गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के निर्माण को लेकर पूर्व में कोई भी ग्राम सभा नहीं की गई। स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों की गैर मौजूदगी में विभिन्न विभागों के कई पदाधिकारी निर्माण कार्य की जांच अक्सर गांव के अंदर घुसकर करते हैं और तस्वीर भी खींचते हैं। ग्रामीणों द्वारा पहले ग्राम सभा करके कोई निर्णय निकालने की मांग की गयी है।

कांग्रेस के सेवा शिविर में पेंशन के फॉर्म भरवाये

जमशेदपुर। पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू के नेतृत्व में कल्याण नगर नियर मुर्गा पाड़ा के समीप निःशुल्क सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड 50 से 59 वर्ष की महिलाओं के लिए पेंशन फार्म को भरवारा गया। आज करीबन 42 फॉर्म भरवा गया, जिसे डॉ अजय कुमार के द्वारा सीओ ऑफिस में जमा कराया जायेगा। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने बताया 23 जून रविवार को कल्याण नगर क्षेत्र में मेडिकल कैंप सेवा शिविर लगाया जायेगा। जिसमें सात डॉक्टर रहेंगे जो शरीर के पूरे चेकअप से लेकर मोतियाबिंद ऑपरेशन, शुगर टेस्ट, ब्लड टेस्ट, अन्य चिकित्सा सिविल लगाकर लोगों को स्वस्थ करने एवं रहने का सुझाव दिया जायेगा। उसी दिन विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन अन्य चीजों का सेवा शिविर भी लगेगा। शिविर में अभिजित सिंह, जमशेदपुर पूर्वी विस अध्यक्ष नीरज साहू, उपाध्यक्ष गौतम साहू, प्रदीप यादव, मनीष चंद्रवंशी, देवाशीष घोष अन्य लोग मौजूद थे।

संत मेरी स्कूल ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के द्वितीय वर्ष का पद ग्रहण समारोह आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। संत मेरी स्कूल के ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (ओएसएम) के द्वितीय वर्ष के पद ग्रहण समारोह का आयोजन हाल ही में किया गया। इस समारोह में संयुक्त सचिव अमृता द्वारा स्वागत एवं परिचय दिया गया। पद ग्रहण करने वाले नये समिति सदस्यों को फादर वर्नन डिसूजा ने प्रेरणा दी और सामाजिक कार्यों के लिए महीने में एक बार काम करने के कुछ अच्छे सुझाव दिये। शिक्षिका निभा सिन्हा भी टीम को प्रोत्साहित किया और उन्हें पूर्व छात्रों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए शुभकामनाएं दीं। सिस्टर इलीना और सिस्टर एलिजा ने भी नई टीम को बधाई दी और उन्हें भविष्य में अपने लक्ष्य हासिल करने का आशीर्वाद दिया। हमारी टीम के सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हमारे ओएसएम अध्यक्ष गुरुशरण सिंह, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त कोषाध्यक्ष, मीडिया और कार्यक्रम प्रबंधन समिति शामिल हैं। समिति ने इस एसोसिएशन के उद्देश्यों का भी उल्लेख किया है। नये और पुराने पूर्व छात्रों के बीच एक मजबूत बंधन बनाना।

परिवार नियोजन जनसंख्या नियंत्रण का सबसे कारगर तरीका है : डीडीसी

- विश्व जनसंख्या दिवस पर सेमिनार में बोले मनीष कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमे परिवार नियोजन कार्यक्रम को जिला में सुचारू रूप से संचालित करने पर चर्चा की गई। कार्यशाला में शामिल मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त (डीडीसी) मनीष कुमार ने बढ़ती जनसंख्या पर प्रभावी कार्ययोजना के रूप में परिवार नियोजन को महत्वपूर्ण बताया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन सर्वोत्तम तरीका है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से छोटा परिवार सुखी परिवार के तहत परिवार नियोजन कार्यक्रम वर्षो से चल रहा है। जिससे शिविर लगाकर बंध्याकरण एवं नसबंदी कर जनसंख्या नियंत्रित करने पर लोगों को प्रेरित किया जाता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा।

अभिनंदन समारोह में प्रतिभागी व अतिथि।

उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। जून-जुलाई माह में परिवार नियोजन सम्बन्धी कार्यक्रम जिला में चलाये जाएंगे। ऐसे में परिवार नियोजन के उपायों को अपना कर जनसंख्या संतुलन को बनाए रखा जा सकता है तथा स्वस्थ्य झारखंड सुखी झारखंड की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

अरका जैन यूनिवर्सिटी : छात्रों ने सीखे एमएस एक्सेल का उपयोग कर डेटा विश्लेषण के गुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। गम्हरिया स्थित अर्का जैन यूनिवर्सिटी में एमएस एक्सेल का उपयोग कर डेटा विश्लेषण विषयक तीन-दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला गूगल मीट प्लेटफॉर्म हुई। इसमें हैदराबाद स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज, हैदराबाद की सहायक प्रोफेसर डॉ कलानी पोला रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल हुईं।

कार्यशाला में डेटा और डेटा

प्रकार, पैरामीट्रिक और गैर-पैरामीट्रिक परीक्षण, सर्वेक्षण डेटा पर परिकल्पना परीक्षण, टी-परीक्षण, एफ-परीक्षण, एनोवा, ची-स्क्वायर परीक्षण, सह संबंध और प्रतिगमन समेत कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

इसमें प्रतिभागियों ने एमएस एक्सेल का उपयोग करते हुए डेटा विश्लेषण करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने डेटा की सामान्यतः जांच, डेटा को सामान्य वितरण में बदलने के तरीके, सटीक उद्देश्य कथन लिखने और अपने शोध के लिए निर्धारित परिकल्पनाओं के अनुसार उचित विश्लेषण उपकरण लागू करे आदि का ज्ञान अर्जित किया। प्रासंगिक कार्यशाला में उदाहरणों का उपयोग कर परिणामों की व्याख्या पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में सभी सत्र अत्यधिक संवादात्मक थे।

एनएमएल : बिहाइंड द टीचर्स डेस्क के 14वें संस्करण का हुआ समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। बिहाइंड द टीचर्स डेस्क (बीटीटीडी-2024) के 14वें संस्करण का समापन समारोह मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग पर तीन दिवसीय छात्र सेमिनार, सीएसआईआर-नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेटरी के सहयोग से भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। एनएमएल), टाटा स्टील लिमिटेड; राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर और एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च (एसीएसआईआर) का आज सीएसआईआर-एनएमएल सभागार में समापन हुआ। यह छात्र सेमिनार पिछले 14 वर्षों से सीएसआईआर-एनएमएल में आयोजित किया जा रहा है और यह एक बड़ी सफलता रही है।

गीता थिएटर बरेली में आयोजित नाट्य समारोह में शामिल होकर कसक नाटक का मंचन किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लौहनगरी के युवा रंगकर्मियों द्वारा संगठित गीता थिएटर के कलाकारों ने थिएटर अड्डा में रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसायटी बरेली द्वारा आयोजित 15 दिवसीय नाट्य समारोह के 3वें दिन लोक खुशहाली चेरिटेबल ट्रस्ट सभागार में कसक नाटक का भव्य मंचन किया। झारखंड रत्न से सम्मानित गीता कुमारी द्वारा लिखित एवं प्रेम दीक्षित द्वारा निर्देशित नाटक कसक की कहानी मजबूरीयो एवं गरीबी के भव-सागर मे फंसी अति-निम्न

नाटक कसक का एक भावपूर्ण दृश्य और गीता कुमारी को सम्मानित करते आयोजक। साथ में प्रेम दीक्षित सबसे बायें।

मध्यमवर्गीय परिवार में रहनेवाले कर्ज.में डूबे बुधवा, सुगनी (पत्नी) एवं उसके दो बच्चों (फुलवा एवं सोहन) की व्यथा-कथा है । नाटक में दिखाया गया है कि परिवार की खुशी के लिए बुधवा द्वारा लिया कर्ज, कर्ज.ना चुकाने से लोगों द्वारा उनकी मानहानि एवं कर्ज. चुकाने के लिए सुगनी का अपनी ईज्जत का सौदा करना तथा अंत मे आत्महत्या पर केन्दींत है। समाज मे आए इस नई प्रथा को रोकने एवं ऐसे परिवारो को संदेश देने हेतु आत्ममंथन के शब्दों से रची है। नाटक में बेब्स सुगानी का बेहतरीन किरदार गीता कुमारी ने, कर्ज. में डूबे बुधवा का पात्र सोनारी निवासी सुरज धीवर, बेटी फुलवा का पात्र नवनीत कौर और बेटा सोहन का अनंत सरदार ने और नाटक के खलनायक बड़े ठाकुर की भुमिका में प्रेम दीक्षित तथा उसके साथ नौकर का पात्र अभिरंजन कुमार ने निभाया। मंचन सज्जा में हरजीत कौर, प्रकाश में आलौक और ध्वनि में भुमि सिंह ने सहयोग किया।

भव्य प्रदर्शन के लिए गीता थिएटर के सभी कलाकारों को रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसायटी बरेली थियेटर अड्डा द्वारा सम्मान एवं नाटक सहयोगी को संस्था का प्रतीक चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किया वहीं बेहतरीन निर्देशन और कला संस्कृति क्षेत्र में कई सालों से सक्रिय भूमिका निभाने के कारण गीता थिएटर के सचिव प्रेम दीक्षित को आयोजिक समिति द्वारा रंगकर्म विभूषण सम्मान 2024 सम्मान पत्र से सम्मनित किया गया।

एक नजर में

नयाटांड़ में मंडा पूजा कमिटी का गठन

बड़कागांव। 5 और 6 जुलाई को नयाटांड़ में दो दिवसीय मंडा पूजा होगा। पूजा को शांतिपूर्ण सफल बनाने को लेकर ग्रामीणो ने कमिटी का गठन किया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सतीश दास,उपाध्यक्ष ईश्वरी महतो,सचिव दिपू नायक,उपसचिव सुनील नायक, कोषाध्यक्ष पप्पु प्रजापति,संयोजक मुन्द्रिका सिंह,संगठनमंत्री मुरली महतो,प्रवक्ता सत्यनारायण नायक व गोपाल नायक तथा कार्यकारणी सदस्य में अखलेश नायक,प्रदीप राणा,विकास भुइयां,तीर्थ महतो सहित अन्य शामिल हैं। वही सचिव दिपू नायक ने बताया कि 5 जुलाई की रात्री मंडा पूजा समेत कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।6 जुलाई के सुबह शिव भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना के बाद झुला झुलते हीमंडा संपन्न होगा।

पलायन क्षेत्र के विकास में बाधक : राणा

कटकमसांडी । रोजगार को लेकर बढ़ते पलायन पर रोक को लेकर समाजसेवी किशोरी राणा नें युवाओं और ग्रामीणों के साथ डांड गांव के शिव मंदिर प्रांगण में बैठक की। नव झारखंड फाउंडेशन के संस्थापक किशोरी राणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में पलायन बाधक है। जबकि झारखंड खनिज सम्पदा से सम्पन्न राज्य है। बावजूद यहां 70 फीसदी लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर करने को विवश हैं। उन्होने कहा कि कटकमसांडी प्रखंड एक कृषि प्रधान क्षेत्र है। सिचाई साधन अनुपलब्ध होने से भीकिसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं। क्षेत्र में रोजगार के साधन उपलब्ध होने के कारण शिक्षित युवाओं को मजबूरीवश रोजी रोजगार के तलाश में अन्यत्र राज्यों मे पलायन करना पड़ रहा है, जो काफी दु:खद है। बैठक में ग्रामीण किसानों ने भी कहा कि सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद क्षेत्र में पेयजल व सिचाई संसाधनों की कमी के कारण लोगों में खेती के प्रति कम दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। इसलिए दो पैसे कमाने के लिए अपने बच्चों को पढ़ाने लिखाने के बाद भी बाहर भेजना पड़ रहा है। इसके लिए सांसद, विधायक को जिम्मेदार बताया गया। बैठक में इस बार विधानसभा चुनाव में किशोरी राणा को विधायक प्रत्याशी बनाए जाने की सहमति बनाई गई। बैठक में जगदेव राणा, प्रमोद सिंह, सतीश सिंह, धनंजय पांडेय, विक्की सिंह, अनुज यादव, नौशेर खान, सचिन दास, संतोष यादव, प्रकाश यादव, अरविंद कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

सांसद व पूर्व विधायक का आभार यात्रा कल

बरही। सांसद मनीष जायसवाल और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का आभार यात्रा कल बरही विधानसभा में सुनिश्चित किया गया है। आभार यात्रा सुबह 9 बजे पदमा चौक से शुरू होकर शाम 8 बजे समाप्त होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यकताओं से अपील की गई है। कार्यक्रम की शुरूआत पदमा से होते हुए पदमा चौक, भद्रकाली मंदिर, सवैया मोड़, दैहर, नीमा स्व. प्रमोद दांगी के परिजनों से मुलाकात, ढाब अखंड हरिकीर्तन, बेला मंदिर, रूपिन मंदिर रानीक मंदिर, चय मंदिर, केंदुवा मोड़, केदली, बारहमोरिया, बसरिया, पड़रिया, केशरवानी भवन चौपारण, पाण्डेयबारा चौक, बच्छई मोड़ है। वहीं बरही प्रखंड में रसोइया धमना दुर्गा मंदिर, गया रोड शिवालय, तिलैया रोड चन्दन कुमार के घर के पास, तिलैया रोड शिव मंदिर दीपक कुमार के घर के पास, हजारीबाग रोड भगवती मंदिर बरहीडीह, धनबाद रोड बजरंग बली मंदिर, धनबाद रोड नया दुर्गा मंदिर, धनबाद रोड भगवती मंदिर, करियातपुर, धनवार पंचायत कोरियाडीह मुखिया राजेंद्र प्रसाद के आवास पर चाय नास्ता कार्यक्रम आयोजित है। उक्त जानकारी भूपेंद्र यादव ने दी।

नापोखुर्द के सैकड़ों लोग आजसू में शामिल

बड़कागांव। नापो पंचायत मे आजसू पार्टी का मिलन समारोह हुआ, इसकी अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा और संचालन ओबीसी के प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा साव ने किया। समारोह में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में बिरजू कुमार,विमला देवी,राहुल कुमार,सविता देवी,ममता देवी, आशा कुमारी,दीपा कुमारी,अनीता देवी,बबलू कुमार, ममता देवी 2, कृष्णा साव, बालमुकुंद साव, सुरेंद्र कुमार, कुंदन साव,अनिल साहू, देख लाल कुमार साव, दीपन साव, प्रकाश कुमार, संजय कुमार साहू, बीरबल कुमार साव,चुरामन साव, विकास कुमार,संदीप साहू, शिवदयाल कुमार, सोनू कुमार,अनिल ठाकुर,सुनील साव, रामदेव साव, विशाल कुमार, रामदेव दास, प्यारी कुमार साव, सविता देवी, उपेन्द्र कुमार, पुष्पा देवी, पूनम देवी, लीला देवी, सीताराम साव, सूरज कुमार, सुनीता देवी,सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं। मौके पर केंद्रीय सदस्य राजा खान,जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, जिला सचिव गिरेंद्र प्रसाद,पप्पू मेहता,छोटू कुमार,कैशर आलम,वीरेंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सुब्रतो फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ

कटकमदाग। उत्क्रमित प्लस टु उच्च विद्यालय खपरियावा के मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूनार्मेंट का विधिवत शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम किशोर सावंत के द्वारा फुटबॉल में कीक मारकर विधिवत शुरूआत किया गया। प्रखंड स्तरीय अंडर 15 वर्ष बालक एवं अंदर 17 वर्ष बालक एवं बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अंडर 15 वर्ष बालक वर्ग के विजेता उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय खपरियावा एवं उपविजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय पसई के बालिका वर्ग रहे एवं अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता उत्क्रमित हाई स्कूल खपरियांवाँ एवं उपविजेत उत्क्रमित हाई स्कूल सलगाव के रहे अंडर 17 के बालिका वर्ग में विजेता झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय एवं उपविजेता उत्क्रमित हाई स्कूल सालगांव रहे ।सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को कप एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम पाठक ,बी पीओ पंकज कुमार गुप्ता ,बी पी एम गौतम कुमार सेन ,बी आर पी रिसोर्स शिक्षक ऑपरेटर सुनील कुमार ,खेल शिक्षक पवन कुमार , मृत्युंजय वैष्णव, अनिल कुमार, प्रधानाध्यापिका प्रीति रानी , शिक्षक जितेंद्र मिश्रा,एवं सरजू रविदास का विशेष योगदान रहा।

10 जुलाई तक बरही के लोगों को मिलेगा फिल्टर पानी : अकेला

खबर मन्त्र संवाददाता

वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने से सड़क निर्माण में हो रहा है विलंब : विधायक

बरही। बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि उनके लगातार प्रयास का प्रतिफल है कि बरही में पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण किया जा रहा है। उनके प्रयास से करोड़ो रुपए की लागत से इसका निर्माण कार्य हो रहा है। विधायक ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासनिक विफलता के कारण अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नही हो पाया है, बावजूद इसके वह लगातार प्रयासरत है कि बरहीवासियों को जल्द से जल्द पानी उपलब्ध हो। विधायक ने कहा कि बरही में 10 जुलाई तक हर हाल में डीवीसी से बरही पानी टंकी में पानी आ जाएगा। कहा कि संवेदक ने भी इसे सुनिश्चित किया हैं की 10 जुलाई तक लोगों को पानी उपलब्ध हो जाएगा। हालांकि उन्होंने कहा कि फिलहाल फिल्टर पानी उपलब्ध होना संभव नही है। दो महीने में फिल्टर पानी भी बरहीवासियों को उपलब्ध हो जाएगा, ऐसा संवेदक ने उन्हें आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि 2009 में जब वह चुनाव जीते तो उनके प्रयास से पेयजलापूर्ति योजना की शुरूआत हुई, उसके बाद 2014 में चुनाव हार गए और निर्माण कार्य थम गया। जब 2019 के चुनाव में विजय हुये तब मुख्यमंत्री से बात कर इसका निर्माण शुरू कराया। बरही के लोगों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए वह शतत प्रयत्नशील है। अकेला ने कहा कि करियातपुर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से बांझेडीह तक सड़क निर्माण कार्य करोड़ो से किया जा रहा है, लेकिन सड़क निर्माण कार्य कहीं कहीं अधूरा पड़ा है। इसके पीछे फारेस्ट से एनओसी नही मिलने के कारण काफी परेशानी हो रही है। विधायक ने कहा कि राज्य जंगल झाड़ियों से घिरा हुआ है, इसलिए विभाग को सोंचना चाहिए कि लोगों के जरूरत के अनुकूल फारेस्ट को एनओसी दे देनी चाहिए। एनओसी नही मिलने के कारण कई काम बाधित हो जाता है। उन्होंने कहा कि दो दिनों पहले ही मुख्यमंत्री कार्यालय से उपायुक्त को सूचना दिया हूँ कि एनओसी नही मिलने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। विधायक ने कहा कि वह उपायुक्त से मिलकर भी इस बारे में बात करेंगे और विकास कार्य में उनसे सहयोग मांगेंगे। प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मो निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, अशोक सिंह, मुखिया सिकंदर राणा, मो वारिस अंसारी, मो रिजवान, मो तैयब, मो गफूर, महादेव यादव, राजेंद्र स्वर्णकार, मनोज रविदास, हरी गुप्ता, बासुदेव यादव, गोविंद यादव सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

आनंद साई दरबार का स्थापना दिवस 24 को

रामगढ़। राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह 24 जून से आरंभ होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक 19 जून को मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नंदकिशोर प्रसाद एवं संचालन मनोज मंडल ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी अरुण कुमार महतो द्वारा किया गया। जबकि बैठक में मुख्य रूप से मंदिर प्रबंधन समिति के अमित कुमार सिन्हा मौजूद थे। उन्होंने बताया कि 24 जून को शाम 4:00 बजे पालकी यात्रा निकलेगी। 25 जून को 9 बजे हवन एवं पूजन का आयोजन होगा। 26 जून को 12:30 बजे से भंडारा होगा।

भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल में सांसद जायसवाल ने जनता का किया अभिवादन, कहा

क्षेत्र में बहेगी विकास की गंगा

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में आभार यात्रा निकालकर जीत के लिए जनता का अभिवादन किया। जयसवाल ने कहा कि जनता ने आपार समर्थन देकर मुझे जीत दिलाया है इसके लिए सबों को तहे दिल से धन्यवाद। आभार यात्रा के क्रम में भुरकुंडा छठ मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचे सांसद मनीष जयसवाल का भाजपाईयों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद भुरकुंडा थाना चौक से संकट मोचन मंदिर और जनता टाकीज के समीप सहित कई जगहो पर सांसद का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के क्रम में सांसद बिरसा चौक स्थित महामंत्री अशोक सोनी के घर पहुंचे। जहां भाजपाईयों से वार्ता करते हुए क्षेत्र के विकास में हर संभव सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता की जीत है, आने वाले समय में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी जायेगी। सांसद ने लपंगा, कुरसे, पटेलनगर, सीसीएल सौंदा कॉपरेटिव, सयाल जमुरिया बाजार बुध बाजार रिवर साइड आदि क्षेत्रों में आभार यात्रा निकालकर अपनी जीत के लिए जनता का अभिवादन करते हुए उनके वायदों पर खरा उतरने की बात कही। आभार यात्रा में भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, योगेश दांगी, संजीव कुमार बाबला उर्फ बबल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, अशोक सोनी, सत्येंद्र सिंह, कन्हैया सिंह, सोनू कुशवाहा, विनोद सिंह सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

प्लस टू उच्च विद्यालय विजैया के चहारदिवारी निर्माण में भारी अनियमितता : राजेन्द्र यादव

बरही। बरही प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय विजैया परिसर में चहारदिवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने बताया कि चारदिवारी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ लंबाई की दूरी तक चाहरदीवारी का कार्य किया गया जबकि कुछ पूर्व हुए निर्माण कार्य में ईट जोड़कर उसे बढ़ाकर बनाया जा रहा है। साथ ही प्लास्टर करवा दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में आशंका बनी हुई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में बनाया गया चाहरदीवारी को तोड़कर बनवाना है या उसी को मरम्मती करना है। प्राक्कलन में क्या प्रावधान है इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं दी जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर आज तक सूचना पट्ट भी नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। चाहरदीवारी निर्माण कार्य में खुलेआम बांग्ला ईंट एवं घाटिया सीमेंट का भी प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही साथ पानी भी प्रयाप्त मात्रा में नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संवेदक एवं अभियंता की मिलीभगत से सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच करने वाला पदाधिकारी सिर्फ लीपापोती कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मादक पदार्थों पर रोक के लिए कार्यशाला

शैक्षणिक संस्थानों के 100 मी के दायरे में नशीली पदार्थों की बिक्री दंडनीय अपराध: डीसी

रामगढ़। छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में गुरूवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला हुआ। कार्यशाला के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पतरातु अनुपमा मिंज ने उपायुक्त व अन्य को 19 जून से 26 जून तक चलाए जाने वाले मादक पदार्थों पर रोक हेतु जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी दी साथ ही 26 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस की तैयारियों पर भी जानकारी दी। अभियान के दौरान नशे में गिरफ्त लोगों को संरक्षण करने का प्रयास किया जाएगा एव उन सभी लोगों के प्रवास की व्यवस्था हेतु उपाय भी किये जाएंगे। उपायुक्त ने 26 जून तक चलाए जा रहे अभियान को और भी प्रभावी तरीके से चलाने तथा ज्यादा से ज्यादा युवाओं व अन्य लोगों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि शैक्षणिक स्थलों, स्कूल, कॉलेज आदि के 100 मी के दायरे में नशीली पदार्थ की बिक्री करना दंडनीय अपराध है इस संबंध में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से जांच अभियान चलाने कोटपा सहित अन्य नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने नशे पर रोक लगाने के उद्देश्य से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जा जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति रोक लगाने हेतु जागरूक करने का काम करेगी। कार्यशाला में अपर समाहर्ता कुमारी अंजली, जिला खनन पदाधिकारी निशांत कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी,जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

नयी सेटेलाइट रोटरी क्लब गठित

भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब ऑफ रांची के द्वारा सेवा क्षेत्र में विस्तार के लिए नई सेटेलाइट रोटरी क्लब ऑफ अपटाउन का गठन किया गया है। बुधवार को इसका चार्टर प्रजेंटेशन हुआ।

रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष विनय ढांढानिया, सचिव ललित त्रिपाठी एवं पूर्व अध्यक्ष रेखा सिंह ने अपटाउन की अध्यक्ष रूमा चटर्जी, सचिव नितिका शर्मा, कोषाध्यक्ष सीमा सिंह सहित रचना बाली, ममता राज उपाध्याय, रंजना प्रसाद, रूपा मुखर्जी, संगीता प्रसाद को शपथ दिलाते हुए लेपल पिन लगाया। पीडीजी जोगेश गंभीर, पीडीजी राजीव मोदी ने सेटेलाइट क्लब को उसके कार्यो की जानकारी दी। जोगेश गंभीर ने कहा कि सेटेलाइट क्लब के गठन से जनसेवा के कार्यों में और तेजी आएगी।

कुजू में सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत

कुजू। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल का कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स में नागरिक अभिनदंन सह स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा नही की चुनाव जीतने के बाद गायब हो जाये, जिंदा रहना है तो जिंदा दिखना भी जरूरी है, जनता की समस्या को समाधान भी उतना जरूरी है। वही उन्होंने जनता की समस्या और उसका जल्द निबटारा के लिए रामगढ़ जिला में एक सेटेलाइट कार्यालय खोलने की बात कही।

माले ने मनाया प्रतिवाद दिवस

भुरकुंडा (रामगढ़)। माले केन्द्रीय कमेटी के तत्वावधान में गुरूवार को माले प्रखंड सचिव कॉमरेड नरेश बड़ाईक एवं मनोज मांझी के नेतृत्व में अरुंधती राय और डॉ शेख शौकत हुसैन के खिलाफ केस को लेकर माले ने हुरुमगढा, भुरकुंडा में प्रतिवाद दिवस मनाया गया। इस दौरान दमनकारी कानूनों को खत्म करो, सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करो, अरुंधती राय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करो आदि के नारा भी बुलंद किया गया। माले के प्रखंड सचिव नरेश बड़ाईक ने कहा कि केंद्र सरकार का गठन होते ही अरुंधती राय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए लगाने की अनुमति देकर तानाशाही की मंशा को उजागर कर दिया है।

श्री अग्रसेन स्कूल में योग पर परिचर्चा आयोजित

विद्यार्थियों और अभिभावकों ने किया योगाभ्यास

भुरकुंडा (रामगढ़)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में योग का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। इससे पूर्व शिक्षकों के निर्देशन में जारी योग पखवारा के तहत विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा अपने घर पर प्रतिदिन योगाभ्यास किया गया। शिक्षकों ने सभी को योग के विभिन्न आसनों कपालभाति, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, बालासन, ताड़ासन, सेतुबंधासन, वृक्षासन, सुखासन, भुजंगासन, धनुराषण, नटराजासन, वीरभद्रासन, उष्ट्रासन आदि की जानकारी देकर योग के फायदे बताए गए। परिचर्चा में स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्णता, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण का एक समग्र मार्ग है। यह सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करता है। मन की अशुद्धता को बाहर निकाल कर व्यक्तिगत चेतना को मजबूती प्रदान करता है। जिससे जीवन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहती है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि आधुनिक युग में योग का महत्व काफी बढ़ गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज हर व्यक्ति कहीं न कहीं दोषपूर्ण जीवनशैली में जीने लगा है। जिसका उनके शरीर और मन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोग बीमारी की गिरफ्त में आने लगे हैं। ऐसे में योग हमें खुद को स्वस्थ रखने में सबसे कारगर साधन साबित हो सकता है। निदेशक (एकेडमिक) एसके चौधरी ने कहा कि सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए योग का असंख्य लाभ है। जिसके कारण योग ने पूरी दुनिया में अपार लोकप्रियता हासिल की है। यह न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देता है, बल्कि तनाव को कम करने, एकाग्रता में सुधार करने और आंतरिक शांति की भावना को बढ़ाने में भी मदद करता है। प्रशिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि योग से आत्मविश्वास, ध्यान और एकाग्रता बढ़ती है। शारीरिक लचीलापन आने के साथ मांसपेशियों को मजबूत बनाने में योग बेहद कारगर है। इससे तनाव व नकारात्मक व्यवहार दूर होता है। योग से शारीरिक संतुलन के साथ अच्छी नींद आती है। प्रशिक्षक करुणा राजगढ़िया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीघार्यु बनाता है। परिचर्चा के बाद विद्यार्थियों के बीच योग के महत्व पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों को चित्रित करते हुए उसके फायदे बताए।

कार्यालय : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची

(रंगीन मछली पालकों के लिए आम सूचना)

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 05 रा0 (वि0)दिनांक 13.06.2024 के आलोक में "मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण" योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में रंगीन मछली पालन का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अगामी माह अगस्त में संभावित है। राँची जिला अंतर्गत रंगीन मछली पालन, प्रजनन का कार्य तथा साथ ही एक्वेरियम बनाने का कार्य कर रही हों अथवा इस कार्य में रूचि रखने वाली महिलाएं/स्वयं सहायता समूह (SHG) से जुड़ी हुई महिलाएं जो प्रशिक्षण प्राप्त करने को इच्छुक हों वे 30 जुलाई 2024 तक मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची स्थित कार्यालय में आवेदन–पत्र जमा कर सकती हैं। प्रशिक्षण हेतु आवेदन फॉर्म प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय में उपलब्ध है।

ह/0
सहायक मत्स्य निदेशक (अनु0)
मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची

PR 326963 Fish(24-25).D

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिताविभाग, उद्याननिदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा–835223

आम सूचना

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश संख्या–12 दिनांक–17.05.2024 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष2024–25 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन सिमडेगा जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/ स्वंय सहायता समूह/ कृषक उत्पादक समूह(FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल जा इस योजना का लाभ लेना चाहते है वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित करा कर दिनांक– 26.06.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, सिमडेगा में जमा कर सकते है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या में)

SL	COMPONENT		PHY
1	STRAWBWRRY (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRIGATION & MULCHING)	Ha	5
2	STRAWBERRY WITHOUT INTEGRATION	Ha	1
3	BANANA(TC) (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRIGATION)	Ha	5
4	BANANA (TC) WITHOUT INTEGRATION	Ha	1
5	PAPAYA (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRGATION)	Ha	5
6	PAPAYA WITHOUT INTEGRATION	Ha	1
7	MANGO (10X10M)(Rs.25500/HA)	Ha	30
8	LIME (4X4.5)(Rs. 54980/HA)	Ha	8
9	SAPOTA (Rs. 45400/HA)	Ha	5
10	GUAVA (6MX6M) (Rs.38340/HA)	Ha	10
11	POMEGRANATE (5.0MX5.0M)	Ha	5
12	AONLA (Rs. 40008/HA)	Ha	2
13	BAEL (Rs.28000/HA)	Ha	2
14	LITCHI(Rs.28000/HA)	Ha	2
15	JACK FRUIT (10X10M) (Rs. 25500/HA)	Ha	1
16	VEGETABLE HYBRID(RS. 50000/HA)	Ha	60
17	CUT FLOWERS-SMALL & MARGINAL FARMERS(Rs. 1-00 LAKH/HA)	Ha	15
18	BULLBULOUS FLOWERS-SMALL & MARGINAL FARMERS (Rs. 1.50 LAKH/HA)	Ha	15
19	LOOSE FLOWERS - SMALL & MARGINAL FARMERS (Rs. 40000 LAKH/HA)	Ha	15
20	SPICES (SEED SPICE AND RHIZOMATIC SPICES (Rs. 30000/HA)	Ha	25
21	REJUVENATION / REPLACEMENT OF SENILE PLANTATION INCULUDING CANOPY MANAGEMENT (Rs. 40000/HA)	Ha	1
22	CREATION OF WATER RESOURCES -COMMUNITY TANKS/ON FARM PONDS/ON FARM WATER RESERVOIRS WITH USE OF PLASTIC/RCC LINING	Nos	0.516
23	CREATION OF WATER RESOURCES -WATER HARVETING SYSTEM FOR INDIVIDUALS -FOR STORAGE OF WATER	Nos	5
24	GREEN HOUSE N.V.S -TUBULAR STRUCTURE	Sqm	1000
25	SHADENET (TUBULAR STRUCTURE)	Sqm	5000
26	PLASTIC MULCHING	Ha	100
27	ANTI BIRD /ANTI HAIL NETS	Sqm	15000
28	COST OF PLANTING MATERIAL OF HIGH VALUE VEGETABLES GROWN IN POLY HOUSE / SHADENET HOUSE	Sqm	1000
29	COST OF PLANTING MATERIAL OF CARNATION & GERBERA UNDEER POLY IN POLY HOUSE / SHADENET HOUSE	Sqm	1000
30	COST OF PLANTING MATERIAL OF ROSE AND ILILUM UNDER POLY HOUSE / SHADENET HOUSE	Sqm	1000
31	ORGANIC FARMING VERMI COMPOST UNITS/ORGANIC INPUT PRODUCTION HDPE VERMIBED	Nos	30
32	PACK HOUSE / ON FARM COLLECTION & STORAGE UNIT	Nos	15
33	PHM-EVEPORATED /LOW ENERGY COOL CHAMBER (8 MT)	Nos	2
34	PHM-LOW COST ONION STORAGE STRUCTURE (25 MT)	Nos	5
35	TRAINING OF FARMERS-WITHIN THE STATE	Nos	350
36	TRAINING OF FARMERS-OUTSIDE THE STATE	Nos	50
37	EXPOSURE VISIT OF FARMERS-OUTSIDE THE STATE	Nos	50
38	MARKETING INFRASTRUCTURE STATIC MOBILE VENDING CART/PLATFORM WITH COOL CHAMBER	Nos	2

नोट:–

1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षो में जिन लाभूको या उनके परिवार का चयन नही किया गया है केवल उन्हीका चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नही किया गया है उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. अनुसूचितजाति/अनुसूचितजनजाति/अल्पसंख्यक/महिला/दिव्यांग/लघु एवंसीमान्त कृषक/टानाभगत कृषक उत्पादक समूह (FPOs) को प्राथमिकता के आधार पर योजना सेलाभान्वित किया जायेग।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तरपर एम0आई0डी0एच0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय मेंपूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक–26.06.2024 तक जमा किया जाना है, उसके पश्चात आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में आवेदन पत्र निशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के सदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्डतकनी की प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक/उद्यानमित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 327068 Agriculture(24-25)#D

खबर मन्त्र

रांची.शुक्रवार . 21 जून 2024

योगमय विश्व

योग दुनिया को भारत की देन है। दुनिया के 175 देशों के समर्थन के बाद संयुक्त राष्ट्र ने हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने का फैसला किया। इस बार सातवें विश्व योग दिवस को भी कोरोना संकट के चलते वर्चुअली मनाने की कवायद जारी है। संयुक्त राष्ट्र ने इसकी थीम योगा फॉर वेल बीइंग यानी मानवता के कल्याण के लिए योग रखा है। संयुक्त राष्ट्र ने भी स्वीकारा है कि महामारी के दौरान योग ने न केवल संक्रमितों को स्वस्थ बनाने में मदद की है बल्कि पृथकवास के दौरान अवसाद से लड़ने की ताकत दी। योग के आठ अंग-यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इसे संपूर्णता प्रदान करते हैं। जहां यम के पांच प्रकार सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह हमें जीवन में वैचारिक पवित्रता की राह दिखाते हैं, वहीं नियम के पांच प्रकार शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्राणिधान व्यक्तिगत मूल्यों की स्थापना में सहायक हैं। सांसों से हम अपने तन-मन को साध सकते हैं। वहीं इंद्रियों के नियमन की प्रक्रिया को प्रत्याहार कहा जाता है। सही मायनो में योग मनुष्य को मानसिक, शारीरिक व आध्यामिक रूप से सशक्त बनाने का साधन है। पतंजलि से लेकर स्वामी योगानंद, स्वामी शिवानंद सहित देश के संतों माध्यम से योग पूरी दुनिया में फैला। आज भी देश के योग गुरु पूरी दुनिया में अपना वैभव स्थापित कर रहें हैं। जिस प्रकार की हिंसक और मातम का माहौल में वैसे योग एक शांति का दूत हैं। आज विश्व जिस तनाव से गुजर रहा है उसमें भारत के पंतजलि के द्धारा पांच हजार साल पुरानी योग पद्धति से सुख और शांति पाई जा सकती है। योग सदैव विश्व के कल्याण से जुड़ना सीखाता है। योग से एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और वैभवशाली विश्व का निमार्ण संभव है।

रेल हादसों से सबक

पहले उम्मीद जगी थी कि बालासोर त्रासदी से सबक लेकर रेल दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएंगे, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बदलते नजर नहीं आ रहे हैं। रेलवे तंत्र में कोताही का नमूना इस साल फरवरी में देखने को मिला था जब कठुआ से दासुया (पंजाब) के बीच लगभग सत्तर किलोमीटर दूरी तक एक मालगाड़ी बिना चालक के चली गई थी। सौभाग्य की बात है कि इस ट्रैक पर किसी रेल के न आने से दुर्घटना टल गई थी। बहरहाल, कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। फिर से टक्कर रोधी तकनीक के क्रियान्वयन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कहा जा रहा कि व्यस्त पूर्वोत्तर मार्ग पर यदि इसका क्रियान्वयन होता तो शायद इस दुर्घटना को टाला जा सकता था।सवाल यह है कि रेल मंत्रालय मानवीय भूल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को टालने के लिए गंभीर पहल क्यों नहीं करता। क्यों रेल दुर्घटनाएं रोकना सत्ताधीशों की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं होता? जिस ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली कवच को चरणबद्ध तरीके से जल्दी से लागू किया जाना चाहिए था, उस पर कछुआ गति से काम क्यों हो रहा है? एक ओर देश में बुलेट ट्रेन और तेज गति से चलने वाली अन्य ट्रेनों की बात की जा रही है, वहीं सामान्य गति से चलने वाली ट्रेनों को भी दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में हम विफल साबित हो रहे हैं। देश में फास्ट ट्रेनों की चकाचौंध व ग्लैमर के बजाय सामान्य गति की ट्रेनों की सुरक्षा को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि रेलवे में रिक्त पड़े लाखों पदों को नहीं भरा जा रहा है, जिससे रेलवे बढ़ती आबादी के दबाव में सुरक्षित रेल सेवा उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

योगेश्वर के योग से नियंत्रित संपूर्ण विश्व



योगियों की दुनिया विचित्र है। अद्भुत रहस्यों से भरी हुई। जिसे बिना समझे विचारे आँकना वैसा ही है जैसे काले गौगल्स पहन कर प्रकाश की न्यूनता पर टिप्पणी करना। और याद रहे, श्री कृष्ण योगेश्वर हैं–समस्त योग व योगियों के ईश्वर।

श्री कृष्ण के परे क्या?

जब श्री कृष्ण को योगेश्वर कहते हैं तो हमें उन्हें योग व योगियों का ईश्वर मानना ही होगा। उनसे बड़ा कोई नहीं, वे स्वयं कहते हैं मत्तः परतरं नास्ति कीन्चित अस्ति धनन्जय– मुझसे परे व बड़ा कोई नहीं, कोई नहीं, धनन्जय। तो अपने को विशिष्ट क्यों समझते हो? जब तक यह आत्म विशिष्टता रहेगी, तब तक आप आध्यात्म से कोसों दूर हो, भलेही सारा दिन राम-राम रटते हो। मैं और मेरा के वन में तुम्हारा राम भटक रहा है। ये मैं और मेरा जब भगवान के लिये हो जाता है तो आप अथाह समुद्र में कूप की भाँति हो जाते हो–यह समुद्र मैं हूँ या कहो मैं समुद्र में हूँ अब एक ही बात हो जाती है। यह ईश्वर मैं हूँ या मैं ईश्वर में हूँ में कहां अनंतर है। हाँ, एक को अद्वैत कहते हैं और दूसरे को भक्ति भाव और मेरे स्पष्टता के इस प्रयास को ज्ञान कहेंगे व इसके क्रीयान्वयन को योग। बात एक ही है, इसलिये भाषा के भेद जाल में ना फँसकर, सहजता से आत्मभाव में स्थिर रहो। जैसे गाड़ीवान के बैल को मारने पर रामकृष्ण परमहंस करहा कर गिर गये और उनकी पींठ पर डण्डे के निशान उभर आये। यह है आत्मभाव, जो शृष्टि के कण-कण के साथ आपकी सहज एकात्मता को अभिव्यक्त करता है। यही है श्री कृष्ण के कथन–**सर्वभूतस्थत्मात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि। ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।।**

का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हौं, कहने के लिये नहीं, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव! अपने बच्चे और पत्नि से परे जा ही नहीं पाता है, और करुणावश चला भी जाए तो, वह दो पल से अधिक नहीं ठहरता, और भगवान को भजते हो, जिसका सबमें समभाव है। ये द्वन्द ही तुम्हें ईश्वर के सही स्वरूप से दूर रखे है। ईश्वर बस हमारे परिवार को आगे बढ़ाये, उसकी रक्षा करे और दूसरे का परिवार जाये भाड़ में । वाह रे आपका आध्यात्मिक ज्ञान।

-मुरलीधर

ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।। का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हौं, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव!

बोध व बुधत्त्व

जितना तुम्हारा बोध है उतने बुद्ध तुम हो। अपने बुद्धत्व को जाने बिना आप बुद्ध को नहीं समझ सकते। अपने बुद्धत्व को नकार कर किसी बाहरी बुद्ध की खोज तुम्हें अपने तक लाती रहेगी जब तक कि तुम स्वयं अपने बुद्धत्व को नहीं समझ लेते। अपनी बुराइयों को जानकर उनसे मुक्त होने का भाव बोध है।उनसे मुक्त हो जाना बुद्धत्व है। इसे जो शत प्रतिशत करता है, वह महावीर है, और जो हृदय से करने का प्रयास कर रहा है, वह संघ गामी है। संघ गामी का आशय, बुद्ध के भौतिक संघ की ओर गमन करने वाला नहीं, वरन प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष बुद्ध के सत्संग में जाने वाला है। सत्संग की सही व्यख्या श्री कृष्ण ने मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परं सूत्र द्वारा की है। संघ सत्संग है, जो मुझमें चित्त व अपनी ऊर्जा को लगाते हुये परस्पर मेरी ही बात करते हैं वे मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च –मुझमें, मेरे साथ ही सन्तुष्ट रहते हुये रमण करते हैं। यह है बुद्ध शरणं गच्छामि का सही अर्थ।

शंखप्रक्षालन की एक क्रिया है। सभी प्रकार के उदर रोग तथा कब्ज मंदागिनी, गैस, अम्ल पित्त, खट्टी-खट्टी डकारों का आना एवं बवासीर आदि निश्चित रूप से दूर होते हैं। आंत, गुर्दे, अग्नाशय तथा तिल्ली सम्बन्धी सभी रोगों में लाभप्रद है। सर्वांगासन सर्वांगासन स्थितिः- दरी या कम्बल बिछाकर पीठ के बल लेट जाइए.

विधिः-दोनों पैरों को धीरे -धीरे उठाकर 90 अंश तक लाएं. बाहों और कोहनियों की सहायता से शरीर के निचले भाग को इतना ऊपर ले जाएँ की वह कन्धों पर सीधा खड़ा हो जाए। पीठ को हाथों का सहारा दें .. हाथों के सहारे से पीठ को दबाएं . कंठ से ठुड्ठी लगाकर यथाशक्ति करें फिर धीरे-धीरे पूर्व अवस्था में पहले पीठ को जमीन से टिकाएं फिर पैरों को भी धीरे-धीरे सीधा करें। लाभः- थायराइड को सक्रिय एवं स्वस्थ बनाता है। मोटापा, दुर्बलता, कद वृद्धि की कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं। लाभः मोटापा कम करने के आयुर्वेदिक उपाय एड्रिनल, शुक्र ग्रंथि एवं डिम्ब ग्रंथियों को सबल बनाता है। स्वस्तिकासन स्थितिः- स्वच्छ कम्बल या कपडे पर पैर फैलाकर बैठें। विधिः- बाएं पैर को घुटने से मोड़कर दाहिने जंघा और पिंडली (घुटने के नीचे का हिस्सा) और के बीच इस प्रकार स्थापित करें की बाएं पैर का तल छिप जाये उसके बाद दाहिने पैर के पंजे और तल को बाएं पैर के नीचे से जांघ और पिंडली के मध्य स्थापित करने से स्वस्तिकासन बन जाता है। ध्यान मुद्रा में बैठें तथा रीढ़ सीधी कर श्वास खींचकर यथाशक्ति रोकें।इसी प्रक्रिया को पैर बदलकर भी करें।

लाभः- पैरों का दर्द, पसीना आना दूर होता है। पैरों का गर्म या ठंडापन दूर होता है.. ध्यान हेतु बढ़िया आसन है।

गोमुखासन गोमुखासनविधिः–

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं नितम्ब के पास रखें। दायें पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर इस प्रकार रखें की दोनों घुटने एक दूसरे के ऊपर हो जाएँ।

दायें हाथ को ऊपर उठाकर पीठ की ओर मुडिए तथा बाएं हाथ को पीठ के पीछे नीचे से लाकर दायें हाथ को पकड़ें.. गर्दन और कमर सीधी रहे। एक ओर से लगभग एक मिनट तक करने के पश्चात दूसरी ओर से इसी प्रकार करें। जिस ओर का पैर ऊपर रखा जाए उसी ओर का (दाए/बाएं) हाथ ऊपर रखें.

लाभः- अंडकोष वृद्धि एवं आंत्र वृद्धि में विशेष लाभप्रद है। धातुरोग, बहुमूत्र एवं स्त्री रोगों में लाभकारी है। यकृत, गुर्दे एवं वक्ष स्थल को बल देता है।

खास बात

इस्लामिक देश होगा अफगानिस्तान

नागेन्द्र सिंह

अफगानिस्तान में शांति कायम करने के लिए भले ही सरकार की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं और तालिबान से भी वार्ता की जा रही है, लेकिन कट्टरवादी संगठन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है। उलटे तालिबान का कहना है कि अफगानिस्तान में शांति के लिए इस्लामिक व्यवस्था ही एकमात्र रास्ता है। सरकार के साथ जारी बातचीत के बीच रविवार को तालिबान ने कहा कि हम शांति वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन देश में 'वास्तविक इस्लामिक व्यवस्था' ही एकमात्र रास्ता है, जिससे युद्ध समाप्त हो सकता है और लोगों को उनके अधिकार मिल सकते हैं। तालिबान ने कहा कि इस्लामिक सिस्टम के तहत ही महिलाओं को भी उनके अधिकार मिल पाएंगे।

तालिबान और अफगानिस्तान सरकार के बीच बीते कई महीनों से बातचीत चल रही है, लेकिन गतिरोध कायम है। इस बीच मई से अमेरिकी सैनिकों की वापसी जारी है और इसके चलते तालिबान ने हिंसा का तांडव शुरू कर दिया है। अफगानिस्तान में इस बात को लेकर भी लोग खौफजदा हैं कि यदि तालिबान की सत्ता में वापसी होती है तो इस्लामिक नियमों के नाम पर वह क्रूर अत्याचार शुरू कर सकता है। एक दौर में तालिबान ने लड़कियों की स्कूली शिक्षा पर रोक लगा दी थी। इसके अलावा किसी अन्य व्यक्ति से संबंध बनाने पर महिलाओं को पत्थरों से मारने जैसी क्रूर सजाएं दी जाती थीं। ऐसे में लोगों को डर है कि तालिबान यदि सत्ता में आता है तो एक बार फिर से वैसा ही दौर शुरू हो सकता है।

एक तरफ तालिबान की ओर से अफगानिस्तान में हिंसा की जा रही है तो वहीं उसके सह-संस्थापक मुल्ला अब्दुल गनी बारादर का कहना है कि हम शांति वार्ता को जारी रखना चाहते हैं। बारादर ने कहा कि हम बातचीत में लगातार शामिल हैं।

यह इस बात का संकेत है कि हम आपसी समझ से सभी मुद्दों को सुलझाने के पक्ष में हैं। मुल्ला अब्दुल गनी ने कहा कि अफगानिस्तान में संघर्ष को खत्म करने का एक ही तरीका है कि इस्लामिक सिस्टम को स्थापित किया जाए और सभी विदेशी

योग एक अनुभव

विचार-प्रवाह

डॉ संजय द्विवेदी

भारतीय ज्ञान परंपरा में योग एक अद्भुत अनुभव है। योग भारतीय ज्ञान का एक ऐसा वरदान है, जिससे मनुष्य की चेतना को वैश्विक चेतना से जुड़ने का अवसर मिलता है। वह स्वयं को जानता है और अपने परिवेश के साथ एकाकार होता है। विश्व योग दिवस, 21 जून के बहाने भारत को विश्व से जुड़ने और अपनी एक पहचान का मौका मिला है।

दुनिया के तमाम देश जब योग के बहाने भारत के साथ जुड़ते हैं तो उन्हें भारतबोध होता है, वे एक ऐसी संस्कृति के प्रति आकर्षित होते हैं जो वैश्विक शांति और सद्भाव की प्रचारक है। कोरोना संकट के बहाने एक बार फिर हमें हमारी जड़ों की ओर लौटने का विमर्श चर्चा में है। हाथ जोड़कर नमस्कार करने से लेकर योग और प्राणायाम के साथ ही संतुलित दिनचर्या का महत्त्व समझ में आया। प्रकृति से संवाद करते हुए जीवन जीने की सार्थकता भी प्रकट हुई।

योग दरअसल भारत की शान है, योग करते हुए हम सिर्फ स्वास्थ्य का विचार नहीं करते बल्कि मन का भी विचार करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व योग दिवस को मान्यता देकर भारत के एक अद्भुत ज्ञान का लोकव्यापीकरण और अंतराष्ट्रीयकरण करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके लिए 21 जून का चयन इसलिए किया गया क्योंकि इस दिन सबसे बड़ा दिन होता है।

योग कोई धार्मिक कर्मकाण्ड नहीं है, यह मन और जीवन को स्वस्थ रखने का विज्ञान है। यह पूर्णतः वैज्ञानिक पद्धति है, जिससे व्यक्ति की जीवंतता बनी रहती है। भारत सरकार के प्रयासों के चलते योग अब एक जनांदोलन बन गया है।

भारत की महामहिम राष्ट्रपति आदरणीया द्रौपदी मुर्मू जी को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई। पहाड़ी बाबा से आपके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

– संजय सेठ, सांसद रांची

आपके ट्वीट

झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। **– चंपई सोरेन**

योग हमें स्ट्रेस से स्ट्रेंथ और निगेटिविटी से क्रिएटिविटी का रास्ता दिखाता है।

योग हमें अवसाद से उमंग और प्रमाद से प्रसाद तक ले जाता है।

– नरेन्द्र मोदी

योगिक श्वसन से हो सकती है आयु में वृद्धि

सुधांशु कुमार

जीवन रक्षा के लिए उसे पहली बार श्वास लेनी पड़ती है ।पहली श्वसन क्रिया में उसे जो कष्ट और पीड़ा होती है, उसकी अभिव्यक्ति शिशु के प्रथम रुदन में सुनी जाती हैं। सांस लेने और छोड़ने का यह अनवरत क्रम मृत्यु पर्यंत चलता रहता है ।सांस का चलना ही जीवन की पहचान है । सांस का रुक जाना मृत्यु है । वायुमंडल में अनेक प्रकार के गैस, धुआं, पानी की वाष्प आदि सूक्ष्म कण पाए जाते हैं। इनमें से 15 - 20% ऑक्सीजन गैस होती है, यही प्राणवायु रक्त में मिलकर पूरे शरीर में दौड़ जाती है। रक्त हमारे प्रत्येक भाग तक पहुंचकर पोषक तत्व तथा उर्जा पहुंचाता है ।

श्वास नलिका वाला मार्ग दो श्वास नलिकाओं में विभाजित होकर सूक्ष्म नलिकाओं द्वारा दोनों फेफड़ों में वायु पहुंचाता है । दोनों फेफड़ों में लगभग 65 करोड प्रकोष्ठ होते हैं ।यदि इन सब को भरा जाए तो साढे छ लीटर आयतन की वायु इसमें समा सकती हैं ।उसके वायु में ऑक्सीजन का विच्छेदन तथा और अवशोषण किया जाता ।वायुमंडल में ऑक्सीजन की पूर्ति करते रहने की व्यवस्था प्रकृति में वृक्षों तथा सूर्य को सौंपी है । सूर्य की रोशनी तथा ताप पाकर वृक्षों के पत्ते कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं तथा ऑक्सीजन को छोड़ते हैं।

पीपल, नीम, तुलसी और बड के पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ते हैं । अतः श्वास रोगियों को इन वृक्षों के नीचे

योग दर्शन

प्रतिदिन आधा घंटा बैठकर गहरी श्वास भरनी चाहिए । इस प्रकार किसी व्यक्ति द्वारा सांस लेने और छोड़ने की जो क्रिया होती है वह श्वसन क्रिया कहलाती है।

यदि व्यक्ति प्रतिदिन 10 मिनट निरंतर प्राणायम करें तो श्वास संबंधी कोई भी समस्या उस व्यक्ति को नहीं आ सकती है। प्रतिदिन व्यक्ति को अपने शरीर के श्वसन प्रक्रिया को निरंतर चलाने के लिए ताड़ासन, विरासन, त्रिकोण आसन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार, गोमुखासन, पवनमुक्तासन तथा प्राणायम में कपालभाति, भस्त्रिका, नाड़ी शोधन, सूर्यभेदी, चंद्रभेदी आदि करके श्वसन क्रिया को सुचारु रुप से स्वस्थ और तंदुरुस्त रखा जा सकता है । प्राणायम करते समय श्वास नली, फेफड़ो और पेट में जो हलचल होती है, उससे शरीर के भीतर और बाहर कंपन - अकंपन उत्पन्न होती है । इन कम्पन का शरीर के भीतर भागों पर आश्चर्यजनक प्रभाव आसानी से अनुभव किया जा सकता है।इस प्रभाव व अनुभव को संवेदना भी कहा जा सकता है। सही श्वसन क्रिया में एक बार में 24 सेकंड लगते हैं ।इस प्रकार 1 मिनट में कुल ढाई बार ही श्वसन क्रिया हो सकेगा ।हम एक मिनट में 16 से 18 बार श्वास लेकर छोड़ देते हैं, इस जल्दी बाजी के कारण ना तो शरीर की आवश्यकताओं की समुचित पूर्ती हो पाती है और ना ही शरीर ठीक से शुद्ध हो पाता है । योगिक विधि से श्वास लेने वाला व्यक्ति, सामान्य श्वास लेने वालों द्वारा 1 घंटे में लिए जाने वाली ऑक्सीजन के बराबरी, सिर्फ 1 मिनट में ही कर लेता है । इस तरह 24 या 25 योगिक श्वसन भरकर सामान्य व्यक्ति से दो गुना लाभ सहज ही उठाया जा सकता है। यदि हम श्वास की समस्या है तो हमें यह पता करना चाहिए की श्वास की समस्या से छुटकारा पाने के लिए कौन सा प्राणायाम करने की आवश्यकता है

जब हम उदर प्राणायम करते हैं तब हो गहरी श्वास लेते हैं और श्वास पेट के अंदर तक ले जाते हैं ।तब फेफड़े में अधिक मात्रा में वायु चली जाती हैं, जिससे हमारी तो श्वास लेने की क्रिया ठीक हो जाती है। मनुष्य को अपना जीवन लंबे समय तक जीने के लिए श्वसन क्रिया की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है।

कार्टून वर्ल्ड

लेटर टू एडिटर



गलत भाषा

हाल ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। **– पूनम, रांची**

सावधानी आवश्यक

अब तीसरी लहर के कहर की बात हो रही है। किसान आंदोलन ने आम आदमी के दिमाग से कोराना का खौफ निकाल दिया था। वैक्सीन आने के बाद तो हमारा विश्वास और भी मजबूत हो गया कि कोराना हमारा क्या कर लेगा? बची-खुची कसर देश के निर्वाचन आयोग और नेताओं ने पूरी कर दी। मेडिकल साइंस लगातार कह रही है कि वैक्सीन के बाद भी सावधानी बरतें। **– रमाकांत, जमशेदपुर**

स्वर योग से होता है शक्तियों का जागरण

डॉ परिणीता सिंह

*** स्वर के माध्यम से मनुष्य आत्मसाक्षात्कार की अवस्था को भी प्राप्त कर सकता ।**

*** स्वरों का संतुलन योग के अनेक पद्धतियों द्वारा किया जा सकता है**

*** तीन विशेष प्राणायाम जो शरीर मे प्रतिरोधक क्षमता एवं आत्मबल को बढ़ाता है, वो हैं – भस्त्रिका, नाड़ी शोधन एवं भ्रामरी । स्वर योग एक वृहद विज्ञान है । प्रत्येक व्यक्ति में भिन्नता श्वसन प्रक्रिया के अनुसार पाई जाती है ।**

इन स्वरों में परिवर्तन कर के रोगों से मुक्ति या स्वस्थ शरीर को ही प्राप्त नहीं कर सकते, वरन् यह हमारे सूक्ष्म शरीर में स्थित शक्तियों को भी जगाने का कार्य करती हैं।

स्वर के माध्यम से मनुष्य आत्मसाक्षात्कार की अवस्था को भी प्राप्त कर सकता ।यह स्वर हमारे दायीं एवं बायीं नासिका से

योग ज्ञान

प्रवाहित होने वाली प्राणशक्ति है ।दाईं नासिका को सूर्य नाड़ी एवं बाईं नासिका को चंद्र नाड़ी कहते हैं ।यह दोनों नाडिया हमारे मस्तिष्क के दोनों गोलार्द्ध पर प्रभाव डालती हैं।हमारा दाहिना गोलार्द्ध समग्र सोच, रचनात्मक, कल्पना, अनुभूति, अन्तर्ज्ञान के लिए तथा बायां गोलार्द्ध तर्कसंगत, तार्किक विश्लेषण, गणितीय संगणना के लिए उत्तरदायी है ।जब हम स्वर प्रभाव द्वारा अपने प्राण के प्रति सजग होते हैं तो यह प्राण मस्तिष्क की गोलार्द्ध के साथ संपूर्ण मस्तिष्क के कार्यप्रणाली पर प्रभाव डालता है । स्मरण शक्ति, संकल्प शक्ति, संचार, स्वशन केंद्र, भूख, प्यास, शरीर तापमान के अलावा अवचेतन एवं चेतन मन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है ।

यह बदलाव मनुष्य के तीनों शरीर (स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण) पर पड़ता है । जिस कारण मस्तिष्क का निष्क्रिय भाग पर भी प्राण का प्रभाव होने लगता है। प्राण प्रभाव इन भागों के प्रति चेतना को जागृत करता है। इन स्वरों का संतुलन योग के अनेक पद्धतियों द्वारा किया जा सकता है, परंतु प्राणायाम सबसे सुगम मार्ग है ।

विभिन्न प्रकार के प्राणायाम द्वारा इन्हीं सूर्य एवं चंद्र को संतुलित किया जाता है ।

यह मस्तिष्क में शांति एवं स्थिरता के साथ पंचप्राण को भी व्यवस्थित करता है ।

तीन विशेष प्राणायाम जो शरीर को स्वस्थ शरीर के साथ प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है, वो हैं - भस्त्रिका, नाड़ी शोधन एवं भ्रामरी ।यह तीनों प्राणायाम शरीर के सूक्ष्म स्तर पर परिवर्तन लाता है। जो स्थूल शरीर द्वारा परिलक्षित होता है । भस्त्रिका प्राणायाम द्वारा वात, पित्त और कफ को शरीर में संतुलित किया जाता है जो शरीर को आंतरिक दृढ़ता प्रदान करता है ।

नाड़ी शोधन प्रणाम जिसमें लंबी गहरी श्वास ली जाती है और छोड़ी जाती है, जो रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाता है ।यह अभ्यास शुद्धीकरण का भी काम करता है

भ्रामरी प्राणायाम द्वारा मस्तिष्क को शांत एवं एकाग्र बनाया जाता है ।शरीर के अंदर स्त्रावित होने वाले हारमोंस का स्त्राव भी अच्छे से होता है, जो मनुष्य की मनोदशा, विचारों एवं जीवनी शक्ति में सकारात्मकता लाता है।

(लेखिका वाइस प्रेसिडेंट इंडियन योग एसोसिएशन सह डायरेक्टर , डिवाइन योगा अकेडमी हैं।)

स्पीड न्यूज

रायडीह प्रखंड में आयोजित आम उत्सव सह बागवानी मेला में शामिल हुए डीसी

रायडीह। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी गुरूवार को रायडीह स्थित प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान प्रखंड परिसर में बिरसा हरित ग्राम योजन अंतर्गत प्रखंड स्तर पर आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया था। उक्त मेले में विभिन्न पंचायतों के किसानों ने अपने बगान के आम का स्टॉल लगाया एवं मेले में आए खरीदारों के बीच आम की बिक्री की। इस मेले में लगभग 10 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। इसी बीच उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उक्त मेले का जायजा लिया। उन्होंने सभी स्टॉल्स को देखा एवं विक्रेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उपायुक्त ने भी वहां से आम की खरीदारी की। इसके पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित सिद्धू कान्हु प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया एवं आवागमन पंजी भी देखी। इस दौरान बीडीओ सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

19 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार, गये जेल

गुमला। गुमला पुलिस ने 19 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। ब्राउन शुगर की कीमत 20 हजार रूपया आंका जा रहा है। गिरफ्तार युवक ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते हैं। गिरफ्तार युवकों में शहर के सरना टोली श्मशान घाट रोड निवासी अमित कुमार साहू उर्फ.धकड़ू, लोहरदगा रोड निवासी राहुल कुमार साहू उर्फ.ताऊ और फुलवार टोली निवासी अमित गोप शामिल है। इस संबंध में गुरूवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक फुलवार टोली में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया। बुधवार की शाम पुलिस टीम शहर से सटे फुलवार टोली स्थित अमित गोप के घर पहुंच कर छापामारी किया। जहां पर तीन युवक मिले। जिनकी तलाशी लेने पर करीब 3.80 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में युवकों ने बताया एक पुड़िया 700 रुपए में बेचते हैं और फोन के माध्यम से जान पहचान वालों को ही ब्राउन शुगर देते हैं। तीनों युवकों को जेल भेज दिया गया।

वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के टोटाम्बी के समीप गुरुवार को प्रातः साढ़े 8 बजे सड़क किनारे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घायल सड़क किनारे तड़पता रहा। इस क्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत उर्फ टुनटुन घाघरा से गुमला जा रहे थे। सड़क किनारे तड़पता हुआ बुजुर्ग व्यक्ति को देखा। इसके बाद उन्होंने अपना वाहन रोका। 108 एम्बुलेंस को कॉल कर उक्त घायल बुजुर्ग व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भेजवाया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। उसकी पहचान अभी नही हो पाई है।

आजसू स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रुप में मनायेगा : बोनीफास कुजूर

चैनपुर। आजसू के केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर ने कहा है कि 22 जून को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमे मुख्यातिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकरी नेता सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर रहेंगे। वहीं गुमला विधानसभा क्षेत्र से एक हजार नए युवाओं को आजसू पार्टी के विचारों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही साथ युवा सम्मेलन में सभी युवाओं को भाग लेना अनिवार्य है। सभी प्रखंडों से हजारों की संख्या में रायडीह प्रखंड के पतराटोली स्टेडियम में यूथ के साथ बैठक रखा गया है।

चैनपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

चैनपुर। चैनपुर पुलिस ने गुरुवार को थाना के समीप सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें सभी दो पहिया व चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। वहीं बड़े गाड़ियों के डिक्की की जांच भी की गयी। दो पहिया वाहन के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन तथा कागजों का जांच की गई। बिना हेलमेट के चलने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी दी गई। थाना प्रभारी अजय यादव ने बताया की वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सभी वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें एवं गाड़ी से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखें। मौके पर थाना के एस आई मदन शर्मा सहित थाना के जवान मौजूद थे।

जिले में सपनों की उड़ान नामक साइन्स ओलंपियार्ड का आयोजन 26 जून को

गुमला। सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा जिले के शिक्षा विभाग एवं कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय तथा सरकारी आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए साइन्स ओलंपियार्ड के आयोजन का निर्णय लिया गया है। सपनों की उड़ान नामक इस साइन्स ओलंपियार्ड का आयोजन 26 जून 2024 को किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय स्थित तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सहित दस कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, दो झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित छः आवासीय विद्यालय के कक्षा 09 एवं कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्रा भाग लेंगे। साइन्स ओलंपियार्ड में भाग लेने के लिए इन विद्यालयों में कक्षा 09 में पढ़ने वाले 950 बच्चें तथा कक्षा 11वीं विज्ञान में पढ़ने वाले 392 बच्चों को आमंत्रित करते हुए संबंधित विद्यालयों को आवश्यक तैयारियों हेतु निर्देशित किया गया है।

नगर परिषद के पार्किंग का नया नियम व्यापारी हित में सही नहीं : दामोदर कसेरा

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में चेम्बर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर लोगों ने विचार रखे। रेजगारी के सम्बन्ध में अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बताया की प्रमुख बैंको से बात हुई है एवं फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को भी रेजगारी उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया गया है। श्रम विभाग द्वारा प्रतिष्ठानों में बाल मजदूरी नहीं करवाने को लेकर जारी सूचना पत्र को प्रत्येक दुकान में लगवाने का निर्णय लिया गया। गुमला में नये पार्किंग स्थल चिन्हित करने को लेकर व्यापारियों को हो रही समस्या के विरोध में नगर परिषद से चेंबर डेलिगेट्स मिलकर नियम में बदलाव की मांग रखेगी। पूर्व अध्यक्ष विनोद केसरी ने गुमला में विद्युत आपूर्ति में सुधार करवाने की मांग चेम्बर अध्यक्ष से की। पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी ने फूड लाइसेंस बनवाने में आ रही परेशानी का मामला उठाया। बैठक में अध्यक्ष दामोदर कसेरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनोद केसरी, पवन अग्रवाल, दीपक गुप्ता, पदम साबू, हिमांशु केसरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू, आदित्य गुप्ता, प्रणय कुमार, राजेश लोहानी, गुरमीत सिंह, दिलीप गुप्ता, बृज किशोर फोगला, आनंद गुप्ता, विकास सिंह, रितेश कुमार, प्रतीक अग्रवाल, मनीष गुप्ता, श्याम गुप्ता, सुषमा गुप्ता, सोनी देवी, ललित गुप्ता, राहुल केसरी, विजय शंकर दास एवं अन्य उपस्थित थे।

बाल श्रमिक रोकथाम को लेकर चला अभियान

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। 1 जून से 30 जून 2024 तक चाइल्ड एंड एडोलेसेंट लेबर का पैन इंडिया बचाव और पुनर्वास अभियान के संचालन एवं (प्रोहिबिशन एंड रेगुलेशन एक्ट) एक्ट 1986 का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु श्रम अधीक्षक दीप्ति लॉरी तिर्की के अगुवाई एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के संयुक्त मार्गदर्शन में गुरुवार को धावा दल के द्वारा शहरी क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस क्रम में कुडु प्रखंड के विभिन्न होटल ,गैराज एवं ढाबों में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। साथ ही साथ बाल श्रम विषय पर जागरूकता एवं पंपलेट चिपकाए गए। रेस्क्यू अभियान में बाल श्रम करते हुए कोई भी बालक नहीं पाए गए। साथ ही रेस्क्यू अभियान में थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो द्वारा पुलिस टीम मुहैया कराया गया। धावा दल के रेस्क्यू अभियान में श्रम अधीक्षक के द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि 14 वर्ष से कम उम्र के बाल को एवं खतरनाक नियोजन में आयु वर्ग 14 से 18 वर्ष का नियोजन प्रतिषेध है। उल्लंघन की स्थिति में 20000 रुपए से 50000 तक का जुमार्ना या 6 माह से 2 वर्ष तक का सश्रम कारावास या दोनों हो सकता है। धावा दल के रेस्क्यू अभियान में बाल कल्याण समिति लोहरदगा के पूजा कुमारी, मनोरमा मिंज, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, एलजीएसएस के जितेंद्र कुमार व अनूप कच्छप, चाइल्ड हेल्पलाइन लोहरदगा से रवि कुमार तथा श्रम विभाग के दयानंद कुमार इत्यादि मौजूद थे।

रायडीह प्रखंड के कोब्जा पंचायत स्थित नकटीझरिया ग्राम का डीसी ने किया दौरा

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरूवार को रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के कोब्जा पंचायत के नकटीझरिया ग्राम का दौरा किया। उक्त ग्राम वासियों ने मंगलवार को जिले में आयोजित हुए जनशिकायत निवारण दिवस में आकर उपायुक्त से मुलाकात की थी एवं उनके गांव तक जाने के लिए पक्की सड़क के निर्माण हेतु उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने उनके गांव का दौरा करने का वायदा किया था। इसी क्रम में उपायुक्त ने उक्त ग्राम का भ्रमण कर वहां के नागरिकों से मुलकात की। 35 परिवारों वाले नकटीझरिया ग्राम में रौतिया एवं नगेसिया समुदाय के नागरिक लोग रहते हैं एवं उनकी आजीविका लाह एवं धान की खेती से चलती है। उक्त गांव तक पहुंचने के लिए उपायुक्त ने मुख्य सड़क से बाइक के माध्यम से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की। उपायुक्त ने सड़क की समस्या को देखा एवं उन्होंने आर.ई.ओ. विभाग के सहायक अभियंता को सोमवार तक मुख्य सड़क से उक्त ग्राम तक के लिए पहुंच पथ बनाने हेतु भौतिक परीक्षण करते हुए प्रकलन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार के अन्य योजनाओं का लाभ लें स्वयं को जागरूक बनाएं एवं अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। परंतु ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है कि वे सरकार को सहयोग करें एवं स्वयं को जागरूक बनाएं। उपायुक्त ने ग्रामीणों से अन्य समस्याओं के बारें में भी जाना।

क्षेत्र की जनता का विकास करना हमारी प्राथमिकता : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा लोहरदगा नगर क्षेत्र के बक्शीडीपा, रियाडा, छत्तर बगीचा, नवाडीपाड़ा, बी एस कॉलेज में भ्रमण कर स्थानीय जनता से मुलाकात किया एवं क्षेत्र की जनता से रूबरू होते हुए आम जनता के समस्याओ से अवगत हुए। मौके पर आम लोगो द्वारा पेयजल, सड़क निर्माण, बिजली, राशन कार्ड, आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी से संपर्क कर समस्या को दूर किया और हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। मंत्री उरांव ने कहा की हमारी प्राथमिकता क्षेत्र की जनता का सर्वांगीण विकास करना है। मैं लोहरदगा की जनता की सुख-दुख का साथी हूं, हर एक समस्याओं का क्रमवार समाधान करने के लिए प्रयासरत हूं, गांवों शहरों सभी क्षेत्रों का भ्रमण कर मैं आम जनता के द्वार तक पहुंच कर उनके समस्याओं का समाधान कर रहा हूं। इसके साथ-साथ सामाजिक विकास के लिए अखड़ा निर्माण, धूमकुडिया भवन निर्माण, पड़हा भवन निर्माण के साथ साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया जा रहा है। जहां सड़क की आवश्यकता है वैसे जगह पर विधायक निधि से एवं संबंधित विभाग से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। पेयजल की आपूर्ति के लिए सभी पंचायत में चापाकल निर्माण कराया जा रहा है। हमारी गठबंधन सरकार समाज के सभी वर्गों का विकास के लिए आने को कार्य कर रही है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अशोक यादव, पंकज जायसवाल, विशाल डुंगडुंग, सत्यदेव भगत, दीपक जायसवाल, संजय नायक, फुलझरी देवी, असलम अंसारी, रंजीत नायक, नंदलाल उरांव, करमचंद उरांव, विनोद उरांव, मंजू उरांव, रीना उरांव, जयपाल उरांव, बालमानी उरांव, दिलीप भगत, सुखनाथ खेस, महेश्वर उरांव, विनय उरांव, पहियस मिंज, प्यारी मिंज, शीला उरांव,चंद्रमणि उरांव, सृष्टि, सौरभ आदि उपस्थित थे।

बीडीओ ने रुकी व आदर पंचायत का किया निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा दिनेश कुमार ने गुरुवार को रुकी और आदर पंचायत में बन रहे अबुवा आवास और कूप निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस क्रम में उपस्थित कर्मियों और लाभुकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही अबुवा आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही। ताकि जल्द से जल्द आवास का कार्य पूरा कराया जा सके। साथ ही जिनका कूप निर्माण अधूरी है। उसे जल्द पूरा करने की बात कही। ताकि बरसात से पूर्व कूप निर्माण पूरा हो सके। ताकि उनका नुकसान ना हो। इस मौके पर पंचायत सचिव आशिक मीर,आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, सहायक अभियंता रंजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

जारी में सुखदेव भगत ने निकाला आभार यात्रा

खबर मंत्र संवाददाता

जारी। लोहरदगा लोकसभा मे बड़ी जीत हासिल के बाद गुरूवार कों सांसद सुखदेव भगत ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जारी प्रखंड में आभार यात्रा निकाली। आभार यात्रा मेराल, बारडीह, भिखमपुर , रुद्रपुर, गोबिन्दपुर पारसा में निकाला गया। वहीं आभार यात्रा जारी पहुंचा। जहां नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत एव उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा परमबीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद सांसद ग्रामीणों के साथ रूबरू हुए। वहीं भगत गोबिन्दपुर में अपने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि जो भी कमी जारी प्रखंड में है। उसे पूरा करने का कोशिश करूंगा। वही जारी के सभी मीडिया कर्मियों से भी प्रखंड के साथ साथ उन सभी का हाल चाल के बारे में पूछा। साथ ही कहा कि किसी प्रकार को भी दिक्कत हो तो निःसंकोच हमे फोन करें। मै समस्या का समाधान करने का हर सम्भव प्रयास करूंगा। आभार यात्रा डुमरी के रजावल पारिस पहुंचा। जहां सांसद सुखदेव भगत ने पारिस फादर से मुलाकात किया। मौके पर फादर ललित मिंज, फादर प्रेम, इन्दवार, फादर फिलमोन एक्का, आलोक साहू, राजेश टोप्पो,जाकिर खान, मोती चौधरी, रिजवान अन्सारी, अर्जून लकड़ा, भालेन मिंज,चाजरेण मिंज, माईकल कुजूर, शुशील दीपक मिंज, अल्बर्ट तिग्गा, रघुनंदन प्रसाद सहित आभार यात्रा मे कंग्रेस एवं जेएमएम के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पतंजलि महोत्सव के रूप में मनायेगी, कई स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

लोहरदगा। दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, किसान समिति एवं महिला योग समिति के तत्वावधान में लोहरदगा जिले में दर्जनों स्थानों पर योग महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के पदाधिकारी सह जिला जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने बताया कि वह खुद व्यवहार न्यायालय प्रांगण में योग दिवस पर योग अभ्यास करेंगे, इसी तरह राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे, अभय भारती सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र, वरीय योग शिक्षक वासुदेव महतो सह प्रभारी वासुदेव महतो रेलवे कर्मचारी एवं अधिकारियों के बीच लोहरदगा रेलवे स्टेशन में, युवा भारत के शिवराज विजय महतो व निर्भय भारती कस्तूरबा गांधी विद्यालय में एवं योगाभ्यास कराएंगे। इसी तरह प्रखंडों में भी प्रखंड प्रभारी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय एवं विभिन्न विद्यालयों में महोत्सव मनाएंगे।

विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पूर्वाभ्यास कराया गया

भंडरा। स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हारिया भंडरा में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पूर्वाभ्यास कराया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ने भी योग का अभ्यास किया। लोहरदगा जिला की महिला कराटे प्रशिक्षिका सेंसाई सूर्यवती देवी एवं रेंसी श्रवण साहू के द्वारा योग का पूर्वाभ्यास कराया गया। इस पूर्व अभ्यास में आयुष मंत्रालय के द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत योग का अभ्यास कराया गया। जिसमें ग्रीवा चालन, स्कंद चालन, पाद हस्त आसान, वज्रासन, सलभासन, मकर आसान, भुजंगासन आदि आसनों का अभ्यास कराया गया साथ ही प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रशिक्षण प्रिंसिपल पारस मिश्रा ने बताया कि सभी मनुष्यों को स्वस्थ रहने के लिए योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए और योग के अभ्यास से विशेष कर छात्र-छात्राओं में सर्वांगीण विकास होता है। इस मौके पर शिक्षक सुनील उराव, वुडन खलखो, दीपा कुमारी, संध्या लाल, रोहित कुमार, अनुराग केसरी, रामधनेश मेहरा आदि मौजूद थे।

प्रवीण बने जय श्रीराम समिति के कार्यकारी अध्यक्ष

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के हेंदलासो गांव में पंचायत अध्यक्ष सूरज साहदेव की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी उपस्थित हुए बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं जिला चुनाव को लेकर खास चर्चा हुई। बैठक में सर्व समिति से कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण राम को बनाया गया। जिला पदाधिकारी ने प्रवीण राम को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला की ओर से बधाई देते हुए जल्द से जल्द सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यता रसीद काटने का निर्देश दिया। मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत नगर महामंत्री सुशील पटनायक पंचायत अध्यक्ष सूरज शाहदेव, महामंत्री सुनील साहू, प्रवीण राम, कृष्णा पासवान, पवन बैठा, मनीष कुमार, रवि कुमार, महावीर ठाकुर, योगेश कुमार, दीपक कुमार देव, विकास शिव चौधरी, राजेंद्र ठाकुर, रोहित राम, दिवाकर कुमार, समोध राम,सुनील राम,प्रभाकर सहदेव, सचित वर्मा, शिव चौधरी, राजेंद्र राम, प्रेम राम, कमलेश ठाकुर, मनीष ठाकुर समेत आदि मौजूद थे।

संस्थाओं की तत्परता से कैरो में रोका गया बाल विवाह

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन लोहरदगा, बाल कल्याण समिति लोहरदगा एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी की तत्परता से एक बच्ची की जिंदगी बच गई। 14 वर्षीय बच्ची का बाल विवाह को रोका। मामला कैरो प्रखंड का है जहा एक ग्राम में 19 जून को एक बालिका का बाल विवाह किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। लड़की कैरो प्रखंड की है जबकि लड़का खूंटी जिले का है। लड़की की उम्र लगभग 14-15 वर्ष की है। जिसकी सूचना जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा कैरो बीडीओ-सह- बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, थाना प्रभारी, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका तथा मुखिया को दी गई साथ ही खूंटी जिला के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं बाल कल्याण समिति खूंटी को इसकी जानकारी दी गई। बीडीओ, थाना प्रभारी एवं मुखिया द्वारा बालिका के परिजनों से संपर्क कर उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणाम तथा बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया की लड़की की 18 वर्ष से कम तथा लड़के के 21 वर्ष से कम उम्र में शादी किया जाना कानूनन अपराध है।

सिकल सेल एनीमिया का जांच शिविर आयोजित

कैरो। स्वास्थ विभाग द्वारा मध्य विद्यालय हनहट में उप स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों व ग्रामीणों के बीच सिकल सेल एनीमिया का जांच शिविर लगाकर किया गया। शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों का रक्त लेकर किट के माध्यम से जांच कर जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित डॉ सिफा लकड़ा ने बताया कि आज के समय में सिकल सेल एनीमिया की जांच करना आवश्यक है। जिसका रिपोर्ट में प्रॉब्लम होगा उसे आगे भेजा जाएगा। मौके पर सुनीता तिग्गा, संजय सहित छात्र-छात्रा व ग्रामीण मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

सभी के सहयोग से करें नशामुक्त राष्ट्र का निर्माण : रीना

जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। राज्य सरकार के निदेश पर जिला समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा द्वारा गुरूवार को मादक पदार्थों पर रोक हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आज समाज में प्रत्येक वर्ग के बच्चे नशा से ग्रसित हैं। समाज कल्याण कार्यालय द्वारा यह कार्यशाला रखी गई है जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र की कर्मीगण भी हैं जिनकी पहुंच के प्रत्येक वर्ग तक है। अक्सर पंचायत व प्रखण्ड स्तर में नशा के विरूद्ध अभियान चलाये जाने की बात होती है। इसमें आंगनवाड़ी सेविकाओं की भूमिका बढ़ जाती है। आप अपने अपने आंगनवाड़ी क्षेत्र में जाएं और नशा से ग्रसित किशोरों व युवाओं को जागरूक करें और नशा छुड़वाएं। साथ ही जिला के साथ-साथ राज्य और पूरा राष्ट्र नशामुक्त बनेगा।

नशा करनेवालों की काउंसलिंग जरूरी : डीडीसी

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि आज बच्चें व किशोर आसानी से नशे की गिरफ्त में आ जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण सोशल मीडिया के जरिये मांदक पदार्थों तक आसानी से पहुंच होना है। लोग असानी से मादक पदार्थों के विक्रेताओं तक पहुंच जा रहे हैं। आज नशा का तरीका भी बहुत एडवांस हो चुका है। ऐसे में बच्चों व किशोरों समेत जो भी नशा करते हैं उनका काउंसलिंग जरूरी है। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक के लिए 19 से 26 जून 2024 तक चल रहे अभियान की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही बताया कि अगर कोई भी नशे की गिरफ्त में है तो इसकी सूचना टॉल फ्री नंबर 112 पर कॉल कर दी जा सकती है। हम सभी को अभियान को सफल बनाना है और लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाना है। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष /सचिव आदि उपस्थित थे।

योग के प्रति आम जनता में जागरूकता को लेकर योग परिवार ने निकाला प्रभातफेरी

तनाव व डिप्रेशन को कम करता हैं योग: डॉ निर्मला सिन्हा

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। योग परिवार गुमला की बैठक गुरूवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आयुष्य विभाग के जिला प्रभारी डॉ निर्मला सिन्हा, जिला खेलकूद पदाधिकारी मनोज कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। गुमला शहर मे योग के सम्बन्ध मे आम जनता के बीच जागरूकता लाने हेतु प्रभात फेरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जुलूस मे शामिल लोगो द्वारा नारा लगाते हुए शहर का भ्रमण किया गया। मौके पर डॉ निर्मला सिन्हा ने कहा कि योग हमे शारिरिक रुप से स्वस्थ, मानसिक रुप सतर्क और अध्यात्मिक रुप से जागरुक रहने मे मदद करता है। योग टेन्शन और डिप्रेशन को कम करने मे मदद करता है। योग बच्चो के लिये भी लाभदायक है। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि आज गुमला मे भी सरकारी स्तर से योग शिविर आयोजित है। योग मनुष्य के शरीर और मन को स्वस्थ रखने से संबंधित है। योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह गुमला नगर भवन मे आयुष्य विभाग द्वारा सुबह 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया गया है। जिसमे हम सभी सुबह एकत्रित होकर कार्यक्रम मे अपनी भागीदारी निभाएंगे। अन्त मे योग परिवार के कोषाध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने उपस्थित लोगो के प्रति अभार प्रकट करते हुये सभी को धन्यवाद ब्यक्त किये। कार्यक्रम में योगेन्द्र प्रसाद साहु, सन्तोष झा, संजय साहु, ब्रज मोहन सिंह, जयकान्त राय, रतन कुमार, कृष्णा सोनी, रणधीर वर्मा, सानु बहादुर, सुदामा बड़ाईक, सतीश बड़ा, शिव कुमार लाल, अशोक आनन्द, सरिता देबी, कान्ती देबी शशि किरण जायसवाल, राबिन्दर कौर, भारती देबी, रेणु साह, राजलक्ष्मी आनन्द, जय श्री बड़ाईक, प्रेमा देबी, बीणा केरकेट्टा मनोज कुमार पाल आदि उपस्थित थे।

चंदवा पुलिस ने दो फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार, गए जेल

चंदवा। लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देशन में स्पेशल ड्राइव अभियान चला कर फरार चल रहे दो अभियुक्त को खलारी से गिरफ्तार कर के लातेहार जेल भेज दिया। उक्त जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारि अरविंद कुमार ने बताया की चंदवा थाना कांड संख्या 90/22 में दीपक लोहरा पिता नटवर लोहरा, खलारी जो लूट कांड मे नामजद आरोपी हैं और 131/22 राजू प्रजापति पिता कुलेस्वर प्रजापति, डोगर भट्टी खलारी ये अपनी पत्नी के साथ मारपीट का आरोपी हैं, ये दोनों कई दिनों से फरार चल रहे थे। इन्हें गिरफ्तार कर के न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक आनंद कुमार रवि और एएसआई अरविंद कुमार सिंह समेत झारखंड पुलिस के जवान शामिल थे।

ट्रेक्टर-स्कूटी बाईक जोरदार टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से घायल

दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

महुआडांड़। प्रखंड मुख्यालय गेट स्थित नेतरहाट भाया रांची रोड पर दो विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेक्टर और स्कूटी बाईक में सीधे टक्कर होने से स्कूटी सवार जोनी बड़ाईक और सुशील बड़ाईक को गंभीर चोट आई। जिन्हे ग्रामीण व पुलिस जवानों की मदद से एंबुलेंस में डाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमित खलखो द्वारा प्राथमिक इलाज कर बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।डॉक्टर अमित ने बताया कि सुशील बड़ाईक उम्र 65 वर्ष का दोनों हाथ और एक पैर टूट गया है। वहीं चालक जोनी बड़ाईक का दौया पैर तीन जगह से पूरी तरह से टूट गया है। सभी को बेहतर इलाज के बाहर भेजा गया है। दोनों स्कूटी सवार महुआडांड़ बाजार से अपने घर विश्रामपुर जा रहे थे। वही ट्रेक्टर चालक कुरो मोड स्थित पेट्रोल पंप से तेल लेकर महुआडांड़ आ रहा था। इस क्रम में स्कूटी सवार जो बिना हेलमेट पहने वाहन चला कर शराब के नशे फुल स्पीड जाने के दौरान यह सड़क दुघर्टना हो गई।

बेहतर ईलाज के लिए रॉंची रिम्स किया गया रेफर

उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत 8 वीं पास छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

पहले दिन 280 विद्यार्थियों को दिया गया साइकिल

- उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत चंदवा प्रखण्ड में 2404 विद्यार्थियों को मिलेगा साइकल

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। कल्याण विभाग झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर आठवीं पास स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद, बीईईओ जयश्री पूरी, बिससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव, पंसस अयूब खान समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत बीईईओ जयश्री पूरी समेत शिक्षा विभाग के कर्मियों ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्रखंड मुख्यालय से 1 किमी के परिधि में आने वाले विद्यालयों के छात्र छात्राओं को बुलाया गया था। कार्यक्रम के दौरान लगभग 280

साईकल वितरण करते अधिकारी।

विद्यार्थियों को साइकल प्रदान किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने कहा कि 8 वीं पास करने के बाद विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा के लिए लगभग 4 से 5 किमी की दूरी तय कर स्कूल आवागमन करना पड़ता है, ऐसे में विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में कोई परेशानी न उठानी पड़े व पढ़ाई प्रभावित न हो इस उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित उक्त योजना सार्थक पहल है। जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। वहीं बीईईओ जयश्री पूरी ने बताया कि उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत चंदवा प्रखंड में अजा, अजजा, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग के कक्षा 8 उतीर्ण करने वाले कुल 2404 छात्र छात्राओ के बीच साईकिल वितरण किया जाना है। प्रखंड मुख्यालय से 1 किमी परिधि में आने वाले स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रखंड मुख्यालय में जबकि दूर दराज के विद्यार्थियों को उनके स्कूल में हीं साइकल प्रदान की जाएगी। गरीब अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए सरकार की उक्त योजना काफी सार्थक सिद्ध हो रही है। वहीं प्रखण्ड प्रमुख ने चंदवा प्रखण्ड के विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए डिग्री कॉलेज के लिए पहल करने का आग्रह विधायक से किया। उन्होंने बिससूत्री अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुरेश गंझू से उक्त समस्या को विधायक के समक्ष रखने का आग्रह किया। इसके अलावे बिससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मनोज चौधरी समेत अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार की उक्त योजना की प्रशंसनीय बताया। कार्यक्रम का संचालन बीआरपी प्रतीक सिन्हा व शिक्षक प्रमोद सिंह ने किया। मौके पर डीडीओ केदारनाथ महतो, शिक्षिका राधिका कुमारी, वीणा भगत, राम प्रवेश राम, सुबोध कुमार चंदेल, उदय चरण भारती, अनूपा मिंज, पंसस बलकु मुंडा, सुशीला तोपनो, तारा देवी समेत काफी संख्या में विद्यार्थी व अन्य लोग मौजूद थे।

डीसी ने डीएमएफटी से किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी संतोष भगत के द्वारा उपायुक्त महोदया को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य

समीक्षा करते डीसी।

कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ की व्यवस्था दुरुस्त करें चिकित्सा प्रभारी: जिप उपाध्यक्ष

बालूमाथ। लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी को बालूमाथ थाना क्षेत्र से सटे जबरा ग्राम निवासी राकेश प्रजापति के द्वारा फोन पर सूचना दिया गया कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को 15 लोग करीब 2 घंटे से विभिन्न प्रकार के जांच के लिए सीएचसी में बैठे हैं। लेकिन टेक्नीशियन नहीं आने के कारण जांच नहीं हो पा रहा है। जिसमे कुछ लोग देर होने की वजह से निजी लैब से जांच कराकर घर की चले गए। सूचना के बाद उपाध्यक्ष के द्वारा ड्यूटी डॉक्टर एलिसा से बात किया और सभी उपस्थित लोगों का जांच सुनिश्चित करने की बात कही। जिसके बाद 10 मिनट के अंदर टेक्नीशियन के द्वारा सभी मरीजो का जांच किया गया। वहीं इस सबंध में उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी से भी बात किया और कहा कि कुछ अन्य कारणों से टेक्नीशियन देर करके अस्पताल आते हैं। जिससे निजी जांच घर को फायदा पहुंचता है। जिस पर चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक ने दोषी कर्मियों पर कार्रवाई करने की बात कही।

विहंगम योग समारोह का हुआ समापन

लातेहार। बारियातू प्रखंड डुमरा गांव में नरेश उरांव के घर स्थित में विहंगम योग का एक दिवसीय समारोह बुधवार को वैदिक हवन एवं सत्संग पाठ कर समाप्त हुआ। हवन समारोह में उपस्थित हुए अखिल भारतीय विधार्थी परिषद

पूजा करते कमलेश उरांव।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने बताया कि विहंगम योग ईश्वर प्राप्ति का सनातन वैदिक मार्ग है। जिसके बराबर अभ्यास से मनुष्य चारों फलों धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति करता है। संसार के सभी कार्यों को कुशलता पूर्वक कर के अंत में मानव जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करता है। व्याप्त कुरीतियों का नाश करता है विहंगम योग। मौके पर नरेश उरांव, राजेश उराँव, सरोज उरांव, अमृता उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

जेएसएलपीएस में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया

जागरूकता अभियान चलाते जेएसएलपीएस कर्मी।

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर लातेहार के बारियातू प्रखंड के ग्राम बारीखाप में जेएसेएलपीएस के डीपीएम संतोष कुमार नेतृत्व मे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया । नशामुक्ति अभियान बारीखाप के सखी मंडल के महिलाओं ने कैंडल मार्च और चौपाल के माध्यम से मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान डीपीएम संतोष कुमार ने सखी मंडल के महिलाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए घातक है।आज नशापान से दुर्घटना जैसी घटनाएं आम बात हो गई है और लोगों का असमय मृत्यु हो रही है। गांवों में मादक पदार्थों के सेवन से युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है गांवों में मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन के कई दुष्प्रभाव को बताया। नशामुक्त समाज बनाने के लिए सखी मंडल की महिलाओं को बढ़ चढ़ कर भाग लेने की। साथ ही बताया की आपलोग की सहभागिता से गांव पंचायत नशा मुक्त हो सकेगा। और सरकार की महत्वकांक्षी योजना नशामुक्त समाज का कल्पना साकार हो पायेगा। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा लातेहार जिला के सभी प्रखंडों के सभी ग्राम संगठनों के महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत चौपाल, कैंडल मार्च, रैली एवं अन्य कार्यक्रम किया जा रहा है.यह कार्यक्रम 26 जून तक चलेगा। इसके पश्चात बीपीएम दीपक ने कहा कि ग्राम जबरा, टुंडाहाटू,बारियातू सहित सभी ग्राम संगठनो में नशामुक्त अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम किया जा रहा है। मौके पर मुखिया राजीव भगत, सीसी सत्येन देवी, अखिलेश कुमार सिंह,सखी मंडल की सबीता देवी, ज्योति देवी, सक्रिय महिला पतन देवी, अध्यक्ष जितीया देवी, सुनिता देवी,तारामणी देवी, संगीता देवी सखी मंडल के दर्जनों महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।

पांच हजार रुपये घूस लेते एसीबी की टीम ने पंचायत सेवक अर्जुन राम को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार पंचायत सेवक।

खबर मन्त्र संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखण्ड कार्यालय से पलामू एसीबी की टीम ने 15 वित्त योजना में पांच हजार रुपये घुस लेते पंचायत सेवक को रंगे हांथ गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगढ़ा पंचायत सेवक अर्जुन राम द्वारा 15वीं वित्त के तहत योजना संख्या 57975265 योजना ईट सोलिंग निर्माण में कार्य पूरा होने के बाद भुगतान करने की एवज में वादी से 5000/- रुपया घुस मांगा गया था। वादी रिश्वत देकर काम नहीं करवाना चाहता था इसकी लिखित शिकायत उसने पलामू एसीबी से किया था। जिसके बाद पलामू पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा एक टीम गठित कर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे और शिकायतकर्ता को 5000/- पंचायत सेवक को देने के लिए दिया। जहां जाल बिछाकर बैठे एसीबी की टीम ने पंचायत सेवक को घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक एसीबी ने बताया कि मामले को लेकर पलामू थाना कांड संख्या 5/24 धारा 7(ए) पी.सी (अमेंडमेंट)एक्ट 2018 के तहत मामला दर्ज करते हुए अर्जुन राम पिता मुकंद राम ग्राम डुमारो पोस्ट निंद्रा थाना चंदवा जिला लातेहार निवासी पंचायत सेवक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एसीबी की टीम द्वारा हुई इस कार्रवाई से प्रखंड और जिले में हड़कंप मच गया।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 20 लाभुकों के बीच बत्तख चूजा व दवाई का हुआ वितरण

बरियातू। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सा केंद्र में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 20 लाभुकों 15 -15 बत्तख चूजा व दवाई का वितरण

बत्तख का चूजा लेते लाभूक।

किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा की लाभुकों को स्वालंबी बनाने के उद्देश्य से झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आज 2023 - 24 के अंतर्गत स्वीकृत योजना के तहत 20 लबों को 15 -15 बतख व दवाइयां दिया गया, आशा है कि इस योजना का लाभ उठाकर आय का स्त्रोत में वृद्धि करेंगे। वहीं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी सुशीला बागे ने बत्तख के चूजे का रख रखाव खान-पान तथा इसमें होने वाले बीमारियों का रोकथाम के विषय में बताया वह आवश्यक उपचार के संबंध में जानकारी दी और दवाईयां भी वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद रमेश राम, पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी स्वास्थ्य कर्मी विनोद बैठा, मनोज उराव लाभुक उषा देवी, जनारी देवी, लालमानी देवी, सुले देवी, गीता देवी, कमला देवी, जगदीश उरांव, रमेश राम, धनेश्वर उरांव, रमेश उरांव, सहित कई लोग मौजूद थे।

मादक पदार्थ के साथ दो युवक गिरफ्तार

गिरफ्तार अभियुक्त।

बेतला। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के आधार पर बरवाडीह की ओर से दोपहिया मोटरसाइकिल जेएच07एफ339 गढ़वा की ओर जा रहे थे। जो बरवाडीह पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए, कुटमु हड़पडवा के नजदीक से मोटरसाइकिल एवं उस पर सवार दो लोगों को प्रतिबंधित नशीला पदार्थ ब्राउन सुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति में नीरज कुमार, पिता विमल प्रसाद ग्राम चेतर, जिला गढ़वा, पंकज कुमार साहू, पिता दुर्गा प्रसाद साहू, ग्राम पालकोट रोड जिला गुमला का रहने वाला है। नशीले पदार्थ को विधिवत्त जपती सूची बनाकर जप्त किया गया है। यह जानकारी थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया गया। मौके पर बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित मादक पदार्थ को लेकर गश्ती अभियान लगातार चलाए जा रहा है एवं समाज में इस तरह से नशीले पदार्थ के सेवन बढ़ाने वाले लोगों की किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। छापेमारी दल में शामिल बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार, बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, पुआनि, सुनील कुमार मंडल, राहुल सिंह, एस एन ओझा समेत बरवाडीह थाना की कई पुलिस जवान शामिल थे।

पंचायत शाखा योजनाओं की डीसी ने ली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में पंचायत शाखा से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत प्राप्त राशि के विरुद्ध किए गए खर्च की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में

बैठक करते पदाधिकारीगण।

उपायुक्त को 15वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, प्रभारी पदाधिकारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मनोज तिवारी व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक जुड़े थे।

दहेज को लेकर नव विवाहिता के साथ मारपीट

बालूमाथ। एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मकरा ग्राम में दहेज को लेकर एक नवविवाहिता मारपीट के साथ घटना हुई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेखा देवी 23 वर्ष पति सुनील राम ग्राम मकरा थाना बारियातू निवासी के साथ उसके पति सुनील राम, देवर अनिल राम,सास पनवा देवी ससुर मुटूक राम ने मारपीट किया। रेखा देवी ने बताया कि उसकी शाही एक वर्ष पूर्व हुआ था। शादी के बाद से ससुराल वालों ने दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे और अपने मायके से पंलग, टीवी, कूलर मांगने को कहा। जिसको लेकर अक्सर उसके साथ मारपीट किया जाता है। वहीं घटना के बाद महिला के मायके वालों ने रेखा देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घटना के बाद महिला ने बरियातू थाने में मामले को लेकर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शादी में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट में तीन घायल, एक रिम्स रेफर

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालू पंचायत के खैराही ग्राम में शादी में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में लड़का एवं लड़की पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें लड़की पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में महेन्द्र भगत 18 वर्ष पिता महेश्वरी भगत ग्राम केरी थाना बालूमाथ निवासी, संजय भगत 19वर्ष पिता बुधराम भगत ग्राम बलबल, मुरपा थाना बालूमाथ निवासी, बालेश्वर उरांव 19वर्ष पिता सुरेश उरांव ग्राम बेलवारी थाना टंडवा निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग मुरपा ग्राम से खैराही बालू भतखही कार्यक्रम में शामिल हो गए थे। जहां डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में दोनो पक्षो में विवाद हो गया। जिसमें मारपीट की घटना हुई। जिसमे सभी लोग घायल हो गए। घटना के सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बालेश्वर उरांव की गम्भीर स्तिथि की गंभीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

दो वर्ष सें सोलर जलमिनार खराब, विद्यार्थी परेशान

विद्यालय के चारदीवारी व रसोई कमरा का दरवाजा नहीं होने से जानवर घुसकर करते हैं परेशान

जानकारी देते छात्र।

रसोईया व शिक्षक ने बताया की इस विद्यालय का चरदीवारी व रसोई कमरा का निर्माण हुए कई वर्ष बीत गया लेकिन अभी तक दरवाजा नहीं लगाया गया है। दरवाजा नहीं होने सें बरसात के दिनों मे जानवरो ने विद्यालय के आंगन परिसर एवं रसोई घर मे घुसकर काफी गंदा कर देते है। जिससे काफी परेशानी होती है। वही शिक्षक बच्चे व रसोईया तथा अभिभावक ने उपायुक्त सें जलमिनार को दुरुस्त करवाकर तथा विद्यालय की चारदीवारी का दरवाजा एवं शिक्षक बहाल करने की मांग की है।

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखण्ड क्षेत्र के शिबला पंचयात अंतर्गत ग्राम मकरा स्थिति राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा का पिछले दो वर्ष से सोलर जलमिनार खराब है। जिसके कारण विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों को पेयजल समस्या उत्पन्न हो गया है। शिक्षक संजय कुमार सिंह व रसोईया सोहवा देवी तथा कमला देवी ने बताया की इस विद्यालय का जलमिनार मे लगे सोलर प्लेट चोरी की चोरी दो वर्ष पूर्व होने के कारण स्ट्रार्टर एवं पाइपलाइन खराब हो गया है। जिसके कारण विद्यार्थियों के लिए इस भीषण गर्मी मे मध्याह्न भोजन बनाने में काफी परेशानी हो रही है। विद्यालय सें कुछ दुरी सें पानी लाकर भोजन बनना पड़ रहा है। विद्यालय के बच्चे भी इस चिलचिलाती धुप में पास के चपानल व कुएं की पानी पीकर अपना पियास बुझाते है। कुआँ मे पानी भरकर पीने जाते हैं। जिससे खतरे की भी संभवना बनी रहती है।

विद्यार्थियों के अभिभावक ने विद्यालय मे शिक्षक बढ़ाने की मांग

बच्चे की अभिभावक नरेश यादव, सुबोध यादव, सुरेश यादव, श्रीकांत सिंह, दीपू ठाकुर कौलेश्वर राम सहित अन्य लोगो ने बताया की इस विद्यालय मे कक्षा एक से लेकर 8वीं कक्षा तक विद्यालय मे पढ़ाई होती हैं जिसमे सिर्फ दो शिक्षक के सहारे ये विद्यालय चल रही है। इस विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नियमित शिक्षक नहीं रहने सें बच्चों की पढ़ाई प्रभावी हो रही है।

साहिबगंज : नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

साहिबगंज। बरहरवा थाना क्षेत्र के रानीग्राम बागती टोला में मानवत को शर्मसार करते हुए एक तकरीबन 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है।जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा गुरुवार को बरहरवा थाना पुलिस को दि गयी। सुचना मिलते ही राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी सहित बरहरवा प्रभाग पुलिस इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार, सीओ संजय शुक्ला, रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान, बरहरवा थाना अवर निरीक्षक अमित कश्यप, थाना एएसआई सुबोध कुमार यादव, कविंद्र मिश्रा, रामानुज यादव, रामप्रवेश दास सहित दर्जनों पुलिस पदाधिकारी व बल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विभिन्न पहलुओं के पड़ताल में जुड़े हैं। मृतिका की मां ने बतायी की बुधवार की संध्या वह बरहरवा हाट गई थी, लौटने पर एक बार संध्या साढ़े सात बजे बच्ची को खेलते हुए देखी थी, इसके उपरांत बच्ची पुनः घर नहीं लौटी, तदुपरांत बच्ची के मां के द्वारा आसपास में पूछताछ भी किया गया, परंतु बच्ची का अता-पता नहीं चल सका, वही गुरुवार को सुबह जीवन बागती के अर्ध निर्मित मकान में बच्ची का शव होने की सूचना ग्राम के अन्य महिलाओं के द्वारा दिया गया। वहीं 8 वर्षीय बच्ची की मां ने आशंका व्यक्त करते हुए बताया है कि बच्ची के साथ अज्ञात लोगों के द्वारा दुष्कर्म कर जान से मार कर जीवन बागती के अर्ध निर्मित मकान में शव को रखकर फरार हो गया। वही घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रतिनिधि बरकत खान 20 सुत्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार दास मौके पर पहुंचकर मामले का अतिशीघ्र उद्भेदन कर हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का आश्वासन दिया है। बरहरवा प्रभाग पुलिस इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार ने बताया कि प्रथम दृष्टिया बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत थी कुछ कहा जा सकेगा।

साहिबगंज डीसी ने नशामुक्ति जागरूकता रथ को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

साहिबगंज। उपायुक्त हेमंत सती ने 19 जून से 26 जून 2024 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जिला में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस निमित्त समाहरणालय परिसर से उपायुक्त ने नशा मुक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिला में भी संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर जागरूकता कार्यशाला एवं विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाई जाएगी। मौके पर उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम , सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिले पूर्व विधायक योगेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/ललपनिया। गुरुवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के लोकप्रिय नेता पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो राजधानी रांची पहुंचे। उन्होंने माननीय मुख्य मंत्री चंपाई सोरेन दा से मुलाकात की और राज्य में जातीय सर्वेक्षण के प्रस्तावको बुधवारको कैबिनेट से मंजूरी मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ मुलाकात कर उनकी सरकार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही, आभार भी व्यक्त किया। पूर्व विधायक ने सीएम को पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग द्वारा ओबीसी आरक्षण का दायरा 14 प्रतिशत से 27 प्रतिशत करने की अनुशंसा किए जाने की औपचारिक जानकारी भी दी एवं संबंधित चचाएं भी की। इस दौरान विधायक प्रदीप यादव भी उपस्थित थे। महतो ने मुख्यमंत्री के समक्ष गोमिया विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं को भी रखा एवं निस्तारण हेतू आग्रह किया। चंपाई दा ने शीघ्र ही सभी मामलों के निस्तारण पर बल दिया है।

स्पीड न्यूज

गोड्डा : युवक की हत्या

गोड्डा। पथरगामा प्रखंड अंतर्गत ताराटिकर (रानीपुर) तालाब के समीप एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गयी। व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पथरगामा पुलिस निरीक्षक विष्णु देव चौधरी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी मिलते ही एस डी पी ओ गोड्डा भी मौके पर पहुंच कर घटना की छानबीन कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार देर रात इसकी चाकू से गर्दन काटकर एवं पेट पर वार कर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया।

दुमका : सिंचाई कूप मे युवक की डूबने से मौत

हंसडीहा। हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भतूडीया-ए (नोनीहाट) गांव में कुआं में डूबने से एक 20 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद हंसडीहा थाना से कामेश्वर सिंह एवं बैजनाथ सिंह अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। घटना के विषय में ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार सुबह गांव के बाहर नवनिर्मित सिंचाई कूप में एक युवक का शव पानी में तैरता हुआ दिखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने थाना को सूचित किया। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस जांच में जुट गई।

दुमका : युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हंसडीहा। थाना क्षेत्र स्थित पगवारा गांव में गुरुवार को एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पगवारा गांव निवासी पिंकी कुमारी 17 के रूप में की गई है। उक्त मामलें को लेकर मृतका के पिता उमेश प्रसाद राणा ने थाना में आवेदन देते हुए बताया हैं कि उनकी पुत्री मानसिक रूप से पीड़ित थी। हर रोज की तरह बुधवार रात में परिवार के सभी सदस्य साथ मे खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने चले गए। गुरुवार सुबह उठकर सब अपने काम में लग गए। काफी देर तक जब उनकी छोटी पुत्री नहीं जगी तो घरवाले उन्हें उठाने गये आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खोला गया तो घर वालों को घबराहट हुई। जिसके बाद दरवाजा को तोड़ा गया तो देखा कि कमरे के अंदर पिंकी कुमारी का शव दुप्पटा के सहारे पंखे के कड़ी में लटका हुआ है। जिसके बाद आसपास के लोगों को बुलाकर शव को नीचे उतारा और घटना की जानकारी स्थानीय थाना में दी। सूचना पाकर एसआई अमर कुमार एएसआई विनोद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच शव का पंचनावा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। इस घटना के बाद पूरा परिवार दुख में डूबा हुआ है।

चोरी की साईकिल के साथ नाबालिग धराया

दुमका। बाईक चोरी के साथ चोर साईकिल की चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहे है। शहर के कोचिंग संस्थान में ट्यूशन करने पहुंचे छात्रों का बाईक और साईकिल चोरी की घटना को अंजाम देते है। गुरूवार को नगर थाना क्षेत्र के राखाबानी मोड़ के समीप एक कोचिंग संस्थान के सामने से साईकिल चोरी कर भागा जिसे छात्रों ने पकड़ लिया। ट्यूशन कर घर के निकला छात्र जब देखा तो उसकी साईकिल गायब मिली। खोजबीन पर पास में ही एक नाबालिग साईकिल के साथ धरा गया। शिक्षक एवं छात्रों ने जब नाबालिग से पूछा कि साईकिल कहां से मिला, तो उसके एक व्यक्ति से खरीदने समेत तरह-तरह के बहाने बनाने लगा। बाद में कोचिंग संस्थान के शिक्षकों ने नाबालिग को नगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

बेरमो : बंद पड़े सीपीपी प्लांट का निरीक्षण को पहुचे सीसीएल अधिकारी, हुआ हंगामा

>> प्लांट चलाने वाली कंपनी का डायरेक्टर भी रहे मौजूद, मजदूरों ने अधिकारियों और कंपनी के डायरेक्टर का किया घेराव

>> लिखित आश्वासन के बाद मामला हुआ शांत, जमकर मची हो हल्ला, पुलिस को करना पड़ा हस्तक्षेप

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/कथारा। पिछले लगभग छह वर्षो से सीसीएल कथारा के बंद पड़े सीपीपी प्लांट के निरक्षण को बृहस्पतिवार को सीसीएल हेड क्वार्टर रांची से अधिकारियों का एक टीम कथारा सीपीपी प्लांट पहुचे जिसमे सीसीएल मुख्यालय से अरुण कुमार परियार मुख्य प्रबंधक ईएंडएम, लीगल से अंकित कुमार सिंह, इंपीरियल से अतुल कुमार और संजय कुमार वही मॉकन से अगम संदीप कुमार और कथारा क्षेत्र के अधिकारी एएनएम विपिन कुमार आदि शामिल थे।इस बात की भनक जैसे ही प्लांट के कार्य करने वाले सैकड़ों पुर्व कर्मी वहां पहुच गये और प्लांट के भीतर ही अधिकारियों और इंपीरियल फास्टनर एंड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लोगो को घेर लिया और अपने पांच माह के बकाए वेतन के भुगतान के साथ साथ पीएफ आदि की मांग पर अड़ गये। हालत इतनी बिगड़ी की स्थानीय कथारा ओपी को इसमे हस्तक्षेप करना पड़ा जिस कारण पुलिस और प्लांट के पुर्व कर्मियों के बीच खुब हो हल्ला हुआ। आखिरकार स्थानीय नेता मो इसराफिल अंसारी उर्फ बबनी, पुर्व जिप सदस्य गुल शरीफ, झामुमो नेता शमसुल हक, श्रमिक नेता नेजाम अंसारी आदि ने मामले को सम्भाला और प्लांट के पुर्व कंपनी, सीसीएल के अधिकारियों तथा पुर्व कर्मियों के बीच कथारा अतिथि गृह में वार्ता हुई जिसमे कंपनी के लोगों ने लिखित रूप से मजदूरों को आश्वासन दिया कि एक माह के भीतर उनके सारे बकाये पैसा का भुगतान कर दिया जायेगा। प्लांट के खोलने की सवाल के जवाब में जांच टीम ने कहा कि उक्त प्लांट की स्थिति काफी दैनिय है वही कंपनी के मामले को लेकर अधिकारियों ने कहा कि मामला न्यायालय में है हम सिर्फ निरक्षण को आये हैं रिपोर्ट कोर्ट में पेश कर दिया जायेगा। ज्ञात हो कि यह प्लांट सीसीएल कथारा द्वारा निर्मित था मगर सीसीएल जब इस प्लांट को स्वंय नही चला सकी तो सीसीएल दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी इंपीरियल फास्टनर एंड प्राइवेट लिमिटेड को लीज पर दे दिया। वह कंपनी कई वर्षो तक इस प्लांट को सफलता से चलाया और खुब कमाई की। इस प्लांट में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग विस्थापित कार्यरत थे मगर उक्त कंपनी ने रातों रात प्लांट बंद कर चलता बना। प्लांट बंद होने के बाद प्लांट में भयंकर आग लगी बची कुची सम्पत्ति पर चोरो ने हाथ साफ कर इस प्लांट को पुरी तरह खंडहर मे तब्दील कर दिया।

साहिबगंज : पंद्रह फेरी घाट सेवा का ओपन टेंडर बंद कमरे में हुआ

विक्की कुमार

वीडियोग्राफी के साथ टेंडर प्रक्रिया हुआ पूर्ण : एडीसी

समाहरणालय स्तिथ एडीसी कार्यालय कक्ष में साहिबगंज मनिहारी अंतर्राजजीय फेरी गंगा घाट व सदर, तालझारी, राजमहल व उधवा प्रखंड क्षेत्र के 14 गंगा घाटों का बंदोबस्ती के लिए बोली लगाया गया। सारी प्रक्रिया एडीसी कार्यालय कक्ष के बंद कमरे में हुई। कमरे में मीडिया को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। वही एडीसी ने कहा कि नियम संगत वीडियो ग्राफी के साथ टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हुई है। किसी का दबाव व आभाव नही होना चाहिए इसलिए हमलोग बंद कमरे में इसको लेते है। मौके पर डीटीओ विष्णुदेव कच्छप, राम कुमार प्रसाद व अन्य थे।

साहिबगंज। मनिहारी अंतर्राजजीय फेरीघाट ओर सदर प्रखंड, तालझारी, राजमहल व उधवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न 14 गंगा घाटों का डाक बंदोबस्ती गुरुवार को समाहरणालय स्तिथ अपर समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में आहूत किया गया। जिसमे सात गंगा घाट में किसी लेसी ने टेंडर नहीं डाला। मनिहारी अंतर्राजजीय फेरी सेवा व अम्बाडिहा खूंटागड़ाई गंगा घाट में एक एक लेसी होने के कारण डाक नही हुआ। वही सदर प्रखंड क्षेत्र के हरप्रसाद रामपुर मलाही घाट का डाक धर्मेंद्र यादव ने 3 लाख 80 रुपया की बोली लगाकर लिया। उधवा प्रखंड क्षेत्र के पलासगाछी पियारपुर फेरीघाट अशरफुल हक ने 62 लाख की बोली लगाकर लिया। राजमहल प्रखंड क्षेत्र के सुकसेना फेरीघाट खलील अंसारी 46 हजार 500 रुपया की बोली लगाकर अपने नाम किया। तालझारी प्रखंड क्षेत्र के महाराजपुर खूंटा गड़ाई फेरीघाट का खलील अंसारी एक लाख चार हजार 500 रुपया की बोली लगाकर अपने नाम किया। वही तालझारी प्रखंड क्षेत्र के बांसकोला खूंटा गड़ाई फेरीघाट एक लाख 12 हजार की बोली लगाकर लक्ष्मण मंडल और बांसकोला अम्बाडीहा फेरीघाट 3 लाख 33 हजार लक्ष्मण मंडल ने बोलकर अपने नाम किया। वही एडीसी राज महेश्वरम ने बताया कि छह घाटों का बंदोबस्ती हुआ। साहिबगंज मनिहारी अंतर्राजजीय फेरी सेवा ओर अम्बाडीह खूंटा गड़ाई गंगा घाट में एक एक लेसी रहने के कारण डाक नही हुआ। सदर, तालझारी, उधवा व राजमहल के सात गंगा घाटों में किसी ने भी टेंडर नहीं डाला। वही जिस भी घाट का बंदोबस्ती नही हुआ है उसका 15 दिनों के बाद पुनः टेंडर निकाला जाएगा।

दुमका : कोर्ट परिसर से बाइक चोरी करते युवक धराया

दुमका। जिले में वाहन चोरी का सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने अब सबसे सुरक्षित जगह माने जाने वाले कोर्ट परिसर को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को कोर्ट परिसर से रामगढ़ के एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने धर दबोचा। जमकर पिटाई करने के बाद उसे नगर थाना पुलिस को सौंप दिया। रामगढ़ प्रखंड के सिमरा गांव का संतोष मंडल कोर्ट के काम से व्यवहार न्यायालय आया था। उसने अपनी बाइक पुराने एसपी कार्यालय के सामने खड़ी की। वहां पर पहले से करीब दो दर्जन बाइक लगी हुई थी। करीब 12 बजे एक युवक संतोष की बाइक लेकर निकलने लगा। इसी बीच संतोष भी काम समाप्त कर बाइक की ओर जाने लगा तो देखा कि एक युवक उसकी बाइक में चाभी डाल स्टॉर्ट कर निकल रहा है। उसने बाईक का हैंडिल पकड़ लिया। जिसके बाद युवक बाइक छोड़कर भागने लगा।

साहिबगंज : झाविप्रा ने नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया

खबर मन्त्र संवाददाता

साहिबगंज। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार और प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिरवाबाड़ी क्षेत्र में नशा मुक्ति को लेकर आम नागरिकों को जागरूक किया गया और कानून की विभिन्न जानकारी दी गई। प्राधिकार के सचिव बिश्वनाथ भगत ने बताया की साहेबगंज जिला के प्रत्येक गांवों में लोगों को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया जा रहा है और कानून की विभिन्न जानकारियां दी जा रही है। उन्होंने बताया की लोगों को नशा पान से बचना चाहिए, नशा जीवन को नष्ट करता है। इसी कड़ी में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल कामिनी शर्मा और रविन्द्र श्रीवास्तव ने स्कूल में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति पीड़ित के लिए मुआवजा स्कीम, आदि के में गहराइयों से बताया तथा इनसे बचने एवं अन्य को बचाने का ज्ञान भी लोगों के बीच साझा किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर पीएलभी दिलनवाज, महफूज आलम उपस्थित थे।

दुमका : महिला से मारपीट व डायन प्रताड़ना के तीन आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। महिला से मारपीट एवं डायन प्रताड़ना के तीन आरोपियों को रामगढ़ थाना की पुलिस गुरूवार को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपियों में महालाल हांसदा, परगना हांसदा एवं मंगल हांसदा शामिल है। तीनों आरोपी रामगढ़ थाना क्षेत्र के नौखेता पंचायत के जियाथर गांव के निवासी हैं।

तीनों आरोपियों के खिलाफ 6 फरवरी 2024 को जियाथर गांव की ही बाहा हांसदा ने डायन कह कर मारपीट करने की प्राथमिक दर्ज करायी थी। गिरफ्तार आरोपी वादी बाहा हांसदा के चचेरे भाई हैं। बाहा हांसदा के अनुसार वह अपने पिता के घर में रहती है। उसके पिता की संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत से आरोपी उसे डायन करार देकर गांव से भागना चाहते हैं। सभी आरोपी पिछले लगभग चार महीने से फरार चल रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सभी आरोपी रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिंदुरिया- धरमपुर बाजार में घूम रहे हैं। सूचना पाकर एएसआई अशोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। थाना प्रभारी शशिकांत साहू के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपियों की मेडिकल जांच कराकर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जिला खनन कार्यालय, लातेहार
(e-mail-id - dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in)

सूचना

मानसून अवधि (10.06.2024 से 15.10.2024) में लघु खनिज बालू की खरीदगी के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय NGT न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में मानसून सत्र (10.06.2024 से 15.10.2024) की अवधि में जिलान्तर्गत किसी भी नदी बालूघाट से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। उक्त अवधि में असैनिक निर्माण कार्यो में लघु खनिज बालू की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने हेतु जिला के मेसर्स JSMDC द्वारा संचालित बालू स्टॉकयार्ड में बालू उपलब्ध है, जिसकी सूची निम्नवत् है :–

sl No.	Dealer Name	Contact No.	Available Stock on 19.06.2024	Stockyard Address
1	MARMAR STOCKYARD JSMDC LTD	8797126626	1,79,400.00 cft	Mouja- Marmar, Khata No. 72, Plot No. 438, Area- 1.00 Acre, Chandwa.

अतएव संबंधित संवेदको/एजेन्सियों/प्रतिष्ठानों एवं आम लोगों से अनुरोध है कि मानसून अवधि में तालिका के क्रमांक 01 में अंकित स्टॉकयार्ड से JSMDC के बेबासाईट– https://jsmdc-sand.jharkhand.gov.in/ पर लॉगिन कर बालू का ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार

PR 326985 Mines and Geology(24-25)#D

कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़

आवश्यक–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रांची द्वारा एल.पी.ए. संख्या 203/2022 एवं अन्य संबद्ध तथा सदृश वादों में पारित न्यायादेश के अनुपालन के क्रम में विभागीय संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 के द्वारा काउंसिलिंग हेतु सिद्धान्तों का निरूपण एवं कंडिका–13 में शर्तों का निर्धारण किया गया है, तथा संकल्प की कंडिका–14 के आलोक में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 771 दिनांक 13.06.2024 एवं 786 दिनांक 19.06.2024 के निदेशानुसार, काउंसिलिंग हेतु दावा आवेदन जमा करने की तिथि, स्क्रूटनी की तिथि एवं काउंसिलिंग की तिथि निम्नवत् रूप से निर्धारित की जाती है :–

इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विशयवार (पारा एवं गैर पारा) पदों पर नियुक्ति हेतु जिले द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या क्रमशः–04/2015 एवं 03/2015 (जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय, रामगढ़) के क्रम में पूर्व की अन्तिम काउंसिलिंग के पश्चात अवशेश रिक्त पदों पर नियुक्ति निमित्त अन्तिम **काउंसिलिंग हेतु आवश्यक सूचना के प्रकाशन की तिथि–20.06.2024**

आवेदक द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन के आलोक में पूर्व में समर्पित आवेदन के क्रम में (पारा/गैर पारा) कोटि जिसके लिए भी उनके द्वारा आवेदन किया गया हो, यदि दोनों कोटि में अलग–अलग आवेदन किया गया हो, तो अलग–अलग साक्ष्य स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छायाप्रति सहित) **दावा आवेदन करने की तिथि–22.06.2024 से दिनांक 22.07.2024 तक।** दिनांक 22.07.2024 के पश्चात् दावा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

पत्राचार का पता–जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय, समाहरणालय बिल्डिंग, "बी" ब्लॉक द्वितीय तल, छतरमाण्डू, रामगढ़–829122

प्राप्त दावा आवेदनों की स्क्रूटनी एवं जिले के वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर **काउंसिलिंग हेतु सूची प्रकाशन की तिथि–23.07.2024 से दिनांक 31.07.2024**
काउंसिलिंग की तिथि– 01.08.2024
अन्तिम चयन सूची के प्रकाशन की तिथि–07.08.2024

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़।

ह०/–
उपायुक्त, रामगढ़।

PR 327024 (District) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।
अति अल्प कालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/1/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चाया में चाहरदीवारी निर्माण कार्य।	2303900	46500	5000	3 माह
2	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जानी में चाहरदीवारी निर्माण कार्य।	1411900	28500	2500	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 29.06.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.07.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 326962 Rural Development(24-25)D

कार्यालय, प्राचार्या, इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय,हजारीबाग।
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2024

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में जुलाई 2024 से निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा प्राचार्या इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। ये निविदा दिनांक 12.07.2024 को 01.00 बजे अपराहन् तक प्राप्त की जायेंगी तथा प्राप्त निविदा दिनांक 12.07.2024 को 03.00 बजे अपराहन में उपस्थित निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में सभी सामग्रियों का दर विद्यालय प्रागंण तक परिवहन व्यय सहित होगा। क्रय की जाने वाली सामानों की कोटि निम्नांकित है :–

क्रम सं0	सामग्रियों का नाम	सत्र
1	सब्जी एवं फल	जुलाई 024 से दिसम्बर 024 तक के लिए
2	विद्युत संबंधी सामग्री	जुलाई 024 से जुलाई 025 तक के लिए
3	विद्यालय पाकषाला में लगाए गए गैस चुल्हा, गैस पाईप लाईन इत्यादि का मरम्मत एवं वार्षिक रख–रखाव।	जुलाई 024 से जुलाई 025 तक के लिए

क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची, ठेके की शर्त, अग्रधन राशि इत्यादि से संबंधित पूर्ण विवरण बिल ऑफ क्वांटिटी में अंकित रहेगी। बिल ऑफ क्वांटिटी दिनांक 04.07.2024 से 11.07.2024 तक कार्यालय खुला रहने के दिन ई–चालान के माध्यम से 50/–रू0 प्रत्येक सामग्री के लिए जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में जमा करते हुए हाथों–हाथ प्राप्त किया जा सकता है।

राशि **E-GRAS** में जाकर निम्न हेड में जमा करना है –
1- 58-SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT(SECONDARY EDUCATION DIVISION)
2- MAJOR CODE- 0202 शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति
3. सामान्य–020201600010101
4- Office Name- HZBEDN137 PRINCIPAL IGBV HZB
5- RECEIPTS TYPE:- 0101-RECEIPT

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्या,
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग

PR 327048 School Education and Literacy(24-25)D

स्पीड न्यूज

बेड़ो के सात राशन दुकानदारों को शो-कॉज

रांची। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत द्वारा बेड़ो प्रखण्ड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सात जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को शो-कॉज जारी किया है। औचक निरीक्षण के दौरान इन दुकानदारों द्वारा राशन वितरण में अनियमितता पायी गयी। इन जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा सूचना पट में स्टॉक नहीं दर्शाने, गोदाम का दरवाजा बंद रखने, वेट मशीन के साथ बटखरा पाए जाने, दुकान में कार्डधारियों की अनुपस्थिति में राशन कार्ड जमा करने, अंगूठा लेकर दो-तीन दिन बाद दाल वितरण करने एवं दुकान बंद रखने के आरोप हैं।

ठाकुरगांव बाजार से बाइक की चोरी

ठाकुरगांव । ठाकुरगांव साप्ताहिक बाजार से गुरुवार को अज्ञात चोरों ने एक बाइक चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार बरौदी निवासी बचन साहु अपनी पैशन प्रो बाइक श्रभ01ठठ 3145 से अपने भाई के श्राद्धकर्म के लिए सब्जी खरीदने ठाकुरगांव बाजार गया था। सब्जी खरीदकर पीड़ित जब अपनी बाइक के पास पहुंचा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल पाया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के बाजारों से मोबाइल व बाइक चोरी की घटना इन दिनों काफी बढ़ गई है। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि जल्द ही चोर गिरोह को पकड़ा जायेगा।

बुढ़मू : वज्रपात से महिला की मौत

बुढ़मू। गुरुवार को अहले सुबह 4 बजे वज्रपात की चपेट में आकर बुढ़मू निवासी गीता देवी ;25द्ध की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गीता देवी सुबह में करीब चार बजे शौच के लिए अपने पति मलकु महतो के साथ गयी थी। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आकर मौके पर उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पूर्व मुखिया गोवर्धन लोहरा और मृतक के परिजन अशोक जी मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवाया। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चों सहित भरा.पूरा परिवार छोड़ गई।

सोसई गांव में सर्पदंश से बच्ची की मौत

मांडर। थाना क्षेत्र के सोसई गांव निवासी नौ वर्षीय प्रियंका एक्का की सांप काटने से मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। बताया जाता है कि प्रियंका एक्का पिता थॉमस एक्का बुधवार की रात को अपने घर में माता पिता के साथ सो रही थी। इसी क्रम में करीब साढ़े नौ बजे उसके चिल्लाने की आवाज पर जागे तो देखा कि उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया है। परिजन उसे तत्काल ईलाज के लिए मांडर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में ही रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

पूर्व विधायक ने गांवों का किया दौरा

सिकिदिरी। खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने गुरुवार को कुच्चु पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांव व टोलों का दौराकर जन समस्याओं को सुना। रामकुमार पाहन भाजपा कार्यकताओं के साथ रासाबेड़ाए कामताए डिमराए कुच्चुए हुंडरू गांवों में ग्रामीणों से मिले। ग्रामीणों ने उनके समक्ष अपनी पेयजल बिजली स्वास्थ्य सुविधा सड़क आदि से संबंधित समस्याओं को रखा।

सो रही बच्ची को कार सवार उठा ले गए और दिया घटना को अंजाम

ओरमांझी : 12 वर्षीय बच्ची का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

विकास से उठाया ओरमांझी में दिया घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। कार सवार चार अपराधियों द्वारा एक 12 वर्षीय बच्ची को अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। बताया गया कि बच्ची रात में पंचायत सचिवालय नेवरी के समीप रोड किनारे सोई हुई थी। कार सवार दरिंदों की नजर सोई बच्ची पर पड़ने पर कार घुमा कर पहुंचे थें, और बच्ची को उठा कर ले गए। जिसके बाद बच्ची को रिंग रोड होते हुए एक थाना क्षेत्र से दूसरे थाना क्षेत्र में घुमाते रहे। ओरमांझी थाना क्षेत्र के सूनसान स्थल नयाटोली आनंदी बगीचा में चारों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना का अंजाम दिया और सड़क किनारे छोड़ कर सभी फरार हो गए। घटना के बाद बच्ची की हालत काफी खराब थी। सुबह में बच्ची को बदहवास हालत देख पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा बच्ची को उपचार के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर पुलिस प्रषासन आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास की जा ही है। रात में कार की जिस भी क्षेत्र से गुजरने की संभावना है, पुलिस द्वारा उस क्षेत्र के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने को लेकर ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी भी गठित किया गया है। वहीं घटना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी पुलिस से नहीं मिल पा रही है।

बच्ची के पिता का हो चुका है निधन

बच्ची के संबंध में बताया गया कि उसके पिता का निधन हो गया है। वह अपने मां व छोटी बहन के साथ केंदुआ टोली नेवरी में एक किराए की मकान में रहती है। मां मजदूरी करती है। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार बच्ची को अक्सर विकास आसपास क्षेत्र में भिख मांगते देखा जाता है। क्षेत्र के लोगों द्वारा घटना के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है।

ओपी पुलिस ने गैंगरेप की जिम्मेवारी लेने का बनाया दबाव, मारपीट की

जानमाल की रक्षा की लगाई गुहार

नामकुम। खरसीदाग ओपी क्षेत्र के लालखटंगा के रहनेवाले विकास मुंडा और दीपक मुंडा ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और एसएसपी चंदन सिन्हा को आवेदन देकर खरसीदाग ओपी प्रभारी और मुंशी पर मारपीट कर सैनिक की पत्नी से हुए गैंगरेप की जिम्मेदारी अपने उपर लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मामले में पीडित दीपक मुण्डा ने बताया की वे दोना किसान है,मेहनत मजदूरी कर के किसी तरह परिवार चला रहे है और पुलिस उसे अपराधी बनाकर जेल भेजने का काम करने पर तुली हुई है। उसका कहना था कि ओपी प्रभारी चुडामणी टुडू और मुंषी जयप्रकाष कुमार ने उन्हे ओपी बुलाया और कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करने की बात कही। इंकार करने पर दोनो ने उन्हें डंडे से पीटना षुरू कर दिया और लगभग साढे चार घंटे तक ओपी में बंद रखा उसके बाद लगभग चार बजे धमकी दी कि अगर मारपीट के संबंध में किसी से कुछ कहा तो अच्छा नंही होगा। उन्होने मुख्यमंत्री और एसएसपी से ओपी प्रभारी और मुंशी से जानमाल के रक्षा की गुहार लगायी है।

पुलिस ने चलाया नशे का धंधा चलाने वालों के खिलाफ अभियान

चान्हो। थाना प्रभारी अजीम अंसारी की अगुवाई में गुरुवार को चान्हो पुलिस ने नशा के सौदागरों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बिजुपाड़ाएचोरिया मोड़ए चान्होए सोस आदि जगहों पर गांजाए डेंड्राइटए कोरेक्स और व्हाइटनर बेचने वालों पर कारवाई की गई।थाने बुलाकर उन्हें हिदायत दी गई और कहा गया कि आगे से अगर उन्हें डेंड्राइटए कोरेक्स और व्हाइटनर बेचते हुए पकड़ा गया तो उनके खिलाफ सख्त कारवाई करते हुए जेल भेज दिया जायेगा।वही सोस में गांजा का कारोबार करने वाले मो अफरोज को गिरफ्तार किया है।उसके पास से लगभग 2 किलो गांजा मिला है।पुलिस अफरोज के सहारे गांजा के धंधे से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि इन धंधेबाजों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चान्हो : देवेंद्र नाथ सिंह उवि में शासी निकाय की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। प्रखंड के चोरेया स्थित देवेंद्र नाथ सिंह उच्च विद्यालय में गुरुवार को विद्यालय शासी निकाय की बैठक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अगुवाई में हुई। बैठक के दौरान कमिटी का पुनर्गठन किया गयाए साथ ही तत्कालीन प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह के रिटायरमेंट के बाद रिक्त पड़े प्रधानाचार्य के पद पर शिक्षक नवलेश कुमार को नियुक्त किया। वहीं स्थानीय विधायक को पदेन अध्यक्षए कुंवर सिंह सचिवए अरुण कुमार सिंह शिक्षाविद सदस्यए प्रांजलि कुमारी को शिक्षक प्रतिनिधि और मन्ना उरांव तथा दिनेश राम को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। बैठक के बाद विधायक ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया वहीं शिक्षकों के बीच अनुदान राशि का भी वितरण किया।मौके पर स्कूल के शिक्षकए समिति सदस्य और अभिभावक मौजूद थे।

लापुंग में सड़क हादसा : दो बाइक की भिड़ंत में तीन की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड के लतरातु डैम स्थित सड़क पर गुरुवार की शाम 5.00 बजे दो बाइकों की हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर में तीन बाइक सवार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने घटना की सूचना लापुंग थाना पुलिस को दिए। इसके बाद लापुंग थाना पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों की मदद से सड़क दुर्घटना में घायल दोनों युवक को उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। इसके बाद लापुंग पुलिस ने मृतक बाइक सवार युवकों की पहचान को लेकर काफी जांच पड़ताल के बाद देर शाम मृतक युवकों की पहचान हुई। जहां मृतक बाइक सवार युवकों में क्रमशः 22 वर्षीय प्रतिकेश्वर उरांव पिता भोंदू उरांव गढ़ाटोली भरनो व 16 वर्षीय साहिल मियां पिता इसराइल मियां फतेहपुर लापुंग और 15 वर्षीय मोहम्मद फैसल आलम पिता मोहम्मद मुबारक करां के बिरदा गांव निवासी के रूप में हुई। इधर परिजनों को घटना की मिली जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम सा मच गया। परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है। वही घायलों की पहचान बिरदा के करां गांव निवास 18 वर्षीय जलकर नैन पिता अहमद हुसैन व गुलैची टोला भरनो गुमला निवासी 20 वर्षीय मंगरा उरांव पिता जतरू उरांव के रूप में हुई है। इधर वीडियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने सड़क दुर्घटना में दोनों बाइक सवार युवकों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। वही लापुंग पुलिस ने घटनास्थल से सड़क दुर्घटना में मृतक तीनों युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर लापुंग थाना ले आई और शुक्रवार की सुबह में शव की पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स भेजेंगे।

इटकी में झमाझम बारिश से मिली राहत

इटकी। इटकी क्षेत्र में गुरुवार को हुई मूसलाधार बारिश से लोगो को गर्मी से राहत मिली। दिन भर उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। शाम में हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। मौसम का मिजाज बदलने से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। प्रखंड के प्रगतिशील किसान नंदलाल महतो ने बताया कि मूसलाधार वर्षा से खेतों में नमी आ गयी हैए किसान धान की बीजड़ा करने के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गये है। वहीं खेतों में लगे मकईए अदरकए ओल सहित अन्य फसल को बारिश से फायदा पहुंचा है। इधर मूसलाधार बारिश से इटकी गुलाम टोली मुहल्ला के कई घरों में पानी घुस गया। मुमताज अंसारीए अब्दुल जब्बार मो इब्राहिम इबरार आलम इनायत अंसारी सहित सड़क किनारे कई घरों में पानी घुस गया।

सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में लांधूपडीह और सोनहातू का कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। प्रखंड के थाना मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट के बालक वर्ग के अंडर 17 के मुकाबला में प्लस टू विद्यालय लांधुपडीह की टीम ने प्लस टू विद्यालय सोनाहातू को 2 गोल से पराजित किया। विजेता प्लस टू लांधूपडीह अब जिला स्तर में खेलेगी। इधर बालक वर्ग के अंडर 15 का फाइनल मुकाबला मिडिल स्कूल सोनाहातू की टीम और मिडिल स्कूल जिंतु के बीच हुआ जिसमें सोनाहातू की टीम 1गोल से विजयी रहा। टूनार्मेंट समापन पर प्रमुख विक्टोरिया देवीएबीडीओ खगेश कुमारए बीईओ विमलकांत झा आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रमाणिकएझरिया महतोए विपिन पालएश्यामल दास आदि मौजूद थे।संचालन इंद्रजीत बैठा ने किया। खेल को संपन्न कराने में खेल शिक्षक विंदेश्वर महतो उर्फ डिप्टी महतो की टीम ने सहयोग किया।

मैक्लुस्कीगंज में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

खलारी। मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के वाच टॉवर जंगल के तराई में अज्ञात व्यक्ति का शव बरबाद किया गया। जानकरी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज के हेसालोंग जंगल के वॉच टॉवर जंगल के तराई व एंग्लो इंडियन मेलकॉम जेम्स हॉरिगन के बंगले के ठीक पीछे फॉरेस्ट ट्रेच के गड्ढे में अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। बताया कि जंगल कर जनदिक से दुर्गन्ध आने लगा तब जाकर पास में रह रहे ग्रामीणों ने क्याश लगाकर देखने गया तो पता चला कि कोई व्यक्ति का सड़ा हुआ शव पड़ा हुआ है। सूचना पाकर मैक्लुस्कीगंज मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में ले लिया।

बीसीकेयू सीटू ने केडीएच खदान बंद कराया

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले विश्रामपुर पंचायत के रैयत ग्रामीणों ने यूनियन के जोनल अध्यक्ष रैयत रतिया गंझू के नेतृत्व में केडीएच परियोजना खदान के काम को बंद कराया। रतिया गंझू के नेतृत्व में ग्रामीण गुरुवार की सुबह 6 बजे ही केडीएच खदान में पहुंचकर खदान का काम बंद कराया। काम के बंद होने के बाद खदान में सभी मशीने और डंपर खड़े हो गए। वहीं करीब 11 बजे एनके महाप्रबंधक सुंजीत कुमार और केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह रैयत ग्रामीणों से वार्ता करने के लिए जामुनदोहर के समीप पंहुचे। वार्ता में रतिया गंझू ने यूनियन के द्वारा पूर्व में दिए गए मांगों पर रैयतों की नौकरीए उचित मुआवजाए विस्थापितों को उचित जगह पर सभी सुविधा के साथ पुर्नवास करने सहित अन्य मांगों को रखा गया थ। लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई भी मांग को अभी तक पुरा नही किया गया है। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने विश्रामपुर और तुमांग पंचायत के खतियानी रैयतों के साथ लगातार 120 दिनों तक सीसीएल की केडीएच परियोजना खदान से सटे जामुनदोहर में खतियानी रैयतों का नौकरी देने को लेकर धरना दिया।

बलिदान दिवस के रूप में आजसू पार्टी मनायेगी स्थापना दिवस

अनगड़ा। प्रखंड के हेसल पंचायत अन्तर्गत रामनगर में आजसू पार्टी युवा मोर्चा की बैठक सोनू कुमार की अध्यक्षता में हुयी । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी युवा केन्द्रीय संयोजक अबदुल जबार अन्सारी ने कहा कि 22 जून स्थापना दिवास को आजसू पार्टी बलिदान दिवस के रूप में झारखंड के पुरे 81 विधान सभा में मनाएगी । आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा युवा आजसू 2024 विधानसभा चुनाव में झारखंड की दिशा और दशा बदलने में अहम भूमिका निभायेगी । इसकी शुरूआत 22 जून स्थापना दिवस को एक हजार युवाओं की भागीदारी से सुनिश्चित करना है । क्योंकि युवा हीं झारखण्ड राज्य के राज्य का नव निर्माण कर सकतें हैं। मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह केन्द्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी महिला मोर्चा राँची जिला अध्यक्ष श्रीमति वीणा कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

करकट्टा कॉलोनी में जल संकट के निदान के लिए जीएम ने दिए निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। एनके जीएम सुजीत कुमार ने रैयत ग्रामीणों से वार्ता के बाद करकट्टा कॉलोनी में पानी की समस्या को लेकर कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंहए बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू सहित अन्य लोग साथ में थे। महाप्रबंधक के निरीक्षण के क्रम में उनके समक्ष कॉलोनी के लोगों ने पानी की गंभीर समस्या से उन्हे अगवत कराया। ग्रामीणों का कहना था कि पानी की सप्लाई कॉलोनी में कई कई दिनों के अंतराल में हो रहा है। जिसके कारण उन्हे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्याओं से अगवत होने के पश्चात एनके जीएम ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्काल टेंडर की प्रक्रिया कर करकट्टा बंद पड़ी रेड्डी खदान से पानी की सप्लाई को शुरू किया जाए।

पिता के नहीं होने पर बेटी की शादी में हो रही थी परेशानी जैलेन्द्र ने की मदद

सिकिदिरी। प्रखंड के सुदूर गांव कुच्चू निवासी स्वर्गीय गौरा बेदिया की पुत्री फुलेश्वरी कुमारी के विवाह का खर्च मां के लिए भारी पड़ रहा था। बारात का स्वागत और उनका खान पान समेत अन्य कार्य कैसे करेंए इस बात को लेकर मां परेशान हो रही थी। इसकी सूचना मिलने पर भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने गुरुवार को गांव पहुंचकर शादी के लिए फुलेश्वरी की मां को खाद्य सामग्री व नगद राशि देकर सहयोग किया और कहा कि आवश्यकता होने पर और सहयोग करेंगे।

हल्का कर्मचारियों के गायब रहने पर ग्रामीण भड़के

नामकुम। बुधवार को नामकुम अंचल कार्यालय में हल्का कर्मचारीयों की अनुपस्थिति को ग्रामीणों की षिकायत पर भाजपाई भड़क गए। सभी मामले को लेकर सीआई के पास पहुंचे जहां संतोषजनक जबाब नहीं मिलने पर भडक सभी ग्रामीण और नेतागण अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। कुछ देर के बाद जब अंचलाधिकारी प्रभात भूषण सिंह कार्यालय पहुंचे तो सभी अंजल कर्मचारियों की षिकायत लेकर उनके पास पहुंचे। लोगों का कहना था कि दूर दराज से ग्रामीण अपनी समस्या लेकर अंचल कार्यालय पहुंचते है और कर्मचारी अंचल कार्यालय से नदारद रहते हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेषानी उठानी पडती है। लोगों की षिकायत पर अंचल अधिकारी प्रभात भूषण सिंह ने कहा कि वे मामले पर उचित कारवाई करेंगें। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में मंगल और षुक्रवार को सभी हल्का कर्मचारियों को रहना आवष्यक है अगर कर्मचारी नहीं मिलते हैं।

रातू : मोबाइल चोर गिरोह के खुलासे से मिली राहत

क्षेत्र में होती रहती थी चोरी, थाने से ही छोड़ दिये जाते थे आरोपी

शेख मुजिबुल

रातू। थाना क्षेत्र में दो साल से मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय था। इससे आम नागरिक न केवल परेशानए बल्कि भयभीत भी थे। यहां कोई भी दिन ऐसा नहींए जब संडे मार्केटए दलादिली व काठीटांड़ चौक से मोबाइल चोरी की दो.चार घटनाएं न होती हो। संदिग्ध बच्चों को पकड़ कर थाने लाया जाता था। पूछताछ के दौरान उनके आंखों में आंसू देख रहमदिल ऑफिसर उन्हें छोड़ देते थे। लेकिनए इस बार पुलिसिंग की नई तकनीक अपनायी गयी। बाल कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार का सहारा लिया गया। राजफाश के लिये उन्होंने नायाब तरीका अपनाया। तथ्य सामने आते ही थानेदार एसबी चौधरी हरकत में आये। उन्होंने टीम का गठन किया। ग्रामीणों की ओर से सुपुर्द बच्चे की निशानदेही पर सूर्यानगर निवासी बिट्टू चौधरी के मकान में छापेमारी की गयी। पांच लोग पकड़े गये। अंधेरे का लाभ उठाकर एक फरार हो गया। कमरे से विभिन्न कंपनी की छह दर्जन से अधिक मोबाइल बरामद किये गये हैं। सभी आरोपी साहेबगंज तीनपहाड़ के हैं। उनकी गिरफ्तारी से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

बिट्टू चौधरी पर हो कार्रवाई

भुक्तभोगियों ने साप्ताहिक बाजार और क्षेत्र के चौक.चौराहे में संदिग्धों पर पैनी निगाह रखने और किराये की लालच में गिरोह को पनाह देने वाले बिट्टू चौधरी के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। ताकिए लोगों को बाइक और मोबाइल चोरी की घटना से निजात मिल सके। इधरए पुलिस बुलंद हौसले के साथ अब मोटर साइकिल चोरी करने वालों से निपटने की तैयारी में जुट गयी है।

मार्केट जाने से डरते थे लोग

संडे मार्केट और दलादिली में हर सप्ताह बाजार लगता है। मंडी में सब्जी खरीदने जाने से लोग डरते थे। दर्जनों इसके शिकार हो चुके हैं। समाचार माध्यमों से जब उन्हें पता चला कि छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैए तो उनमें खुशी का ठिकाना न रहा। वह अभियान में शामिल टीम के पदाधिकारी और जवानों की सराहना करते थक नहीं रहे हैं।

बेसहारा बच्ची को मिली नयी जिंदगी

बेसहारा बच्ची को मिला सुदेश महतो का सहारा

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। प्रखंड के चोकाहातू टोला बांधडीह गाँव के सोहराय सिंह मुंडा के पुत्री मुस्कान कुमारी की आर्टिफिशियल पैर लगा कर नई जिंदगी दी गई। डेढ़ वर्ष की उम्र में आग लगने से दोनो पैर को काटना पड़ा था। गरीब परिवार की बच्ची लाचार हो चुकी थी।किसी तरह गांव के स्कूल में पांचवी तक पढ़ाई की थी और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोनाहातू में छठी क्लास में नामांकन करने के लिए आवेदन जमा किया हैं। आवेदन के आलोक में स्कूल के वार्डन शशि बाड़ा और शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो बच्ची के घर गए। बच्ची की दिव्यांगता और परेशानी के बारे मे स्कूल प्रबंधन ने विधायक सुदेश महतो को बताए । विधायक ने तत्काल रुचि लेते हुए एंबुलेंस से बच्ची को पिता के साथ मेडिका अस्पताल रांची भेजे । डॉक्टरों की टीम ने जांच कर आर्टिफिशियल पैर लगा दिया गया । अब वास्तव में मुस्कान के चेहरे में मुस्कान आया है। मुस्कान आर्टिफिशियल पैर से अपने घर में चलने का अभ्यास कर रही है। कस्तूरबा स्कूल प्रबंधन के प्रयास से विधायक सुदेश महतो ने एक नई जिंदगी दी है।

पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के 65 फीसदी आरक्षण के फैसले को किया रद्द

एजेंसी

पटना। पटना हाईकोर्ट ने बिहार में सरकारी नौकरी और शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में आरक्षण सीमा बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने वाले बिहार आरक्षण कानून को रद्द कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार ने जाति आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर ईबीसी, ओबीसी, दलित और आदिवासी का आरक्षण बढ़ाकर 65 परसेंट कर दिया था। आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों (सवर्ण) को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिलाकर बिहार में नौकरी और दाखिले का कोटा बढ़कर 75 प्रतिशत पर पहुंच गया था। कई संगठनों ने हाईकोर्ट में बिहार आरक्षण कानून को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली दो जजों की बेंच ने बिहार आरक्षण कानून को संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के खिलाफ बताते हुए रद्द कर दिया है।

नीतीश की पुरानी कैबिनेट ने बिहार के जाति आधारित सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर 7 नवंबर को कोटा बढ़ाने का फैसला लेकर विधानसभा में विधेयक पेश किया था। इसके जरिए ओबीसी आरक्षण 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत, ईबीसी का कोटा 18 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी, एससी का आरक्षण 16 परसेंट से बढ़ाकर 20 परसेंट और एसटी का आरक्षण 1 परसेंट से बढ़ाकर 2 परसेंट करने का प्रस्ताव था। विधानसभा से यह विधेयक 9 नवंबर को पास हो गया। 21 नवंबर को राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस विधेयक ने कानून का रूप ले लिया और यह पूरे राज्य में लागू हो गया। इस कानून को आरक्षण विरोधी संगठन यूथ फॉर इक्वैलिटी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक ना देने के फैसले को आधार बनाकर बिहार आरक्षण कानून को चैलेंज किया गया था। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस हरीश कुमार की बेंच ने बिहार के नए आरक्षण कानून को संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का उल्लंघन बताते हुए इसे रद्द कर दिया है। माना जा रहा है कि राज्य सरकार हाईकोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट की बड़ी बेंच या सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

नीतीश कुमार महागठबंधन में रहते हुए और एनडीए में लौटने के बाद भी लगातार बिहार आरक्षण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने की मांग केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से कर रहे थे। इस अनुसूची में डाले गए कानून की आम तौर पर न्यायिक समीक्षा नहीं होती और उसे कोई अदालत में चुनौती नहीं दे पाता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने नौवीं अनुसूची में किसी कानून को डालने को भी अपने समीक्षा के दायरे में बता रखा है। बिहार के आरक्षण कानून को नौवीं अनुसूची में नहीं डाला गया है इसलिए इस पर अदालती डंडा चल गया है।

बिहार आरक्षण कानून: कैबिनेट से हाईकोर्ट का सफरनामा

साल 2022

- **1 जून:** सभी दलों ने सर्वसम्मति से जाति सर्वेक्षण पर फैसला लिया
- **2 जून:** बिहार कैबिनेट ने जाति सर्वेक्षण को हरी झंडी दी

साल 2023

- **7 जनवरी:** जाति सर्वेक्षण का पहला चरण 7-15 जनवरी तक आयोजित हुआ
- **15 अप्रैल:** दूसरा चरण 15 अप्रैल से 15 मई तक होना था
- **4 मई:** उच्च न्यायालय ने जाति आधारित सर्वेक्षण पर रोक लगायी
- **1 अगस्त:** पटना ल्उ ने जाति सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, सर्वेक्षण फिर से शुरू हुआ
- **2 अक्टूबर:** बिहार सरकार ने जाति सर्वेक्षण के आंकड़े जारी किए
- **9 नवंबर:** बिहार विधानमंडल ने सर्वसम्मति से कोटा 50% से बढ़ाकर 65% करने के लिए विधेयक पारित किया।
- **22 नवंबर:** बिहार सरकार ने राजपत्र में कोटा वृद्धि को अधिसूचित किया

साल 2024

- **11 मार्च:** पटना हाईकोर्ट ने कोटा वृद्धि को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा
- **20 जून:** उच्च न्यायालय ने कोटा वृद्धि को रद्द कर दिया, इसे असंवैधानिक करार दिया

खबर एक नजर में

सरकारी भूमि व अतिक्रमित मुख्य सड़क पर चलेगा बुलडोजर

कांडी। बाजार की सरकारी भूमि व अतिक्रमित मुख्य सड़क पर जल्द सरकारी बुलडोजर चलेगा। इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि अगले सप्ताह से कांडी बाजार की सरकारी भूमि को अतिक्रमन मुक्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने अंचल अमीन धर्मदेव राम को निर्देश देते हुए कहा है कि आप दो दिनों के अंदर कांडी बाजार की सरकारी भूमि व मुख्य सड़क का सीमांकन कर उसे चिन्हित कर मुझे रिपोर्ट करें। ज्ञात हो कि 2021-22 में तत्कालीन डीसी राजेश कुमार पाठक के निर्देश पर कांडी बाजार की कुल सरकारी भूमि 78 डिसमिल में से 41 डिसमिल जमीन को कार्रवाई कर अतिक्रमण मुक्त किया गया था। लेकिन बाकी 37 डिसमिल जमीन पर अभी तक कोई कार्रवाई नही किया गया। कुछ दिनों तक तो सरकारी भूमि जरूर खाली रहा लेकिन कुछ महीनों बाद फिर से लोगों का अवैध कब्जा कायम हो गया। सरकारी आंकड़ा को माना जाए तो कभी कांडी बाजार की जमीन का रकबा 4 .84 एकड़ था। लेकिन भू माफिया के द्वारा गलत तरीके से अपने कब्जे की जमीन को अवैध तरीके से जमाबन्दी करा लिया गया। सरकार कुछ नहीं कर सकी। वर्तमान में सरकार के कागज पर मात्र 78 डिसमिल जमीन चिन्हित है। उधर मुख्य सड़क भी दोनों तरफ से अतिक्रमित है। जिस कारण प्रतिदिन सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। जिला के प्राय: सभी प्रखण्ड मुख्यालय को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है लेकिन इकलौता कांडी प्रखण्ड है, जहां आज तक कोई भी पदाधिकारी अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने का हिम्मत नहीं जुटा सका। अब देखना है कि नवपदस्थापित अंचलाधिकारी क्या कर पाते हैं।

भूमि सुधार विभाग के दो कर्मी रिश्वत लेते पकड़े गये

किशनगंज। जिले के बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पलासमानी गांव में सर्वे अमीन और एएसओ के द्वारा जमीन सर्वे करने के बदले में रैयत धारियों से रिश्वत मांगने का मामला प्रकाश में आया है। जहां ग्रामीणों ने सर्वे अमीन धीरज कुमार और एएसओ मनीष कुमार को पकड़कर बहादुरगंज थाना के सुपर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार दोनों के पास से लगभग 1 लाख 30 हजार रुपए बरामद किए गए है। वहीं इससे संबंधित एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दो लड़के एक कमरे में रुपए रखते हुए देखे जा रहे हैं, जिसके संबंध में अभी पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। गौर करे कि विभाग के द्वारा 13 जून से ही विशेष सर्वेक्षण कार्य से जुड़े अमीन से कार्य नही लिए जाने का आदेश जारी किया गया है। इसके बावजूद ये लोग कैसे सर्वे कार्य कर रहे थे। जिससे दोनों आरोपी सवालों के घेरे में है। बहादुरगंज थाना में लिखित आवेदन देते हुए नौशाद आलम ने बताया कि प्लासमानी गांव में जमीन सर्वे करने के नाम पर दर्जनों रैयतधारियों से सर्वे अमीन धीरज कुमार और एएसओ मनीष कुमार के द्वारा मोटी राशि की मांग की जा रही थी, जिसके एवज में सर्वे अमीन धीरज कुमार और एएसओ को रंगे हाथ पकड़कर ग्रामीणों के द्वारा बहादुरगंज पुलिस के हवाले कर दिया गया है। विधायक प्रतिनिधि नजमुल हुडा बताते है कि इन लोगों के द्वारा सर्वे के नाम पर बहादुरगंज क्षेत्र से लगभग 5 करोड़ की वसूली की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रष्ट कर्मियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाना चाहिए। प्रशिक्षु डीएसपी सह बहादुरगंज थानाध्यक्ष अभिनव परासर ने बताया कि मामले से संबंधित विभाग को सूचित किया जा रहा है। जहां विभाग द्वारा मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पूर्णिया विश्वविद्यालय में इतिहास विषय में पहले पीएचडी शोधकर्ता प्रभात सिंह को मिली उपाधि

पूर्णिया। पूर्णिया यूनिवर्सिटी में वृहद दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर पूर्णिया यूनिवर्सिटी के पहले शोधकर्ता इतिहास विषय में प्रभात कुमार सिंह बने और उन्हें डिग्री तथा गोल्ड मेडल राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर द्वारा प्रदान किया गया। इस उपाधि के मिलने के बाद उनके परिवार तथा दोस्तों में काफी खुशी है। प्रभात कुमार सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि मैं पूर्णिया जिला के बनमनखी अनुमंडल के देवोत्तर गांव का निवासी हूं। मैने अपने मैट्रिक की पढ़ाई बनमनखी के सुमरित उच्च विद्यालय से की, उसके बाद मैं आगे की पढ़ाई पटना के डीपीसीएम (मिलर) से इन्टर की पढ़ाई पूरी करने के तत्पश्चात मगध विश्वविद्यालय के अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज पटना से आगे की पढ़ाई पूरी की। प्रभात सिंह कहते हैं कि इसके बाद मैने यूपीएससी की तैयारी के लिए दिल्ली में अध्ययन अध्यापन किया। यूपीएससी की परीक्षा में अंतिम रूप से सफल न हो पाने के कारण मैं पूर्णिया लौट आया। यहां मैने पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया में पीएचडी के लिए प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण किया तथा 2019 में मेरा पीएचडी में नामांकन हुआ। पूछने पर उन्होंने कहा कि पूर्णिया वासी होने के नाते मैंने पूर्णिया जिला के सामाजिक तथा आर्थिक जीवन के अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। सीमांचल में पूर्णिया का एक अपना अलग महत्व है और इसकी भौगोलिक, सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति कुछ खास है। मुझे लगता था कि पूर्णिया के भूत वर्तमान का अध्ययन कर इसकी महत्ता को समझा जाए जो आगे चलकर पूर्णिया के विकास में अपना योगदान दे सके।

स्पीड न्यूज

अयांश बीज भंडार का उद्घाटन

कांडी। थाना के समीप गुरुवार को युवा समाजसेवी विकास दुबे ने अयांश बीज भंडार का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बीज भंडार में उत्तम क्वालिटी का सभी प्रकार के बीज उपलब्ध है। उचित मूल्य पर लोग खरीदारी कर लाभ उठाएं। मौके पर दृष्टि यूथ आगेर्नाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर, प्रयाग मेहता, ओमप्रकाश, अनूप राम, जेपी सोनी, श्रवण कुमार, अनिल चैधरी, विनोद चैधरी आदि लोग मौजूद थे।

अररिया में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवती अचेत

फारबिसगंज/अररिया। अररिया के सिकटी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मसुंडा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से गुरुवार को एक युवती बेहोश हो गई। उसे स्थानीय लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसाकांटा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में युवती का इलाज किया जा रहा है। युवती सिकटी प्रखंड क्षेत्र के मसुंडा गांव निवासी ज्योति कुमारी है।

बाइक चोरी के आरोप में थाना हाजत में बंद आरोपी ने की आत्महत्या

पूर्वी चंपारण। बाइक चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक ने थाना हाजत में अपने शर्ट से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर सिकरहना डीएसपी व डीसीएलआर सहित पदाधिकारी घटना की जांच में जुटे है। मौत की सूचना पर मृतक के परिजन व स्थानीय ग्रामीण थाना का घेराव कर पुलिस की पिटाई से मौत होने का आरोप लगा रहे है। घटना पूर्वी चंपारण जिले झरौखर थाना की बतायी जा रही है। एसपी ने बताया कि झरोखर थाना में चोरी की दो बाइक के साथ एक को हिरासत में लिया गया था। हिरासत में लिए गए युवक द्वारा शर्ट से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। जिसका अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। उन्होने बताया कि सिकरहना डीएसपी को मामले की जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव का इस्तीफा नामंजूर

अररिया। अररिया लोकसभा चुनाव में राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के कड़े संघर्ष के बाद पराजित होने पर नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए इस्तीफा देने वाले राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव के इस्तीफा को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने नामंजूर कर दिया और जिलाध्यक्ष पद पर मनीष यादव को बने रहने निर्देश दिया है। इतना ही नहीं प्रदेश अध्यक्ष के हवाले से पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने शुक्रवार 21 जून को पटना के 5 देशरत्न मार्ग में होने वाली समीक्षात्मक बैठक में बतौर जिलाध्यक्ष शामिल होने का निर्देश दिया गया है। मामले को लेकर राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि वह पार्टी का समर्पित सिपाही है और पार्टी नेतृत्व का जो भी होगा, उसका अक्षरशः पालन करूंगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेते हुए 5 जून को सामान्य राजनीतिक शिष्टाचार के तहत इस्तीफा दिया था और पार्टी नेतृत्व से पद मुक्त कर अन्य साथी को जिम्मेदारी सौंप जाने की विनती की थी। लेकिन पार्टी ने पुनः विश्वास जताया,जिसके लिए पार्टी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

देखो अपना देश कार्यक्रम के तहत बेतिया से खुलेगी भारत गौरव ट्रेन

एजेंसी

पूर्वी चंपारण। भारतीय रेलवे की शाखा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड ने देखो अपना देश कार्यक्रम के तहत भारत गौरव ट्रेन की शुरूआत करने जा रही है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33 प्रतिशत रियायत प्रदान कर रहा है। यह पर्यटक ट्रेन दिनांक 09/07/24 को बेतिया से खुलेगी, जो सुगौली, रक्सौल, सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, पाटलिपुत्र, दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन होते हुए उज्जैन, द्वारका, सोमनाथ, शिरडी, नासिक, आदि जगहों का भ्रमण करते हुए 19/07/24 को वापस लौटेगी। यह ट्रेन महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, नागेश्वर, सोमनाथ, एवं त्रयम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारिकाधीश मंदिर एवं शिरडी मंदिर के साथ ही शनि सिगनापुर में शनि मंदिर का भी दर्शन कराएगी। ट्रेन में स्लीपर तथा एसी क्लास की व्यवस्था है। स्लीपर में प्रति व्यक्ति यात्रा खर्च 20899 रू तथा एसी में 35795 रु है। तीर्थयात्रियों को नाश्ता, खाना, रात का खाना, चाय आदि रेल के तरफ से निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। कोच में सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी एवं टूर एस्कार्ट रहेगे। सीटों की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर आन लाईन होगी। इस यात्रा टूर के बारे में विस्तृत जानकारी आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। यात्रियों को प्रत्येक जगह स्टेशन से ले जाने एवं लाने के लिए रेल द्वारा गाड़ी की सुविधा रहेगी तथा रहने के लिए भी व्यवस्था क्लास के अनुसार किया जाएगा। उक्त जानकारी आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय अधिकारी टूरिज्म, मुजफ्फरपुर, राहुल रंजन, मुख्य पर्यवेक्षक, रीजनल आफिस, पटना, मनीष कुमार तथा स्टेशन अधीक्षक, मोतिहारी दिलीप कुमार ने संयुक्त रुप से दी है।

पूर्व लोजपा विधायक शंकर सिंह ने रुपौली सीट के लिए किया नामांकन

एजेंसी

पूर्णिया। रुपौली के पूर्व विधायक शंकर सिंह ने आज धमदाहा अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले हजारों लोग उनके नामांकन में आये। शंकर सिंह के साथ उनकी पत्नी पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा सिंह भी साथ थी। शंकर सिंह ने अपना नामांकन लगभग दोपहर के 2:30 बजे दाखिल किया। नामांकन के बाद शंकर सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं बिना जात-पात वाला आदमी , बिना भेदभाव किए हुए सेवा करने वाला व्यक्ति हूं। मैं विधायक रहा या नहीं रहा मैं और मेरी पत्नी ने मिलकर लगातार अपने क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए काम की। मेरे रुपौली विधानसभा क्षेत्र में सभी लोग हमें अपना आशीर्वाद देते हैं और इस बार भी वोटिंग कर मुझे जिताकर अपना आशीर्वाद देंगे। उन्होंने कहा कि मैं नहीं जानता कि लोजपा में या एनडीए गठबंधन में ऊपरी स्तर पर क्या हुआ,परंतु मुझे टिकट नहीं मिला, जिस भी कारण से वह ऊपर के लोग जाने। मैंने इस्तीफा देकर तय कर लिया था कि मैं निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा और जीतकर रुपौली की जनता की सेवा करूंगा। रुपौली विधानसभा से शंकर सिंह के उतरने से यहां लड़ाई त्रिकोणीय हो गई है। शंकर सिंह खुद दमखम वाले और ज्यादा समर्थकों वाले माने जाते हैं। उनके लड़ने का मतलब है कि पूरी ताकत से लड़ाई होगी। एनडीए गठबंधन से जदयू के उम्मीदवार कलाधर मंडल को खड़ा किया है और जदयू इस लड़ाई में अवश्य अपनी पूरी ताकत लगाएगी। तीसरी तरफ राजद की प्रत्याशी बीमा भारती है जिनके लिए इंडिया गठबंधन अवश्य सामने आएगा और लड़ाई में अपनी ताकत लगाएगा।

बीडीओ ने किया छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

कांडी। प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ राकेश सहाय ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतरिया के 50, उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय कांडी के 19 एससी एसटी ओबीसी तथा मुस्लिम छात्र छात्राओं के बीच सत्र 2023-24 के तहत विद्यालय में अध्यनरत आठवीं पास विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा निःशुल्क रूप से दिये जाने वाले साइकिल से विद्यार्थियों को काफी सहुलियत मिलेगी ससमय विद्यार्थी सुदूरवर्ती क्षेत्र से दूरी सफर कर विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करेंगे। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी, बीपीओ विरेंद्र प्रसाद, प्रधानाध्यापक दुर्गा सिंह, सीआरपी अरुण सोनी, मुखिया विजय राम, मुखिया प्रतिनिधि मनोज राम, रिंकू सिंह, अनूप राम, जेपी सोनी आदि लोग मौजूद थे।

मझिआंव में कई टोला में पानी की समस्या गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। क्षेत्र में तपती धूप में भी नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा वार्ड नंबर 9 एवं 10 स्थित आमर पश्चिम टोला, अंसारी टोला एवं पाल टोला सहित आसपास के गांव एवं टोले में पानी की समस्या गंभीर हो गई है। आम लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। यह समस्या नगर पंचायत गठन के बावजूद भी अभी तक देखी जा रही है। कई मर्तबा ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर नगर पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधि को आवेदन देकर इसके निराकरण की मांग की गई थी। लेकिन स्थिति यथावत है। इधर युवा समाजसेवी बिंदेश्वरी पाल उर्फ अशोक पाल के नेतृत्व में ग्रामीणों की उपस्थिति में आमर पश्चिम टोला एवं अंसारी एवं पाल टोला में बैठक कर पानी एवं होलिंडग टैक्स सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विचार विमर्श करते हुए नगर पंचायत प्रशासन के विरुद्ध पुरजोर ढंग से आवाज उठाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधि पानी की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। जिससे आम जनों को काफी नाराजगी है। कहा कि इस भीषण गर्मी के साथ साथ पानी की गंभीर संकट से जूझना पड़ रहा है। कहा कि इसके लिए सरकार के द्वारा राशि आवंटन के बाद भी पानी की व्यवस्था नहीं कराई जा सकी है। जब से नगर पंचायत बनी है पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द तालाब सुंदरीकरण का डीपीआर निकालकर इसका सच्चाई का पता ग्रामीणों के सामने रखा जाएगा। उन्होंने आम जनों से अपील कर कहा है कि अपना हक एवं अधिकार पाने के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। और जरूरत पड़ी तो सुविधा विहीन ग्रामीणों के सहयोग से नपं कार्यालय में ताला बंद करने पर बाध्य होना पड़ेगा। कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार का कहना है कि सूचना मिलने पर तत्काल टैंकर से पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। इसके लिए सभी वार्ड सदस्यों के साथ विशेष बैठक कर निर्देशित किया जा चुका है। मौके पर पूर्व वार्ड परिषद सदस्य इबरार खां, आजम रसूल खान, हाशिम खान, वकील खां, राशिद खां, जितेंद्र कुमार, अइम अंसारी, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

पेज एक का शेष

अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है : मोदी

राज्य को कई सौगात: गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने 1,800 करोड़ रुपये की कृषि और संबद्ध क्षेत्र की परियोजनाओं की भी शुरूआत की। इन परियोजनाओं को केंद्र शासित प्रदेश के 20 जिलों के 90 प्रखंडों में लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

नीट पेपर लीक मामले की कमेटी जांच करेगी

नीट परीक्षा को लेकर भाजपा के आरोप : मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु का राजद के प्रथम परिवार यानी लालू फैमिली से नजदीकी संबंध। सिकंदर जन संसद विभाग में महज एक जूनियर इंजीनियर था, लेकिन राजद के आशीर्वाद के कारण तेजस्वी यादव के मंत्री रहते हुए उन्हें नगर विकास में शानदार पोस्टिंग मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिकंदर का संबंध तेजस्वी यादव के वर्तमान पीएस प्रीतम से है। तेजस्वी के पीएस प्रीतम ने एनएचएआई गेस्ट हाउस में सिंकदर के लिए एक रूम बुक कराया। होटल बुक करने के लिए कॉल और व्हाट्सएप का इस्तेमाल किया गया। प्रदीप कुमार ने इसे स्वीकार कर लिया है। एक अभ्यर्थी और आरोपी अनुराग यादव ने कबूल किया है कि उसके रिश्तेदार सिकंदर यादवेन्दु ने उसे पेपर दिया था। वह भी सिकंदर और प्रीतम की बदौलत एनएचएआई के गेस्टहाउस में रुका था।

निशाने पर नक्सलियों के पनाहगार

लगातार छापामारी होती रही है: राज्य सुरक्षा एजेंसी के अलावा केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी भी लगातार छापेमारी करती रही है। पिछले 7-8 सालों से एनआईए भी जिले के इस इलाके में छापेमारी करती रही है। इसी सिलसिले में एनआइए की टीम ने लोगों के घरों की तलाशी भी ली है। तलाशी के दौरान टीम को अहम जानकारियां भी मिली हैं। टीम ढोलकट्टा, दलनचलकारी इलाके में भी गई और कई लोगों से पूछताछ की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मधुबन और पीरटांड़ थाना क्षेत्र में कई लोगों से पूछताछ के बाद आधा दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस भी तामील कराया गया है। जिन लोगों को नोटिस तामील कराया गया है, उन्हें एक सप्ताह बाद रांची कार्यालय बुलाया गया है। मजदूर संगठन समिति से जुड़े तीन-चार लोगों के घरों की भी तलाशी ली है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि समिति के सदस्यों की गतिविधियां क्या हैं। दूसरी ओर, वह उन लोगों की भी तलाश कर रही है जो नक्सलियों को लेवी देते हैं। वहीं उन लोगों की भी तलाश की जा रही है जो नक्सलियों को पनाह देते हैं।

निषाद समाज के लोगों ने सांसद को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। निषाद समाज के लोगों ने मेदिनीनगर आवास पर पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुने गए सांसद बीडी राम को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। निषाद समाज के सामाजिक संगठन महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चैधरी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान सांसद के समक्ष कई सामाजिक समस्याओं को रखा था और उन्होने आश्वस्त किया था कि हम फिर से चुनाव जीत कर आएंगे तो निश्चित तौर पर निषाद समाज के लोगों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और यथासंभव हर सुख दुख में शामिल होने का प्रयास करेंगे। निषाद समाज के मुख्य मांगों में से गढ़वा-पलामू के जिला मुख्यालय में निषाद सामुदायिक भवन का निर्माण कराना है, जिससे कई कार्यक्रम करने में सहूलियत होगी और अनाथ बच्चों को रहकर पढ़ने की व्यवस्था होगी, गरीब-मजदूर भी आपातकालीन स्थिति में रुक पाएंगे। शादी विवाह कार्यक्रम के लिए भी निःशुल्क सुविधा मिल पाएगी। वहीं चिरपरिचित मांग तोलरा स्टेशन के पश्चिम मल्लाह टोली गांव के रेल फाटक को रेल अंडर ब्रिज का निर्माण हमारी प्राथमिकता होगी। क्योंकि अभी तक ट्रेन से कटकर कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा समाज में छोटी-छोटी समस्याओं को निराकरण करने में हमारा सहयोग रहेगा। इसके लिए समाज के लोगों को भी सक्रिय रहने की जरूरत होगी। डॉ कुलदेव चैधरी ने सांसद से अपनी बात रखी है कि जिस तरह पलामू लोकसभा में साढ़े चार लाख निषाद मतदाता में से ज्यादातर लोगों का आशीर्वाद मिला है, उसी तरह आगामी विधानसभा चुनाव में पलामू प्रमंडल के नौ विधानसभा में कम से कम एक सीट दिलाने में सहयोग करें। मौके पर महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव चैधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चैधरी, जिला कोषाध्यक्ष संतोष चैधरी, भिखही पूर्व मुखिया नन्दू चैधरी, अधिवक्ता बचनदेव चैधरी, युवा जिला सचिव सकेन्द्र कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य रटू चैधरी, रामधनी चैधरी, विनोद चैधरी, वीरेन्द्र चैधरी, सुनील चैधरी, संतोष चैधरी आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

शेख हसीना आज आयेंगी भारत

नयी दिल्ली। बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को यहां आ रहीं हैं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को भारत की राजकीय यात्रा करेंगी। भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में नयी सरकार बनने के बाद यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी।

लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर बने महताब

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उड़ीसा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। प्रोटेम यानी अस्थाई स्पीकर नई लोकसभा चुने जाने पर सभी सांसदों को सदस्यता की शपथ दिलाते हैं। कांग्रेस पार्टी ने महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाने पर आपत्ति जताई है। पार्टी नेता जयराम रमेश का कहना है कि यह पद सबसे वरिष्ठ सदस्य को दिया जाता है। आठ बार के दो सांसद होने के बावजूद सातवीं बार लोकसभा के लिए चुने गए महताब को सरकार द्वारा क्यों चुना गया है। उल्लेखनीय है कि संसद का आगामी सत्र 24 जून से शुरू होकर 3 जुलाई तक चलेगा।

अभाविप ने फूंका एनटीए का पुतला

नयी दिल्ली । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने बुधवार रद्द हुए यूजीसी-नेट परीक्षा , राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में व्याप्त अराजकता और लगातार हो रहे पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया और दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में एनटीए का पुतला दहन किया। इस दौरान अभाविप के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने इस पूरे घटना क्रम में संलिप्त नकल माफियाओं पर सख़्त से सख़्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से एनटीए द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में अनियमितता, गड़बड़ी तथा पेपर लीक जैसे मामले निकल कर सामने आ रहे हैं।

नेपाल में 15 करोड़ की कोकीन बरामद

काठमांडू। नेपाल के रास्ते भारत में सप्लाई करने के लिए भेजी जा रही साढ़े किलो कोकीन नेपाल नारकोटिक्स ब्यूरो ने बरामद की गई है। कोकीन की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में 15 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। चार विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। ब्यूरो के प्रवक्ता एसपी रामेश्वर कार्की ने बताया कि कोकीन की खेप के साथ भारत, तंजानिया और वेनेजुएला के 4 नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

अमेरिका के हवाई हमले में आइएस का शीर्ष नेता मारा गया

वाशिंगटन। अमेरिका के सीरिया में किए गए हवाई हमले में कुख्यात आतंकवादी संगठन आईएस को तगड़ा नुकसान हुआ है। उसका एक शीर्ष और भरोसेमंद नेता मारा गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एक्स हैंडल पर उपलब्ध ब्योरे में मारे गए इस कुख्यात रणनीतिकार का नाम उसामा जमाल मुहम्मद इब्राहिम अल-जनाबी बताया गया है। वह संगठन में आतंकियों की भर्ती करता था। जिहादी संगठन के रूप में बर्बर गतिविधियां संचालित करने वाले आईएस को इस्लामिक स्टेट इन इराक ऐंड सीरिया और इस्लामिक स्टेट इन इराक ऐंड द लीवेंट के नाम से पुकारा जाता है।

विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल पर दौड़ी रेलगाड़ी

संगलदान से रियासी तक मेमू ट्रेन का पहली बार परीक्षण सफल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में कश्मीर घाटी को शेष भारत से रेललिंक से जोड़ने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और संगलदान से रियासी तक करीब 46 किलोमीटर के खंड पर मेमू ट्रेन का पहली बार सफल परीक्षण किया जिसमें दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब रेल पुल शामिल है। जम्मू-कश्मीर को एक वैकल्पिक और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा निर्माणाधीन 272 किलोमीटर की उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना (यूएसबीआरएल) के तहत उधमपुर से बारामूला तक कश्मीर घाटी को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने वाली लंबी रेलवे लाइन का केवल 17 किलोमीटर का भाग बाकी रह गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में बानिहाल से संगलदान तक करीब 48 किलोमीटर का खंड इसी वर्ष फरवरी में खोला गया था। रेलवे बोर्ड, उत्तर रेलवे और कोंकण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चिनाब पुल के व्यापक निरीक्षण के बाद, आज एक आठ कोच वाले मेमू ट्रेन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रामबन जिले के संगलदान और रियासी के बीच 46 किलोमीटर की विद्युतीकृत लाइन खंड पर मेमू ट्रेन 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गुजरी। ट्रेन संगलदान से 12:35 बजे चल करके 14:05 बजे रियासी स्टेशन सफलतापूर्वक पहुंची। रास्ते में यह नौ सुरंगों से होकर गुजरी, जिनकी कुल लंबाई 40.787 किलोमीटर है और सबसे लंबी सुरंग टी-44 करीब 11.13 किलोमीटर की है। यह पहली पूरी ट्रेन थी जिसने चिनाब नदी पर दुग्गा और बक्कल स्टेशनों के बीच दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च रेल पुल को किया। इस रेल खंड में रियासी, बक्कल, दुग्गा और सावलकोटे स्टेशन रियासी जिले में स्थित हैं। इस खंड पर रेलवे विद्युतीकरण कार्य भारतीय रेलवे पर पहली बार 25 केवी पर अत्याधुनिक तकनीक, आरओसीएस (रिगिड ओवरहेड कंडक्टर सिस्टम) के साथ किया गया है। इसके साथ ही अब रियासी से श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन के बीच करीब 17 किलोमीटर की खंड बाकी रह गया है जिसमें एक सुरंग का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। यह काम भी करीब एक माह में पूरा हो जाने की आशा है। इसके पहले भी यूएसबीआरएल परियोजना में करीब 48.1 किलोमीटर लंबे बानिहाल-संगलदान खंड का उद्घाटन इसी साल 20 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था इस खंड में करीब 43 किलोमीटर का हिस्सा सुरंगों में स्थित है। सबसे पहले 118 किलोमीटर लंबे काजीगुंड-बारामूला खंड के पहले चरण का उद्घाटन अक्टूबर 2009 में किया गया था। जून 2013 में 18 किलोमीटर लंबे बानिहाल-काजीगुंड खंड और जुलाई 2014 में करीब 25 किलोमीटर लंबे उधमपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा खंड का उद्घाटन हुआ था। यह परियोजना आजादी के बाद भारतीय रेलवे की सबसे चुनौतीपूर्ण रेल परियोजना है। कश्मीर घाटी के लिए निर्बाध और परेशानी मुक्त कनेक्टिविटी प्रदान करने में यूएसबीआरएल परियोजना के महत्व को देखते हुए, इसे वर्ष 2002 में राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया था। यूएसबीआरएल परियोजना में 38 सुरंगें हैं जिनकी कुल लंबाई 119 किलोमीटर हैं। सबसे लंबी सुरंग (टी-49) की लंबाई 12.75 किलोमीटर है और यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। पुलों की संख्या 927 है जिनकी कुल लंबाई 13 किलोमीटर है। इन पुलों में प्रतिष्ठित चिनाब पुल की कुल लंबाई 1315 मीटर, आर्क विस्तार 467 मीटर और नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है, जो एफिल टॉवर से लगभग 35 मीटर ऊंचाई पर है और इसे दुनिया का सबसे ऊंचा आर्क रेलवे पुल माना गया है। यह लोगों और वस्तुओं की आसान आवाजाही को सुविधाजनक बनाकर सामाजिक एकीकरण और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पर्यटन और व्यापार जैसी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्य बातें

- नौ सुरंगों से होकर गुजरी ट्रेन, लंबाई 40 किमी और लंबी सुरंग टी-44 करीब 11.13 किलोमीटर है
- रियासी से वैष्णो देवी कटरा स्टेशन के बीच करीब 17 किमी की खंड बाकी रह गया है, जिसमें एक सुरंग का काम तेजी से हो रहा है

युवा कांग्रेस ने किया शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास का घेराव कर मेडिकल प्रवेश परिक्षा नीट तथा यूजीसी नेट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे के अनुसार इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं ने प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और नीट तथा नेट परीक्षा में शामिल हुए छात्रों को जल्द से जल्द इंसाफ देने की मांग की। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने इस दौरान कहा कि इस परीक्षा धांधली ने लाखों युवा छात्रों के भविष्य को अंधेरे की तरफ धकेल दिया है। परीक्षा में धोखा सिर्फ छात्रों के साथ धोखा नही बल्कि देश के भविष्य के साथ हुआ है। उनका आरोप था कि प्रधान ने जानकारी के बाबजूद देश को गुमराह किया था कि नीट का पेपर लीक नही हुआ। श्री प्रधान के इस्तीफा की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में उनसे कड़ी पूछताछ होना चाहिए। आज देश में ऐसी कोई परीक्षा नहीं है जिसमें धांधली न हो।

नीट के काउंसलिंग पर रोक नहीं

अनियमितता की सीबीआइ जांच पर विचार करेगी सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक बार फिर गुरुवार को कहा कि पांच मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 में अनियमितता के आरोपों की सीबीआइ से जांच की मांग वाली याचिकाओं पर वह विचार करेगा, लेकिन मेडिकल की स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग पर इस स्तर पर रोक नहीं लगाएगा। शीर्ष अदालत ने नीट यूजी 2024 विवाद से संबंधित विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित कार्यवाहियों पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का पक्ष जानने के बाद अदालत आगे कोई फैसला लेगी? पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार और एनटीए को आठ जुलाई को याचिकाओं पर जवाब देने दें।

शीर्ष अदालत ने नीट विवाद से संबंधित तमाम याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। पीठ ने सीबीआई से जांच की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर केंद्र सरकार और एनटीए से जवाब देने को कहा। याचिकाकर्ताओं के एक वकील ने काउंसलिंग पर रोक लगाने की मांग पर पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा, ह्लकाउंसलिंग पर कोई रोक नहीं है। यदि अंतिम सुनवाई के बाद परीक्षा होती है तो काउंसलिंग भी होगी।

अवकाशकालीन पीठ ने लखनऊ की एक छात्रा के मामले का भी जिक्र किया। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष शुरू में दावा किया था कि उसे एनटीए से फटी हुई ओएमआर शीट मिली थी, लेकिन बाद में पता चला कि उसने गलत पंजीकरण संख्या का इस्तेमाल किया था। इसके बाद उसने उच्च न्यायालय से अपनी याचिका वापस ले ली थी। एनटीए की ओर से पेश वकील कनु अग्रवाल की गुहार पर अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा एजेंसी की याचिका पर उन मामलों की कार्यवाही पर रोक लगा दी, जो (नीट यूजी 2024 के संबंध में) विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित है। एनटीए ने उन मामलों को शीर्ष अदालत के समक्ष स्थानांतरित करने की याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत ने मेघालय के कुछ विद्यार्थियों की याचिका पर एनटीए और केंद्र को नोटिस भी जारी किया, जिन्होंने दलील दी थी कि पांच मई को उनकी परीक्षा शुरू होने में लगभग 40 मिनट की देरी हुई थी और उन्हें 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया जाना चाहिए। नीट यूजी 2024 के परिणाम चार जून को घोषित किए गए थे। देश भर में कई जगहों पर परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किये गए हैं। परीक्षा के प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने के मामले में बिहार, गुजरात आदि राज्यों में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। शीर्ष अदालत ने देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को 13 जून को मंजूर किया था। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्तांक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही यह भी कहा था कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी निर्धारित तारीख पर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए 'क्षतिपूर्ति अंक' काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे।

शीर्ष अदालत ने कई न्यायालयों में कार्यवाहियों पर लगायी रोक
केंद्र सरकार और एनटीए से आठ जुलाई को मांगा जवाब

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हवाई बेस रजाली का किया दौरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरूवार को तमिलनाडु में अरक्कोणम के पास स्थित नौसेना के हवाई बेस आईएनएस राजाली का दौरा किया और संचालन तैयारियों की समीक्षा की।

नौसेना अधिकारियों ने उन्हें मौजूदा और भविष्य के समुद्री संचालन तथा स्टेशन के बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नौसेना कर्मियों से बातचीत भी की और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके योगदान की सराहना की। आईएनएस रजाली 11 मार्च 1992 को कमीशन किया गया था। इसका नाम तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में पाए जाने वाले हॉक प्रजाति के एक आक्रामक पक्षी के नाम पर रजाली रखा गया है।

यह हवाई बेस 2,200 एकड़ में फैला हुआ है और चेन्नई से 80 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। आईएनएस रजाली 4,700 कर्मियों की क्षमता वाला सबसे आधुनिक और सबसे बड़ा नौसेना हवाई बेस है, जो पूर्वी नौसेना कमान के तहत कार्य करता है। इसका नौसेना के दो अत्यधिक विशिष्ट कार्यों संचालन और प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है।

नौसेना अधिकारियों ने उन्हें भविष्य के समुद्री संचालन व स्टेशन के बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में जानकारी दी

आखिरी कोशिशें कर रहा आतंकवाद : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कश्मीर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और सबको बांटने वाली आर्टिकल-370 की दीवार अब गिर चुकी है। इसके चलते ही क्षेत्र की हमारी बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। हाल ही की आतंकी घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की जनता को आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है। आज वो आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर का विकास रुक सके। हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुईं हैं, उन्हें सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में बढ़ चढ़कर हुए मतदान को जम्हूरियत की जीत बताया और कहा कि अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू-कश्मीर की अवाम की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सिखाया जायेगा सबक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जन्मदिन के पर नयी दिल्ली स्थित जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय दिव्यांगजन संस्थान का दौरा किया। कर्मचारियों, दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों से बातचीत। द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में मिट्टी कैफे का किया उद्घाटन। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बधाई दी।

Er. Partha Pal

B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: **98351 29422**
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

एमएसपी बढ़ने से शेयर बाजार हुआ गुलजार

एजेंसी

मुंबई । विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर धान समेत चौदह खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के सरकार के फैसले से उत्साहित निवेशकों की कमोडिटीज, ऊर्जा, धातु और रियल्टी समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा। सेंसेक्स 141.34 अंक की तेजी के साथ 77,478.93 अंक और निफ्टी 51.00 अंक मजबूत होकर 23,567.00 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.55 प्रतिशत चढ़कर 46,086.53 अंक और स्मॉलकैप 1.00 प्रतिशत उछलकर 51,906.49 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 3981 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2282 में तेजी जबकि 1571 में गिरावट रही वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों के शेयर लाभ में जबकि 21 के नुकसान में रहे वहीं एक में टिकाव रहा।

सेंसेक्स 141 अंक की तेजी के साथ 77,478 पर पहुंचा
निफ्टी 51अंक मजबूत होकर 23,567 अंक पर हुआ बंद

13 समूहों में तेजी

इससे हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीएसई के 13 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.88, ऊर्जा 0.90, वित्तीय सेवाएं 0.46, इंडस्ट्रियल्स 0.50, बैंकिंग 0.61, धातु 1.87, तेल एवं गैस 0.81, रियल्टी 1.97 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.42 प्रतिशत मजबूत रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में फसल सत्र 2024-25 के लिए धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास समेत 14 खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ा दी है। धान की एमएसपी को 117 बढ़कर 2300 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 217 अंक की तेजी के साथ 77,554.83 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 77,100.36 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर बाद 77,643.09 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 77,337.59 अंक की तुलना में 0.18 प्रतिशत बढ़कर 77,478.93 अंक हो गया। सेंसेक्स की लाभ में रही प्रमुख कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील 1.67, टाटा स्टील 1.28, आईसीआईआई बैंक 1.05, रिलायंस 1.00, कोटक बैंक 0.96, एक्सिस बैंक 0.95, एशियन पेंट 0.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.85, टेक महिंद्रा 0.79, एचडीएफसी बैंक 0.66, नेस्ले इंडिया 0.51, इंफोसिस 0.26, एलटी 0.19, टाटा मोटर्स 0.07 और एचसीएल टेक 0.07 प्रतिशत शामिल रही। सन फार्मा 2.24, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.10, एनटीपीसी 1.26, एसबीआई 1.03, विप्रो 1.03, पावरग्रिड 0.90, भारती एयरटेल 0.86 प्रतिशत की गिरावट पर रहे।

कल्कि 2898 एडी में काम करना सम्मान की बात : अमिताभ

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि कल्कि 2898 एडी में काम करना उनके लिये बहुत सम्मान की बात है। कल्कि 2898 एडी इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है।नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।फिल्म की रिलीज डेट 27 जून है। उससे पहले मेकर्स ने इसकी एक्साइटमेंट बढ़ाते हुए कल्कि 2898 एडी का प्री रिलीज इवेंट मुंबई में आयोजित किया। इवेंट को राणा दग्गूबाती ने होस्ट किया।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi - B	₹ 140	Hindi - B	₹ 80
Hindi Vyakaran- II	₹ 120	Hindi Vyakaran- II	₹ 120
English Grammar II	₹ 120	English Grammar II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran-II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran-II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

स्पीड न्यूज

टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

टंडवा। एनकेपीएल 2024 टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा की खेल परिषद द्वारा किया गया था, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरुषों की श्रेणी के फाइनल में कामता नाइट्स ने गाडिलोंग जायंट्स को 10 विकेट से हराकर खिताब जीता। प्रभात कुमार सिंह को फाइनल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, अहतेशाम आलम को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, विमल कुमार को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और अहतेशाम आलम को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया। बच्चों की श्रेणी में फाल्गु फाइटर्स विजयी रहे और मस्त. वर्शित अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। महिलाओं की श्रेणी में स्वर्णरेखा इलेवन ने जीत हासिल की और श्रीमती अश्विनी सचिन तापसे को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। एनकेपीएल 2024 टूर्नामेंट ने कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच टीम भावना को बढ़ावा दिया और खेल परिषद की पहल की सभी ने सराहना की।

जीएम पर एसीएसटी का मामला दर्ज

टंडवा। टंडवा थाना में जीएम अमरेश कुमार सिंह पर एसीएसटी का आरोप लगा है। सीसीएल खाता नंबर 77,68 पर जबरन सड़क बना रही थी जिसका विरोध करने पर रैयत परमेश्वर गंझु और उनके साथियों को जीएम ने मिलने के लिए बुलाया। 15 जून को हुई इस घटना में जीएम ने परमेश्वर गंझु को जाति सूचक गालियाँ दीं और उन्हें उग्रवादी केस में फंसाने की धमकी दी। परमेश्वर गंझु ने थाना में एसीएसटी और जाति सूचक गाली देने का मामला दर्ज कराया है।

अवैध बालू लदे सात ट्रैक्टर पर प्राथमिकी दर्ज

गिद्धौर। थाना क्षेत्र में अवैध बालू का उत्खनन और परिवहन बड़े पैमाने पर हो रहा है, जिसके कारण बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने सात ट्रैक्टरों पर प्राथमिकी दर्ज की है। थाना प्रभारी ने कहा कि एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

एसडीओ ने रेफरल अस्पताल का किया निरीक्षण

सिमरिया। एसडीओ सन्नी राज ने गुरुवार को रेफरल अस्पताल का निरीक्षण किया और अस्पताल में मौजूद चिकित्सा एवं कर्मियों की जानकारी ली। उन्होंने वहां की सुविधा और व्यवस्था का भी अवलोकन किया और स्वच्छता को लेकर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने सफाई कर्मियों को अस्पताल को स्वच्छ और सुसज्जित रखने का निर्देश दिया और अस्पताल के खाली पड़े परिसर में प्लांटेशन करने की सलाह दी। एसडीओ ने कहा कि यह अस्पताल एक बड़ी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है ऐसे में अस्पताल को चुस्त दुरूस्त रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने चिकित्सकों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ सेवा करने को कहा और बताया कि सिमरिया अस्पताल एक बड़ा आकार लेगा जिसकी कार्य योजना तैयार हो चुकी है और यहां की व्यवस्था और सुविधा में भी बढ़ोतरी होगी।

कृषक सखियों को गैर आवासीय प्रशिक्षण

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के बारियातू क्लस्टर में जेएसएलपीएस से जुड़ी कृषक सखियों को दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण की शुरूआत बृहस्पतिवार से की गई है। इस प्रशिक्षण में कृषक सखी महिलाओं को खरीफ फसल में लगने वाले धान, मक्का, मड़वा, अरहर, उरद, तिल और बादाम जैसे बीजों को लगाने के बारे में बताया जा रहा है। एफटीसी अनिल प्रजापति के नेतृत्व में चल रहे इस प्रशिक्षण में किसान महिलाओं को रासायनिक दवाओं और खादों के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया जा रहा है और उन्हें जैविक तरीके से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में बताया गया कि रासायनिक दवाओं और खादों के इस्तेमाल से खेत दिन-प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। इस मौके पर बीआरपी युगेश्वर दांगी, विजय रजक और 29 महिलाएं भी उपस्थित थीं।

पानी, बिजली व सफाई की समस्याओं पर शालिनी गुप्ता का धरना प्रदर्शन

बिजली, पानी व साफ सफाई का निदान नहीं तो बंद करेंगे टैक्स : शालिनी

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। शहर में पानी, बिजली और सफाई की समस्याओं को लेकर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने विद्युत कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में शहर के 28 वार्डों के निवासी, छात्र-छात्राएं, गृहणियां, विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि और वर्तमान वार्ड पार्षदों ने हिस्सा लिया और प्रशासन की लचर व्यवस्था के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

पानी और बिजली की समस्या

: धरने के दौरान शालिनी गुप्ता ने कहा कि झुमरीतिलैया में पानी, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली की 23 घंटे की निर्बाध आपूर्ति नहीं हो रही है और 1 घंटे का मेंटेनेंस कार्य भी समय पर नहीं किया जा रहा है। बिजली की कटौती से न केवल जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है।

बढ़ते टैक्स और घटती सुविधाएं : शालिनी गुप्ता ने बताया कि 2014-15 में 60-70 लाख रुपये का टैक्स वसूला जाता था, जो अब बढ़कर 6-7 करोड़ रुपये हो गया है। इसके बावजूद सुविधाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन गंभीर समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो जनता टैक्स देने की व्यवस्था पर पुनर्विचार करेगी।

सफाई व्यवस्था की दुर्दशा : शहर में सफाई व्यवस्था को तीन भागों में नगर परिषद कर्मचारी द्वारा रोड एवं नाली की सफाई, केएमएस डब्लू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण, बुल फाइटर प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा मुख्य मार्गों की रात्रि सफाई के बावजूद, शहर की सफाई व्यवस्था नदारद है और जगह-जगह कूड़ा-कचरा बिखरा हुआ है। केएमएसडब्लू प्राजि. द्वारा कचरा संग्रहण का कार्य अनियमित रूप से किया जा रहा है, जिससे सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

अतिक्रमण करने पर लगेगा भारी जुर्माना : नगर प्रशासक

डोमचांच (कोडरमा)। नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्रों को व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर पंचायत के दुकानों के बाहर अतिक्रमण करने को लेकर प्रशासक सह अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि अतिक्रमण नही हटाने पर भारी जुर्माना वसूला जाएगा। विदित हो की कुछ दिनों पूर्व ही अतिक्रमण के कारण सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी। नगर पंचायत डोमचांच के द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र में अधिकतर दुकानदारों ने अपने दुकान के बाहर सड़क तक सामान रख रखा है, जिससे आवागमन मे समस्या उत्तपन्न होती है और ट्रैफिक भी अव्यवस्थित हो जाती है। शीघ्र ही पुलिस बल एवं दंडाधिकारी के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रारंभ किया जाएगा। प्रशासक ने कहा कि अतिक्रमण अभियान ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और सफाई बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर चलाया जाएगा।

डीवीसी चेयरमैन ने कोडरमा थर्मल पावर प्लांट का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। डीवीसी के चेयरमैन एस सुरेश कुमार ने जिले के दौरे पर आए। इस दौरान उन्होंने कोडरमा थर्मल पावर प्लांट का निरीक्षण किया और डीवीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं उन्होंने थर्मल पावर प्लांट में 1600 मेगावाट के एक्सटेंशन यूनिट, सोलर पावर प्लांट और तिलैया डैम में फ्लोटिंग पावर प्लांट का निरीक्षण किया। बता दें कि फिलहाल कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के दो यूनिट से 500-500 मेगावाट और सोलर प्लांट से 6 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है और जल्द ही इस प्लांट में 800-800 मेगावाट की दो यूनिट स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा तिलैया डैम में पानी के ऊपर फ्लोटिंग पावर प्लांट का भी निर्माण किया जाना है, जिसकी क्षमता 600 मेगावाट होगी। इसके अलावा प्लांट के लिए स्थाई ऐश पॉन्ड का भी निर्माण किया जा रहा है। बैठक के दौरान डीवीसी के चैयरमैन ने अधिकारियों को प्लांट के आसपास के गांवों में सौर ऊर्जा आधारित उपकरण लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने का भी निर्देश दिया। वहीं अधिकारियों के साथ बैठक के बाद डीवीसी चैयरमैन ने निर्माणाधीन ऐश पॉन्ड का जायजा लिया और विस्थापितों के साथ भी कई मुद्दों पर चर्चा की। वहीं मीडिया से बात करते हुए डीवीसी चैयरमैन एस सुरेश कुमार ने कहा कि आने वाला समय रिनुअल एनर्जी का है, जिसे देखते हुए प्लांट में 10 मेगावाट क्षमता वाले सोलर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे फिलहाल 6 मेगावाट बिजली उत्पादित की जा रही है। इसके अलावे डीवीसी के कार्यालय और प्लांट के तमाम क्वार्टर की छतों पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं, लेकिन इसके लिए आसपास के ग्रामीण और विस्थापितों को भी आगे आना होगा। वहीं उन्होंने बताया कि 1600 मेगावाट प्लांट एक्सटेंशन को लेकर टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है और वित्तीय अनुमति भी मिल गई है. फरेस्ट क्लीयरेंस और ऊर्जा मंत्रालय की स्वीकृति के साथ ही जल्द से जल्द नई यूनिट लगाने के कार्य भी शुरू कर दिए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि तिलैया डैम में पानी की सतह पर लगने वाले 600 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग पावर प्लांट में 155 मेगावाट प्लांट लगाने के लिए टेंडर निकाला जा चुका है।

बाजार में हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग बासोडीह बाजार स्थित गणेश मंदिर के समीप बीते 19 जून की देर शाम में दो मोटरसाइकिल सवार आपस में झगड़ रहे थे। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। वहीं पुलिस ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने को लेकर युवक को गिरफ्तार कर थाना ले गये। मामले को लेकर घटना की शाम गश्ती पर निकले एसआई रौशन कुमार द्वारा दिये आवेदन पर उक्त युवक पर कार्रवाई की गई। आवेदन में एसआई ने कहा कि गणेश मंदिर के समीप दो मोटरसाइकिल सवार आपस में झगड़ा करने की सूचना मिली इसकी सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर जब मैं अपने सशस्त्र बल के साथ वहां पहुंचा तो देखा कि बीच सड़क पर एक युवक मोटरसाइकिल खड़ा कर हंगामा कर रहा है। सशस्त्र बल व मेरे द्वारा युवक को समझाने की कोशिश किया गया, मगर वह नहीं माना। वहीं युवक ने चौकीदार का बेटा बताकर मुझे भी गाली गलौज करते हुए मेरा कॉलर पकड़कर धक्का-मुक्की एवं हाथापाई करने लगा।

एक नजर में

मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने को लेकर किया गया जागरूक

जयनगर (कोडरमा)। परियोजना उच्च विद्यालय जयनगर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दशम के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं प्रधानाचार्य लक्ष्मी प्रकाश ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने को लेकर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के रोक-थाम/दुरुपयोग हेतु विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के द्वारा आमजनों को मादक/नशीली पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए पेंटिंग व क्विन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी।

आकांक्षा परीक्षा में संतोष का चयन, विद्यालय परिवार में हर्ष

चंदवारा (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत आकांक्षा परीक्षा में आरागारो पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय जौंगी के छात्र संतोष कुमार पिता मेघलाल पण्डित का चयन मेडिकल स्ट्रीम में हुआ। वहीं राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम के तहत कक्षा दशम उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से आकांक्षा परीक्षा के द्वारा चयनित 50 विद्यार्थियों को राज्य प्रशासन द्वारा निःशुल्क मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं क्लैट की कोचिंग दी जाती है, जिससे वे इंजीनियरिंग, क्लैट विद्यार्थी मेडिकल की प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आकांक्षा परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों के दो वर्ष तक कोचिंग के साथ रहने व खाने की निःशुल्क व्यवस्था दी जाती है। बताते चलें कि कोडरमा जिला में मेडिकल स्ट्रीम में कुल दो विद्यार्थी का चयन हुआ है।

मत्स्य केसीसी शिविर का आयोजन

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत अरकोशा में गुरुवार को मत्स्य केसीसी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार, शाखा प्रबंक बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो सुशील कुमार, सहायक बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो दिव्यांशु चक्रवर्ती भारतीय स्टेट बैंक शाखा मरकच्चो के सहायक ऋतिक सिन्हा, जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। केज में मत्स्य पालन में हो रहे किसानों को आर्थिक कठिनाइयों से निजात दिलाने हेतु ऋण शिविर का आयोजन किया गया।

अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त

मरकच्चो (कोडरमा)। एसडीओ रिया सिंह, डीएमओ दरोगा राय एवं सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त किया। बताते चलें कि एसडीओ व डीएमओ मरकच्चो क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे, इसी दौरान मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित गुरहा के पास अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को रूकवा कर बालू संबंधित कागजात की मांग किया गया। जहां ट्रैक्टर चालक के द्वारा कोई कागजात नही दिखाया गया। जहां दोनों ट्रैक्टर को जब्त करते हुए आगे की कारवाही के लिए मरकच्चो थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

उपद्रवियों ने विद्यालय के शौचालय, रनिंग वाटर तोड़कर किया छतिग्रस्त

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत पंचायत नावाडीह के बहादुरपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहादुरपुर के प्रधानाचार्य सुशील राम ने मरकच्चो थाना में 18 जून को एक लिखित आवेदन देकर उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दिये गये आवेदन में कहा कि विद्यालय में छुट्टी होने के बाद विद्यालय के कमरा, शौचालय सभी को अच्छी तरह से बंद कर दिया गया था, इसके बाद विद्यालय खुला परन्तु झारखंड सरकार ने अत्यधिक गर्मी के कारण पुनः 12 जून से 15 जून तक विद्यालय बंद रखने की घोषणा की गई। लगातार अवकाश रहने के कारण विद्यालय 18 जून को खुला तो देखा कि विद्यालय का शौचालय के दरवाजा को उपद्रवियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा रनिंग वाटर का बोर्ड, नल वगैरह तोड़ कर फेक दिया।

कुल 75.78 करोड़ के योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। झारखंड सरकार के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कुल 75.78 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया, जिसमें आरईओ विभाग की 4 योजनाएं, आरईओ की 5 योजनाएं, भवन प्रमंडल की 2 योजनाएं, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की 23 योजनाएं, पथ प्रमंडल की 1 योजना, पीएचईडी की 7 योजनाएं, जिला परिषद की 189 योजनाएं और भवन निर्माण निगम की 1 योजना शामिल हैं। मंत्री ने प्रशिक्षण सह कौशल विकास केंद्र (डीएमएफटी) से कुल 566 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया, जिसमें बकरा विकास योजना के तहत 5 लाभुकों को 94717 रुपये, सीएमईजीपी योजना के तहत 10 लाभुकों को 250000 रुपये, जेएसएलपीएस अंतर्गत सीआईएफ योजना के तहत 551 लाभुकों को 21644717 रुपये, सर्वजन पेंशन योजना के तहत 10 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, दिव्यांग उपकरण योजना के तहत 2 लाभुकों को ट्राइ साइकिल और अबुआ आवास योजना के तहत 5 लाभुकों को स्वीकृति पत्र शामिल हैं। मंत्री ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए जिला जन संपर्क कार्यालय, चतरा द्वारा तैयार किए गए नशा मुक्ति एलईडी प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया।

मंत्री ने विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं का विभागवार किया समीक्षा

योजना धरातल पर दिखे, मै स्वयं करूंगा निरीक्षण: मंत्री सत्यानन्द भोक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। प्रशिक्षण सह कौशल विकास केन्द्र (डीएमएफटी) में राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने जिले के अधिकारियों के साथ विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने 10 जुलाई तक टेंडर हो चुके लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुए योजनाओं के कार्यों को शुरू करने का निर्देश दिया और लापरवाह संवेदकों पर कार्रवाई करने को कहा। अबुआ आवास योजना में किसी भी तरह की अनियमितता न हो, पात्र लोगों को लाभ मिले और बिचौलियों द्वारा ठगी न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा अंतर्गत नल जल योजना की समीक्षा में जुडको द्वारा पाईप लाईन बिछाने से जर्जर हुई सड़कों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा को 10 जुलाई तक खराब पड़े चापानलों की मरम्मत एवं आवश्यकता अनुसार नये चापानल लगाने को कहा। बढ़ते तापमान के बीच शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद चतरा के कार्यपालक पदाधिकारी और पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के कार्यपालक अभियंता को सभी आवश्यक तैयारी करते हुए शहरी क्षेत्रों पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। भेड़ी फार्म के गहरीकरण और डहुरी डैम से वैकल्पिक जलापूर्ति पर भी चर्चा की गई। लघु सिंचाई विभाग को टेंडर प्रक्रिया में चल रही 12 योजनाओं में गति लाने को कहा। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की समीक्षा में 3756 लक्ष्य के मुकाबले 3975 स्वीकृत योजनाओं में से 3376 पर काम चलने की जानकारी दी गई।बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा में उन्होंने कहा कि यह योजना धरातल पर दिखे, वे स्वयं योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की भी समीक्षा की गई और मानव

दिवस सृजन, मनरेगा योजना में मशीन उपकरण का प्रयोग न करने को कहा गया। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम के लिए प्रखण्ड ईटखोरी, गिद्धौर, टण्डवा हेतु आंवटन प्राप्त है और शीघ्र ही कार्य शुरू करा लिया जाएगा। कब्रिस्तान योजना के तहत 40 कब्रिस्तान की घेराबंदी का कार्य प्रगति पर है और पूर्ण हो चुके कब्रिस्तानों के भुगतान का कार्य 10 जुलाई तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। बिरसा आवास, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और वनाधिकार पट्टा योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि योजनाओं में खानापूर्ति न करें और अनुमंडल पदाधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें। पेंशनधारियों के मासिक भुगतान से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करने और वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालन व गव्य विभाग को शत-प्रतिशत लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया है। कौशल विकास के तहत युवक-युवतियों को रोजगार देने के लिए प्रशिक्षण के बाद जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिलता, तब तक युवकों को 1000 रुपये और युवतियों को 1500 रुपये की राशि दी जा रही है। भूमि मोटेशन के समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश दिए गए कि जमीन से संबंधित किसी भी घटना पर अंचल अधिकारी और कर्मचारी पर कार्रवाई होगी। जमीन के मामले में फर्जी दस्तावेजों की गंभीरता से जांच करने और मोटेशन के मामलों को लंबित न रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही हल्का कर्मचारियों को स्थानांतरण करने का निर्देश दिया गया। जेल, श्रम विद्यालय और समाहरणालय बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को एक जगह पर काफी समय से प्रतिनियुक्त एएनएम नर्स, चिकित्सक का भी स्थानांतरण करने का निर्देश दिया गया। विद्युत की समस्याओं पर उन्होंने कहा कि जिस गांव में अभी तक विद्युत बहाल नहीं है, वहां विद्युत बहाल कराएं। डाढ़ा पावर ग्रिड के संचालन में वन क्षेत्र के कारण हो रही समस्याओं के समाधान के लिए वन प्रमण्डल पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

सरकारी अस्पताल में झोलाछाप डॉक्टर का खुलासा

3 हजार महिलाओं की बंध्याकरण ऑपरेशन करने का दावा, वीडियो हुआ वायरल

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। यूट्यूब देखकर झोला छाप सर्जन डॉक्टर चंदन ने एक वीडियो में खुलासा किया है कि उसने सरकारी अस्पताल में अब तक 3 हजार से ज्यादा बंध्याकरण ऑपरेशन फ्री में किया हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि आखिरकार किसके संरक्षण में जान से खिलवाड़ करने का इजाजत दी गई। इतनी बड़ी लापरवाही किस अधिकारी ने किया कि बिना डिग्री के इस झोला छाप डॉक्टर ने महिलाओं का बंध्याकरण किया। इतना ही नहीं इसने यह भी दावा

आखिर किसके संरक्षण में सरकारी अस्पताल में जान से खिलवाड़ करने की मिली इजाजत, बड़ा सवाल?

किया है कि कुल 5000 ऑपरेशन मैने किया है। यह झोलाछाप डॉक्टर महिलाओं के जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि झोला छाप सर्जन डॉक्टर चंदन को स्वास्थ्य विभाग से संरक्षण प्राप्त है तभी सरकारी अस्पताल में ऑपरेशन का दावा कर रहा है।

उसने वीडियो में यह भी कहा है कि यूट्यूब पर 20 मिनट में ही ऑपरेशन की प्रक्रिया दिखा दिया पर उसी वीडियो को लगातार 3 घंटे देखने के बाद मुझे गोल ब्लाडर जैसे मुश्किल ऑपरेशन में सफलता मिली। यह मामला सिविल सर्जन के संज्ञान में है या फिर उनके संरक्षण में यह सब हो रहा है, यह जांच का विषय है। डॉक्टर चंदन ने यह भी खुलासा किया है कि उसने इंटर की डिग्री लेने के लिए 13 लाख रुपये खर्च किए हैं और राजस्थान के एक कॉलेज से एक महीने में ही डिग्री मिलने वाला है । अब सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि बिना पढ़ाई के कौन सा कॉलेज है जिसने इअटर की डिग्री चंदन को देने जा रहा है । हालांकि यह डिग्री मिलने के बाद बंध्याकरण और हाइड्रोसिल ऑपरेशन की मान्यता मिलने का दावा कर रहा है । वह बिहार और झारखंड के कई निजी नर्सिंग होम में ऑपरेशन कर रहा है और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मौन है।

जबरन दुष्कर्म के आरोपी को 16 वर्ष सश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। डोमचांच थाना कांड संख्या 13/2024 एसटी 52/2024 लकड़ी चुने गई बिरहोरीन महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी 40 वर्षीय संजय बिरहोर पिता मंगर बिरहोर ग्राम जिओरायडीह थाना डोमचांच निवासी को आईपीसी की धारा 376 (2)(एन) के तहत दोषी पाते हुए 16 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना

की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया। वहीं लोक अभियोजक पीपी ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से एलएडीसीएस की अधिवक्ता ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

पुलिस ने डॉक्टर पुत्र के अपहरण मामले का किया खुलासा, छह अपराधी गिरफ्तार

एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस ने देवरी के चतरो निवासी डॉ लक्ष्मण दास के पुत्र पवन दास के अपहरण मामले का खुलासा कर दिया है। वहीं इस कांड में शामिल सभी छह अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बात की जानकारी गुरुवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी।

एसपी ने बताया कि बीते 13 जून को देवरी थाना क्षेत्र के चतरो निवासी डॉ लक्ष्मण दास के पुत्र पवन दास का अपहरण अपनी दुकान से घर लौटने के क्रम में कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा किया गया था। घटना के बाद वादी डॉ लक्ष्मण दास के द्वारा थाना में लिखित आवेदन दिया गया। कांड के उदभेदन एवं अनुसंधान के लिए एसपी के निर्देश पर खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया।

गुप्त सूचना एवं तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर अपहृत युवक पवन कुमार दास को बाइक सहित सकुशल बरामद किया गया है। इस मामले में कुल छह अपराधी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में जमुआ जरूआडीह चचघरा का रहने वाला 20 वर्षीय महेश कुमार वर्माए गिरिडीह पचंबा के जगपतारी का रहने वाला 25 वर्षीय सद्दाम अंसारीए नवडीहा ओपी सियाटांड बेरहाडीह बघईडीहद्ध का रहने वाला 26 वर्षीय राज कुमार वर्माए गावां के पिहरा मानपुर का 20 वर्षीय मो मोजफ्फरए देवरी चतरो टुहियो का 26 वर्षीय संजय पासवानए कोसोगोंदो दिघी का 36 वर्षीय संजय राम शामिल हैं।

गिरफ्तार इन सभी अपराधियों के पास से पुलिस ने 7ण66 एमएम का लोडेड एक देशी पिस्टल तथा 03 अदद जिंदा गोलीए अपहरण की घटना में प्रयुक्त मारूती ओमनी वैनए अपहृत युवक का ग्लैमर बाइकए छह मोबाइलए वहीं घटना व रेकी में प्रयुक्त अपराधकर्मियों का तीन बाइक बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि बरामद मारुती ओमनी भैन को इन्हीं अपराधियों के द्वारा बीते 4 जून पचंबा थाना क्षेत्र के सुग्गासार से लूटा गया था।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधकर्मियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और इन सभी का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है।

टीम मे शामिल लोग

टीम में जमुआ अंचल के पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह गावां अंचल के पुलिस निरीक्षक पास्कल टोप्पो गिरिडीह नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पचंबा थाना प्रभारी मंटू कुमार मुफ्फसिल थाना पुलिस अवर निरीक्षक सतेंद्र कुमार पाल, देवरी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू, गणेश कुमार यादव, जमुआ थाना पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, नवाडीहा ओपी के पुलिस अवर निरीक्षक सह प्रभारी दीपक कुमार, हिरोडीह थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी धमेंद्र कुमार अग्रवाल, लोकायनयनपुर थाना पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज कुमार, धनवार थाना पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी नंदू कुमार पाल, सहायक आरक्षी विनय कुमार एवं सशस्त्र बल और तकनिकी शाखा के टीम को शामिल करते हुए छापामारी की गई।

एक नजर में

मन की स्थिति को बदलने की क्षमता रखता है योग : सीईओ

मैथन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को मैथन पावर लिमिटेड एमपीएलद्ध के सीईओ विजयंत रंजन ने योग की महता को बताते हुए अधिकारियों कर्मियों सहित आम जनों से प्रतिदिन योग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति है। इसी विद्या के बल पर भारतवासी प्राचीन काल में सुखी समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते थे। योग न सिर्फ मन की स्थिति को बदलने की क्षमता रखता है बल्कि आंतरिक स्वतंत्रता प्रदान करता है। योग हमें संघर्षों का सामना करने व पूर्वाग्रहों से निकलने में मदद करता है। सीईओ श्री रंजन ने कहा है कि योग हमें ऐसी तकनीकें देता है जिससे हम तनाव मुक्त जीवन जीने में सक्षम होते हैं। जब हमारे अंदर उर्जा और उत्साह होगा तभी हम चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। प्रसन्नता के लिए योग एक उत्तम मार्ग है। यही वजह है कि योग आज शांत प्रसन्न और रचनात्मक का पर्याय बन गया है। योग हमें मन की स्पष्टता प्राप्त करने में मदद करता है। जिससे हम एक दूसरे की ऊर्जा को ठीक तरह से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि योग हमें संघर्षों का समाधान करने व पूवाग्रहों से निकलने में मदद करता है। योग मन की स्थिति को बदलने की क्षमता रखता है तथा आंतरिक स्वतंत्रता प्रदान करता है।

तिसरी प्रखंड मुख्यालय में रक्तदान शिविर

गिरिडीह। तिसरी प्रखंड मुख्यालय में जिला हेल्थ सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। जिला हेल्थ सोसायटी रक्तदान प्रभारी डॉक्टर सोहेल अख्तर, बीडीओ मनीष कुमार, तिसरी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर देववर्थ उपस्थित थे। शिविर में कार्यालय कर्मियों के अलावे अन्य लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में लगभग 30 यूनिट रक्त संग्रह किया। मौके पर बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान माना जाता है। इसलिए सभी लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मानवता के प्रति हर कोई को साक्षी बनना चाहिए। कहा कि 18 वर्ष से उपर का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करने के लिए सक्षम रहते हैं। वहीं जिला प्रभारी सोहेल अख्तर ने कहा कि रक्तदान करने से अलग अलग तरह की बीमारी दूर होती है। हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए इसी के दृष्टिकोण से सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कहा कि जिले के सभी प्रखंडों और जिला में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में डॉक्टर देववर्थए बीपीओ संजय चौधरीए राजन कुमारए समाजसेवी सुनील यादव सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा। विभिन्न नारों के उद्घोष के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।

डीएवी पब्लिक स्कूल में चला स्वच्छता पखवाड़ा

गिरिडीह। सीसीएल के आदेश के आलोक में सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। इस दौरान प्रथम दिवस में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओपी गोयल ने सभी शिक्षक .शिक्षिकाओंए कर्मचारी एवं विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलाई। विद्यालय परिसर में स्वस्थ और ताजा वातावरण बनाए रखने के लिए सफाई वक्तव्यों का पालन करने के लिए अभियान की शुरूआत हुई। प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में कार्यस्थल और दैनिक जीवन दोनों में स्वच्छता बनाए रखने में व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान प्रमुख रूप से स्कूल को प्लास्टिक मुक्त व थूकना मुक्त क्षेत्र रखने पर विशेष बल दिया गया जैसा कि कोरोना काल में देखा गया था कि जहां-तहां थूकने से कोविड संक्रमण फैलने का डर होता था। इसका मुख्य उद्देश्य सफाई के साथ-साथ बीमारी से बचना भी है। इस दौरान बच्चों ने हिंदी एवं अंग्रेजी व्याख्यान के माध्यम से सभी को स्वच्छता के विषय में जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

बेंगाबाद में थाना समाधान दिवस

गिरिडीह। बेंगाबाद थाना परिसर में गुरुवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया अंचलाधिकारी और बेंगाबाद थाना प्रभारी के द्वारा आमजनों की शिकायतों और समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी द्वारा बताया गया कि आमजन को न्याय दिलाने के लिए सरकार लगातार थाना समाधान दिवस का आयोजन करा रही है।आमजन को तुरंत न्याय दिए जाने के लिए समाधान दिवस का आयोजन हो रहा है। समाधान दिवस में आने वाली शिकायतें समय सीमा के भीतर निस्तारित की जाए। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी ने कहा कि आमजनों की शिकायतों को देखते हुए प्रत्येक थाना में थाना समाधान दिवस का आयोजन कर आमजनों की शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। इस दौरान कई लोगों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया।

पुलिस ने मोबाइल चोर गिरफ्तार कर जेल भेजा

मैथन। कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिवलीबाड़ी दक्षिण पंचायत भवन के पास छापेमारी कर एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर से पूछताछ करने के बाद गुरुवार को धनबाद जेल भेज दिया गया। मोबाइल चोर के पास से रेडमी एवं ओप्पो कम्पनी का दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है। इस संबंध में कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में लगातार मोबाइल फोन की चोरी की घटनाएं घटने की सूचनाएं मिल रही थी। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुप्तचरों की मदद से टीम गठित कर छापेमारी की गई। गिरफ्तार मोबाइल चोर ने पूछताछ में अपना नाम अभिषेक कुमार प्रसाद बताया जो बाघाकुड़ी कालीमंदिर कुमारधुबी का रहनेवाला है। बताया कि जब्त मोबाइल फोन हटिया-गोरखपुर मोर्या एक्सप्रेस ट्रेन से कुमारधुबी स्टेशन पर चोरी करने की बात स्वीकार किया है और वह मोबाइल फोन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में उसने अन्य कई मोबाइल फोन चोरों का नाम बताया हैए जिसे जल्द ही पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

काली मंदिर का वार्षिक समारोह

जोड़ापोखर। जोड़ापोखर थाना के पीछे सुंदरनगर बस्ती स्थित काली मंदिर का छठा वार्षिक मन्दिर भवन निर्माण दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। 54 वर्ष से ही स्थानीय लोगों द्वारा एक बेदी पर मा काली की पूजा अर्चना किया जाता था। गुरुवार को को बस्ती के अलावा क्षेत्र के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। मां काली के दरबार में माथा टेकने धनबाद के सांसद ढुलू महतो झरिया के विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी पहुंच कर मा का आशीर्वाद प्राप्त किया है। दोनों ने धनबाद एवम झरिया वासियों की सलामती की दुआ मांगी है। मंदिर के पुजारी दिलीप चक्रवर्ती एवम सौरभ चक्रवर्ती ने सुबह से ही मा का महापूजा हवन आरती पुष्पांजलि अर्पण भक्तों ने किया इस अवसर पर सुंदर कांड का आयोजन किया गया। पाठ में कई भजन कर्ता ने भाग लिया जिसमें क्षेत्र के भजन कीर्तन मंडली ने भाग लिया है। आयोजन मंडली में देव कुमार दता, गणेश केशरी, बचु बनर्जी, विजय साह, प्रदीप मुखर्जी, सुनील मिश्रा आदि शामिल है।

स्पीड न्यूज

लोदना कल्याण समिति की बैठक

जोड़ापोखर। लोदना क्षेत्रीय गेस्ट हाउस में लोदना कल्याण समिति कि बैठक में श्रमिको की आवास मरम्मती अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पर चर्चा हुई। बैठक में प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक दिलीप भगत एरिया सिविल अभियंता मुकेश कुमार सीएमओ मलय थे प्रबंधन ने अपनी साकारात्मक रुख के साथ प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगो को पूरा किया जाएगा। मुख्य रूप से गणेश पासवान के आवास मरम्मती का मुद्दा छाया रहा। मौके पर कल्याण समिति के उचित महतो महेंद्र देव, धर्मेन्द्र राय, मनोहर सिंह, विजय यादव, बिहारीलाल चौहान, मिथिलेश पासवान, केलबिन तिर्की आदि थे।

गोविंदपुर बाजार में आज दिन में नहीं रहेगी बिजली

गोविंदपुर। गोविंदपुर बाजार फीडर के कई क्षेत्रों में शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि इस दौरान इस फीडर से संबंधित मेंटेनेंस कार्य पुराने तार की चेंजिंग और पेड़ के टहनियों की कटाई-छटाई का कार्य किया जाएगा। इस कारण गोविंदपुर गांव भीतर टुंडी रोड, गांधी मेला पथ, वनकाली कलाली मोड़ हाई स्कूल के आस पास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

मुराईडीह कॉलोनी में जर्जर विद्युत तार को बदलने की मांग

कतरास। बीसी सीएल बरोरा क्षेत्र के आवासीय कॉलनी स्थित क्वार्टर संख्या 575 से लेकर 720 के बीच एवं कॉलनी के अन्य स्थानों पर जर्जर कंडकटर वायर बदलने को लेकर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के क्षेत्रीय सचिव देवानंद राजभर ने बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर इस संदर्भ में अविलम्ब कार्रवाई की मांग की है। महाप्रबंधक को प्रेषित पत्र में कहा गया है की मुराईडीह कॉलोनी में लगा विधुत तार जर्जर होकर प्राय टूट कर गिरता रहता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। तार में करंट से यहाँ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।

योग दिवस पर भाजपा की तैयारी पुरी

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। दसवां योग दिवस भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर में भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह बाते भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण रॉय ने जिला कार्यालय में बैठक कर कही। उन्होंने कहा कि पार्टी का संगठन कार्य हमेशा चलता रहता है। योग दिवस के प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून को नियुक्त किया गया है। पार्टी महानगर के सभी 17 मंडल एसात मोर्चा और प्रकोष्ठ योग दिवस मनाएंगे। उन्होंने बताया पार्टी पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से एक पखवाड़े का मनाएगी। एक पखवाड़े के कार्यक्रम में विचार गोष्ठी तथा पन्ना प्रमुख स्तर तक के सभी कार्यकर्ता एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम करना है। जिसमें अपनी मां के साथ पेड़ लगाना है। इस पखवाड़ा के दौरान जितने भी कार्यक्रम होंगे सभी कार्यक्रम वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ प्रारंभ होंगे। 25 जून को आपातकाल लगा था उसे दिन को काला दिवस के रूप में मनना है। इस कार्यक्रम के लिए जिला महामंत्री रवि सिन्हा को प्रभारी मनोनीत किया है। 30 तारीख से पूर्व की भांति प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी मन की बात कार्यक्रम करेंगे। जिसे भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिले के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर सुनेंगे।

80 जिन्दा कसरतूस के साथ एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। पति पत्नी के विवाद में जब पत्नी की शिकायत पर पुलिस पड़ताल करने पति के फ्लैट पर गयी तो अलमिरे में मिले 80 कारतूस को देख हतप्रभ रह गयी। इस संबंध में सिटी एसपी अजीत कुमार के कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था दीपक कुमार भी उपस्थित थे। प्रेस वार्ता के दौरान सिटी एसपी ने बताया कि 19 जून 2024 को स्वाती कुमारी पति राहुल कुमार सिंह जो की अनन्या अपार्टमेंट फलैट नं0. 402 स्टील गेट थाना सरायढेला जिला धनबाद के द्वारा सूचना मिला था की उनके पति द्वारा मारपीट किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस फ्लैट नं0 402 अनन्या अपार्टमेंट पहुंची और गेट खुलवाया तो स्वाती कुमारी रोते हुए बोली कि पति मारपीट करता है और जेवर चुराने का आरोप लगाता है। स्वाती बोली कि घर में जेवर खोजे नहीं मिला। राहुल कुमार सिंह के कमरा में अलमीरा है जिसका चाभी राहूल कुमार ही रखता है और किसी को नही देता है। अगर राहुल कुमार सिंह के अलमीरा को खोला जाएगा तो संभवतः जेवर मिल सकता है। पुलिस के द्वारा राहुल को समझाने के उपरांत राहुल खुद अलमीरा के पास रखे चाभी से खोल कर दिखाने लगा तो देखा गया कि वह एक छोटे बैग को छिपाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस द्वारा पूछा गया कि बैग में क्या है तो वह अपने कमरा से भागने का कोशिश किया लेकिन पुलिस की उपस्थित रहने के कारण नही भाग पाया। उक्त बैग को खोला गया तो उसमें कुल 80 जिन्दा कारतुस बरामद हुआ। इस संदर्भ में कोई वैध कागजात नही दिखाया गया तदोउपरांत विधिवत जप्ति सूची तैयार किया गया। जिसके बाद सरायढेला पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

आईआईटी, आईएसएम में एनीमिया पर जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। आईआईटी, आईएसएम में गुरूवार को एनीमिया बीमारी, सिकल सेल रोगद्ध को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के कर्मचारी और उनके बच्चों ने भाग लिया। एसएनएमएमसीएच के डॉ रवि आर झा ने इस बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक अनुवांशिक बीमारी है। यह बच्चों के साथ साथ वयस्को में भी होता है। हमारे शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं के ज्यादा मात्रा में नष्ट होंने के कारण इन कोशिकाओं का आकार सिकल, अर्धचंद्राकार हो जाता है। इस एनीमिया भी कहा जाता है। इस बीमारी के प्रमुख लक्षण है। बुखार, हड्डी, छाती और पेट में दर्द, सांस लेने में परेशानी। लंबे समय तक इस बीमारी के रहने से मस्तिष्क किडनी, हड्डी एवं अन्य अंगों का नुकसान होता है। लेकिन सही जांच और समय पर उपचार से यह ठीक भी हो जाता है। वहीं डॉ पी कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने सभी को 2047 तक एससीडी के उन्मूलन के लिए भारत सरकार के मिशन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आईआईटी, आईएसएम के रजिस्टार प्रबोध पांडे, प्रोफेसर संजय मंडल, एसोसिएट डीन, छात्र गतिविधियां आदि उपस्थित थे।

श्मशान घाट बचाने को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व मुखिया का आंदोलन समाप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

मैथन। निरसा क्षेत्र के महामाया मंदिर के समीप पुसोई नदी के किनारे स्थित श्मशान घाट को बचाने तथा उसके सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर पांड्रा पश्चिम पंचायत के पूर्व मुखिया रोविन धीवर भूख हड़ताल तीसरे दिन गुरुवार को समाप्त हो गया। निरसा बीडीओ इंद्रलाल कुमार के साथ आंदोलनकारियों का सकारात्मक वार्ता के बाद पूर्व मुखिया ने अपना भूख हड़ताल समाप्त किया। वार्ता के दौरान बीडीओ श्री कुमार ने आश्वासन दिया कि श्मशानघाट नहीं हटाया जाएगाए बल्कि उसका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। बता दें कि पूर्व मुखिया रॉबिन नाथ धीवर ने झारखंड ग्रामीण उन्नयन समिति के बैनर तले निरसा प्रखंड कार्यालय परिसर में अनिश्चितकाल के लिए भूख हड़ताल पर बैठे थे। जिसे वार्ता के बाद बीडीओ ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त कराया। पूर्व मुखिया रोविन धीवर ने कहा कि ठोस आश्वासन मिलने के बाद अपना आंदोलन समाप्त कर रहा हूं। लेकिन भविष्य में आश्वासन को धरातल पर नहीं उतारा गयाए तो वे फिर से आंदोलन करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस श्मशान घाट पर पांड्रा पुरब पांड्रा पश्चिम खुशरी उपचुरिया पंचायत के लोगों ने वर्षों से अपने सगे संबंधियों का अंतिम संस्कार करने के लिए आते हैं। जिसे एक साजिश के तहत उसका अस्तित्व समाप्त किया जा रहा है।

ग्रामीण बैंक में लगी आग से लाखों का नुकसान

कुमारधुबी। कुमारधुबी बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में बुधवार को देर रात करीब आग लग गई। वही आसपास के ग्रामीणों ने बैंक से धुआं व आग की लपटें निकलते देखाए तो कुमारधुबी पुलिस व बैंक कर्मियों को जानकारी दी। देखते देखते लोगों की भीड़ जुट गई और सभी स्थानीय लोग मिलकर आग बूझाने के प्रयास करने लगे। सूचना मिलते ही कुमारधुबी पुलिस एवं बैंक कर्मी मौके पर पहुंच चुके थे। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। आग लगने की सूचना पर मैथन से सीआईएसएफ के फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी थी तब तक स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था। बैंक मैनेजर रवि जायसवाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगा है।

सिंह मेंशन समर्थक की पत्नी का निधन

सिंदरी। सिंदरी के कल्पना टाकीज सिनेमाघर प्रबंधक सह सिंह मेंशन समर्थक वशिष्ठ नारायण सिंह की धर्मपत्नी राजकुमारी देवी का निधन धनबाद के वास्तु विहार स्थित उनके पुत्र के आवास पर गुरुवार को हो गया। वह कुछ महीनों से बीमार चल रही थीं। इसको लेकर समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई है।

शिवाजी ने निराशा भरे हिंदू समाज को जागृत कर मुगलों को किया था परास्त

खबर मन्त्र संवाददाता

हिंदू साम्राज्य दिवस पर शिवाजी को किया याद

मैथन। निरसा प्रखंड क्षेत्र के रंगामाटी पंचायत के चारघरा बजरंगबली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिन्दू साम्राज्य दिवस मनाया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिवाजी महाराज के चित्र पर फूलमाला चढ़ाई गईं। मौके पर धर्म जागरण प्रमुख विश्वनाथ पांडे ने कहा कि यह बहुत ही गौरवमयी दिन है। इसी दिन मुगलों को परास्त कर शिवाजी महाराज लौटे थे और उनका सम्राट के रूप में राज्याभिषेक हुआ था। इसी दिन से प्रत्येक वर्ष छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक को हिन्दू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने शिवाजी के विचारों प्रति कृतज्ञता जताई। कहा कि छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक केवल किसी व्यक्ति विशेष के सिंहासन पर बैठने की घटना भर नहीं थी। बल्कि वह समाज और राष्ट्र की भावी दिशा तय करने वाली एक युगांतकारी घटना थी। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को हिन्दू साम्राज्यए संस्कृति सभ्यता और सौहार्द के प्रति जागरूक करना है। इस बारे में आरएसएस का मत है कि जिस दिन महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ उस दिन से हिंदू साम्राज्य की पुनर्स्थापना हुई है।

शिवाजी के संघर्ष पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम में युवाओं को बताया गया कि शिवाजी ने मात्र 15 वर्ष की आयु में अपने कुछ साथियों के साथ बीजापुर के सुल्तान की सेना को परास्त कर दिया था। बिना संसाधनों के उन्होंने अपने जीवन में 276 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की। साधनविहीन शिवाजी ने साधन संपन्न शक्तिशाली खूंखार मुगलों को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे शिवाजी महाराज का हिंदू समाज ऋण कभी नहीं उतार पाएगा। शिवाजी महाराज अद्वितीय क्षमता और विद्वत्ता के धनी थे। उन्होंने निराशा भरे हिंदू समाज को जागृत कर मुगलों को परास्त किया। छह लाख वर्ग किलोमीटर भूमि को स्वाधीन करवाया। शिवाजी उत्तर भारत में गुरु तेग बहादुर राजस्थान में राणा राज सिंह बुंदेलखंड में छत्रसाल असम में राजा चक्रवर्त सिंह एवं जयद्रथ सिंह के साथ निरंतर संपर्क में रहे। योजना बनाकर कार्य किया और परिणामस्वरूप 80 वर्षों में पूरा देश मुगलों से मुक्त हो गया था। इस मौके पर निरसा खंड प्रमुख खगेश ठाकुर, मुखिया कमला देवी, प्रभाष महतो, शुभम वर्णवाल, अमरेंद्र मिश्र, कृष्णंदन रवानी, अनूप मोदक, संजय सिंह, सदानंद गोराई, नव कुमार गोराई, राजकुमार सिंहए, मानिक गोराई, भीम महतो, चंद्रशेखर सिंह, सुशांतो मंडल, अमित झा, रविंद्रनाथ मुखर्जी आदि मौजूद थे।